■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 326
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
30 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1908:** खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका।

**1936:** महात्मा गांधी ने अपना आवास बदला और वर्धा में सेवाग्राम आश्रम रहने लगे।

**1991:** बांग्लादेश में भीषण चक्रवात में सवा लाख से अधिक लोगों की मौत और 90 लाख लोग बेघर।

**अपने लक्ष्य को बड़ा सोचो और उन्हें पाने के लिए दृढ़ संकल्प रखो।**

## संक्षिप्त समाचार

### स्पर्शाघात से दो युवकों की मौत

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना इंडस्ट्रियल एरिया धरमपुर की है, जहां एक एल्युमीनियम फैक्ट्री में काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान लहेरियासराय थाना क्षेत्र के गुदरी बाजार निवासी अरुण सिंह के रूप में हुई है। दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के दिल्ली मोड़ की है, जहां एक निर्माणाधीन मकान में लोहे की छड़ें पहुंचाते समय श्रवण पंडित नामक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक बहादुरपुर थाना क्षेत्र के आंकोपुर गांव का निवासी था।

### खगड़िया के अंचल अधिकारी निलंबित

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने खगड़िया सदर के अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार पाटिल पर कार्रवाई की है। उनपर काम में घोर लापरवाही बरते समेत कई आरोप हैं। बताया गया कि विभाग के अनुशासनिक प्राधिकार ने खगड़िया सदर के अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार पाटिल पर निलंबन की कार्रवाई की है। विभाग के संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। उनपर काम में घोर लापरवाही बरतने एवं राजस्व प्रशासन का कार्य नहीं संभाल पाने का आरोप है।

### जनता को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मंत्री ने की समीक्षा बैठक

# बिहार में 27,375 आशा कार्यकर्ताओं की शीघ्र होगी बहाली : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राज्य स्वास्थ्य समिति में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद कहा कि अगले तीन महीने के भीतर राज्य में 27,375 आशा कार्यकर्ताओं का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया जल्द ही शुरु कर दी जाएगी। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से होगा। इसके कार्यान्वयन का जिम्मा स्थानीय मुखिया को दी जाएगी। वहीं शहरी क्षेत्रों में होने वाले चयन में स्थानीय वार्ड पार्षदों की अहम भूमिका होगी। आगामी तीन महीने के भीतर ग्रामीण क्षेत्रों में 21 हजार 9 आशा एवं शहरी क्षेत्रों के लिए 5 हजार 316 आशा चयनित होंगे। साथ ही 1 हजार 50 आशा फैसिलिटेटर का भी चयन किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया तीन माह के भीतर पूर्ण कर ली जाएगी। आशा कार्यकर्ता सामुदायिक स्तर पर प्राथमिक देखभाल प्रदाताओं के रुप में कार्य करती हैं। श्री पांडेय ने संबंधित अधिकारियों को चयन की पूरी प्रक्रिया में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दिया। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार विभागीय बहालियों की प्रक्रिया जारी है। अब तक विभिन्न पदों के लिए 35 हजार 383 पदों के लिए विज्ञापन भी प्रकाशित किए जा चुके हैं। कई अन्य रिक्तियों पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सकों, मेडिकल ऑफिसर एवं आयुष चिकित्सकों सहित अन्य बहालियों की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। वहीं राज्य के अस्पतालों में दी जा रही डायलिसिस, (शेष पृष्ठ 10 पर)

# राज्य सरकार वैभव को देगी दस लाख रुपए की सम्मान राशि

■ सीएम नीतीश ने सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले वैभव को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईपीएल के इतिहास में 14 साल के सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बिहार के समस्तीपुर जिले के वैभव सूर्यवंशी को फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वैभव सूर्यवंशी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उनपर गर्व है। मेरी शुभकामना है कि वैभव सूर्यवंशी भविष्य में भारतीय टीम के लिए नये कीर्तिमान रचें और देश का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैभव सूर्यवंशी को राज्य सरकार की ओर से 10 लाख रूपए की सम्मान राशि देने की भी घोषणा की है। गौरतलब है कि वैभव ने पिछले साल 12 दिसम्बर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना के एक, अणे मार्ग में मुलाकात की थी। उस मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार ने वैभव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी।

# चयनित शिक्षकों का जल्द होगा योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग टीआरइ-3 परीक्षा में चयनित शिक्षकों की जॉइनिंग जल्द कराई जाएगी। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने जानकारी दी है कि सभी चयनित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। जल्द ही वे अपने-अपने विद्यालयों में योगदान देंगे। इससे पहले शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने भी एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने भरोसा दिलाया था कि इसी सप्ताह शिक्षकों की जॉइनिंग का आदेश जारी कर दिया जाएगा। डॉ. सिद्धार्थ ने यह भी स्पष्ट किया कि पोस्टिंग में विशेष ध्यान दिया गया है कि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है वहां प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति की जाए, ताकि बच्चों और शिक्षकों का अनुपात संतुलित रहे। बता दें कि नियुक्ति पत्र मिलने के बावजूद स्कूल आवंटन और जॉइनिंग नहीं होने से नाराज सैकड़ों चयनित अभ्यर्थियों ने 5 मई को पटना में प्रदर्शन करने (शेष पृष्ठ 10 पर)

# रिश्वत लेते कार्यपालक अभियंता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** बिहार में अवैध तरीके से पैसा कमाने वाले अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को मोतिहारी में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने योजना एवं विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार को 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। अभियंता पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य के भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। बताया जाता है कि निगरानी टीम ने यह कार्रवाई शहर के राजा बाजार स्थित इंजीनियर अजय कुमार के आवास पर की गई। ठेकेदार संतोष प्रसाद यादव ने 3 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट पर काम किया था, जिसके लिए पहली किस्त के रूप में 60 लाख रुपए का भुगतान होना था। इस भुगतान के एवज में कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने ठेकेदार से 3 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। ठेकेदार ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की। शिकायत के बाद निगरानी टीम ने मामले की जांच की और घूस की मांग को सही पाया। इसके आधार पर निगरानी विभाग ने एक विशेष टीम गठित की और जाल बिछाया। मंगलवार सुबह जब ठेकेदार संतोष प्रसाद यादव 2 लाख रुपए लेकर अजय कुमार के आवास पर पहुंचे। इसी दौरान मौके पर पहले से मौजूद निगरानी विभाग की टीम ने अजय कुमार पर दबिश दी। टीम ने अजय कुमार को (शेष पृष्ठ 10 पर)




सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

**अपील**

बाल श्रम उन्मूलन दिवस प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चे हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं एवं वे राष्ट्र के गौरवशाली परम्परा के संवाहक हैं। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार का काम कराना बाल श्रम है तथा यह कानूनन एक दण्डनीय अपराध है।

राज्य सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध एवं विनियमन हेतु '**राज्य कार्य योजना, 2017**' को मंजूरी दी गयी है। इसके अन्तर्गत बाल श्रम से विमुक्ति के पश्चात् सभी विभागों द्वारा आपसी सामंजस्य एवं समन्वय से बच्चों के पुनर्वास हेतु प्रावधान किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा बाल श्रम से विमुक्ति के लिए श्रम अधीक्षक के नेतृत्व में सभी जिलों में धावा दल का गठन किया गया है। जो व्यक्ति अथवा नियोजक बच्चों से काम लेते हैं, उनके विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 एवं अन्य कानूनों के अन्तर्गत कठोर कार्रवाई किये जाने का प्रावधान है।

बाल श्रम को रोकने में सरकार के साथ–साथ राज्य के नागरिकों एवं सभी हितधारकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी के प्रयास से इस कुरीति को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सकता है। आम जनमानस से हम यह भी आशा करते हैं कि वे बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-002270 (LRD)D. 2025-26





बिहार सरकार

**अपील**

मुख्यमंत्री
बिहार

आप अवगत हैं कि प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल **बाल श्रम उन्मूलन दिवस** के रूप में मनाया जाता है। बच्चे देश के भविष्य हैं। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम लेना बाल श्रम कानून के अन्तर्गत एक दण्डनीय अपराध है। बच्चों की सही जगह स्कूल या खेल का मैदान होती है न कि कल–कारखाने, दुकान या खेत–खलिहान। बाल श्रम के कुचक्र में फंसकर बच्चे अपना बचपन समय से पहले ही खो देते हैं जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप के समान है।

बाल श्रम को रोकने अथवा इसके उन्मूलन में सरकार की भूमिका के साथ–साथ राज्य के नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होना होगा।

राज्य सरकार द्वारा बाल श्रम से विमुक्त बच्चों के पुनर्वास एवं कल्याण हेतु कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील है कि बाल मजदूरी को जड़ से समाप्त करने तथा बच्चों से काम नहीं लेने का संकल्प लें, उन्हें स्कूल भेजने एवं पढ़ने–लिखने में अपना योगदान दें तथा बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण हेतु सरकार के प्रयासों को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग करें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 002274 (LRD) D. 2025-26



बिहार सरकार

**अपील**

प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को **बाल श्रम उन्मूलन दिवस** मनाया जाता है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम लेना एक दण्डनीय अपराध है। राज्य सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में अधिनियम का प्रवर्त्तन किया जा रहा है। इसके साथ–साथ बाल श्रम पहचान, विमुक्ति एवं पुनर्वास को एकीकृत लक्ष्य मानकर राज्य सरकार समग्र प्रयास कर रही है। राज्य सरकार के इन प्रयासों में शैक्षणिक पुनर्वास एक महत्वपूर्ण घटक है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि बाल श्रम से विमुक्त कोई भी बच्चा दुबारा उस कुचक्र में न फंसें। इसमें सरकार की संवेदनशीलता के साथ–साथ आम जन–मानस का सहयोग भी अपेक्षित है।

बाल श्रम विमुक्ति हेतु राज्य सरकार अपनी वचनबद्धता के अनुरूप कार्य कर रही है। इस अवसर पर राज्य के समस्त जन–मानस एवं सभी हितधारकों से हमारी अपील है कि बच्चों से काम नहीं कराने का संकल्प लें एवं इस कुरीति को हतोत्साहित करने हेतु प्रत्येक स्तर पर प्रयास करें। हमारा यह भी संकल्प होना चाहिए कि कोई भी बच्चा बाल श्रमिक के रूप में कार्य न करे एवं उन्हें खेल के मैदान एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध हों।

(विजय कुमार सिन्हा)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR- 002272 (Labour)D. 2025-26



**N.J.S CLASSES**

पता:-दक्षिणी गांधी मैदान रजिस्ट्री ऑफिस के पीछे (खरौना भवन) मसौढ़ी।

11th का Demo क्लास प्रारंभ है।

समय:- सुबह 8:30 बजे से



2024
NITISH KUMAR
Marks : 465

NITISH KUMAR Marks = 458 दहिभत्ता
ABHISHEK KR. Marks = 457 दहिभत्ता

2025 का बेहतर रिजल्ट

SUMIT KUMAR Marks : 448 · SAMIR KUMAR Marks : 445 · RUBINA KRI. Marks : 444 · RAHUL KUMAR Marks : 444 · NIKHIL KUMAR Marks : 435 · RAHUL KUMAR Marks : 433
DHANANJAY KR. Marks : 433 · KRISHNAKANT KR. Marks : 426 · GOLU KUMAR Marks : 423 · ARYAN RAJ Marks : 423 · SUDHA KRI. Marks : 423 · RAJU KUMAR Marks : 418
RAKESH KR. Marks : 416 · POOJA KUMARI Marks : 412 · LAKSHYMINI KRI. Marks : 410 · KAJAL KESHRI Marks : 410 · TRIPTI KRI. Marks : 409 · SHUBHAM KR. Marks : 404

9th,10th & 12th का Regular Course प्रारंभ।

Dir. : P.K. Roy

MOB:-8317729594,9113737802

# सरकार आंधी-तूफान से प्रभावित किसानों को राहत के लिए प्रतिबद्ध : विजय कुमार सिन्हा

## असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि व आंधी से फसलों को भारी क्षति, 8.39 करोड़ की सहायता राशि की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य के उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि हालिया ओलावृष्टि, आंधी और असामयिक वर्षा से राज्य के कई जिलों में रबी और गरमा फसलों को गंभीर क्षति पहुंची है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार किसानों को हर संभव सहायता देने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 9, 10 और 14 अप्रैल 2025 को आयी प्राकृतिक आपदा से मक्का, गेहूं, गर्मा मूंग, उड़द, तिल, मूंगफली, पान, अरहर, सब्जियां, केला, प्याज जैसी प्रमुख फसलें प्रभावित हुई हैं। कृषि विभाग द्वारा सभी जिलों से क्षति की रिपोर्ट मांगी गई थी जिसके आलोक में सुपौल, नालंदा, समस्तीपुर, गया, मधुबनी, नवादा, मधेपुरा एवं बेगूसराय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 4908.53 हेक्टेयर क्षेत्र में 33% से अधिक फसल क्षति हुई है। इस क्षति की भरपाई के लिए आपदा प्रबंधन विभाग से 8,39,57,775 रुपये की मांग की गई है। राशि प्राप्त होते ही प्रभावित किसानों को 'कृषि इनपुट अनुदान योजना' के तहत डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के साथ हर आपदा में खड़ी है। किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनके साथ खड़े रहना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रभावित किसानों को त्वरित और पर्याप्त राहत मिले, ताकि वे जल्द से जल्द पुनः खेती में लग सकें।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को दानवीर भामाशाह की जयंती पर उन्हें नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। भामाशाह की जयंती पर आयोजित समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पटना के पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन व संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# अगर अब भी चुप रहे तो नहीं बचेगा संविधान : राजेश राम

## कांग्रेस की संविधान बचाओ पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आज प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम से राजापुर पुल होते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद समाधि स्थल तक दो किलोमीटर लंबे तिरंगे के साथ हजारों की संख्या में कांग्रेस नेताओं के साथ संविधान बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया गया। तीन किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा का नेतृत्व बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि अगर अब हम संविधान सुरक्षा के लिए आवाज नहीं उठाएंगे तो संविधान नहीं बचेगा। इसलिए हमें चुप नहीं रहना है और इस निरंकुश शासन के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करना है। संविधान की सुरक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता से लेकर कार्यकर्ता तक दृढ़ संकल्पित रहें और हर तरीके के बलिदान को तैयार रहें। हमने देश की निरंकुश सरकार को बता दिया है कि संविधान के मूल आत्मा को बदलने के उनके प्रयास को हम सफल नहीं होने देंगे। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संविधान के मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेता है और यह सुनिश्चित करता है कि संविधान की रक्षा के लिए वो संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा। देश में दबे कुचले और वंचित समुदाय को संविधान ने बल दिया और मजबूती देकर उन्हें मुख्यधारा में शामिल कराया, लेकिन आज संविधान को वर्तमान सरकार लगातार कमजोर कर रही है। ताकि वंचितों के हक की आवाज और प्रयास इस देश के विकास में शामिल न हो। हम इसके खिलाफ संघर्ष करते रहेंगे और संविधान सुरक्षा के लिए लगातार सड़कों से लेकर सदनों तक आवाज बुलंद रखेंगे।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स अन्नपूर्णा माइक्रो फाइनेंस प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति दिलवर कुमार जो बेगूसराय में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी-मुन्नी कुमारी, पुत्री- मानवी कुमारी एवं पुत्र-मानकर कुमार को आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. दिलवर कुमार की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इएसआइसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया, क्योंकि उनकी मृत्यु कार्य के दौरान दुर्घटना में हुई थी। उल्लेखनीय है कि कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआई एक्ट,1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को इएसआइ योजना के तहत वेतन का 90 प्रतिशत तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

## जदयू ने प्रदेश कार्यालय में मनाई मामा शाह की जयंती

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दानवीर भामाशाह की जयंती पर मंगलवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने भामाशाह जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद ने की। मौके पर उर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद थे। समारोह में उस समय सभी लोग चौंक गए जब मुख्य अतिथि के रूप में आये सीएम नीतीश कुमार खुद मेजवान बन गये और लोगों का स्वागत करने लगे। सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें नीतीश कुमार जदयू विधान पार्षद ललन शर्राफ का स्वागत कर रहे हैं। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वागत के लिए जो पाग और गमछा लाया गया था उसी से उन्होंने ललन शर्राफ का स्वागत कर दिया। मुख्यमंत्री के संबोधन का लोग इंतजार कर रहे थे, लेकिन वह सम्मान देने वाले को सम्मानित कर वहां से निकल गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने व्यवसायी वर्ग के मान-सम्मान के प्रतीक दानवीर भामाशाह की प्रतिमा वर्ष 2019 में पटना के पुनाईचक में स्थापित करवाई तथा वर्ष 2023 में उनकी जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व बिहार में लूट, हत्या, रंगदारी जैसी अपराधिक घटनाएं आम थीं जिससे व्यावसायी वर्ग को पलायन तक करना पड़ा, लेकिन जबसे बिहार की बागडोर नीतीश कुमार के हाथों में आई, उन्होंने 'न्याय के साथ विकास' के मंत्र के साथ प्रदेश को नई दिशा दी और व्यावसायियों के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित किया। उनके नेतृत्व में रोजगार के अवसर बढ़े, विकास की रफ्तार तेज हुई और हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है। विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि हमें हाट-बाजारों में जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना है।

## 15 नगर निकायों में प्रशासनिक भवन निर्माण का आदेश, शहरी विकास को मिलेगी गति

### तीन नगर परिषदों समेत 12 नगर पंचायतों में जल्द शुरू होगा भवन निर्माण कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शहरी प्रशासन को मजबूती देने की दिशा में बिहार सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के 15 नगर निकायों में प्रशासनिक भवनों के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। इसमें तीन पुराने नगर परिषद–तेघड़ा, बलिया और शिवहर भी शामिल हैं जहां अब तक स्थायी कार्यालय भवन उपलब्ध नहीं थे। नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने कहा शहरी क्षेत्रों में सुशासन और जनसेवा की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए नए नगर निकायों में स्थायी कार्यालय भवन का निर्माण बेहद जरूरी है जिन निकायों का कार्य संचालन अब तक किराये या अन्य भवनों से हो रहा है, उन्हें जल्द से जल्द भूमि चयन कर प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने बताया कि कार्यालय अभी जिन भवनों में संचालित हो रहे हैं–जैसे समुदायिक भवन, प्रखंड कार्यालय, किसान भवन या अन्य किराये के परिसर–उन्हें मॉडल प्राक्कलन के अनुरूप जमीन चयन कर संबंधित अंचलाधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर विभाग को सौंपना होगा। सचिव अभय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि नगर परिषदों के लिए बनने वाले प्रशासनिक भवनों के लिए 16 हजार वर्गफीट और नगर पंचायतों के लिए 10,760 वर्गफीट जमीन की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि एक नगर परिषद भवन के निर्माण में लगभग 4.98 करोड़ रुपये जबकि एक नगर पंचायत भवन के निर्माण में करीब 2.49 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यक बजट, डिजाइन और प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा चुका है और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा। जिन नए नगर पंचायतों में प्रशासनिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है, उनमें अकबरनगर, पावापुरी, कटोरिया, शेखोपुर सराय, परबत्ता, हसनपुरा, इटाढ़ी, काको, मुरौल, घोसी, चंडी और सरैया शामिल हैं। यह पहल राज्य में शहरी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, बाकी नवगठित नगर निकायों को भी चरणबद्ध तरीके से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## डॉ. अनुप दास ने उपमहानिदेशक डॉ. ए.के. नायक से की शिष्टाचार भेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी क्षेत्रीय परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने हाल ही में कृषि अनुसंधान भवन, नई दिल्ली में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रभाग के उपमहानिदेशक डॉ. ए.के. नायक से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. दास ने डॉ. नायक को पूर्वी क्षेत्रीय परिसर तथा इसके अधीन कार्यरत केंद्रों द्वारा संचालित विभिन्न प्रगतिशील योजनाओं और प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. दास ने पूर्वी भारत में कृषि विकास हेतु संस्थान द्वारा अपनाई जा रही रणनीतियों, अनुसंधान प्रयासों तथा किसानों को लाभ पहुंचाने वाली नवाचारी पद्धतियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा विकसित धान, फल-फूल तथा साग-सब्जियों की उन्नत किस्मों से किसानों को बेहतर उत्पादन एवं गुणवत्ता प्राप्त हो रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं समुचित उपयोग हेतु संस्थान ने कई नवीन तकनीकों का विकास किया है जिनका उद्देश्य कृषि को टिकाऊ बनाना और किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी सुनिश्चित करना है। डॉ. नायक ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि पूर्वी भारत की कृषि चुनौतियों को देखते हुए ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में और अधिक गहन अनुसंधान की आवश्यकता जताई तथा किसान-हितैषी तकनीकों के विकास पर बल दिया। साथ ही उन्होंने बहुआयामी योजनाओं के माध्यम से कृषि के विविध पहलुओं पर केंद्रित अनुसंधान को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्रीय परिसर, पटना के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी पुष्पनायक तथा सहायक रश्मिकांत भी डॉ. दास के साथ उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा मजदूर दिवस

## मंत्री संतोष कुमार सिंह करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन एवं श्रमिकों को करेंगे सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मजदूर दिवस को लेकर राज्य एवं जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए श्रम संसाधन विभाग ने व्यापक तैयारी की है। 30 अप्रैल और 01 मई 2025 को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

**वृहत कार्यशाला का होगा आयोजन**

इस वर्ष पहली बार एक विशेष वृहत कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में श्रम कानून, बाल श्रम, मानव तस्करी, एआई के प्रभाव जैसे समसामयिक विषयों पर पैनल डिस्कशन आयोजित होंगे। इन चर्चाओं में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि, श्रम कानूनों के विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद और अधिवक्ता शामिल होंगे। प्रमुख प्रतिभागियों में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, यूनिसेफ, वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, आईआईटी पटना, टीआईएसएस तथा अन्य संस्थानों से वक्ता भाग लेंगे। इसके साथ ही 30 अप्रैल की शाम में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा जिसमें श्रमिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

राज्यभर के सभी जिलों में 01 मई को पौधरोपण, श्रमिकों को अनुदान वितरण एवं उत्कृष्ट श्रमिकों का सम्मानित किया जाएगा। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह 'बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना', 'बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना' सहित कई लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए 16 प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये रथ 01 मई से 10 मई तक पूरे राज्य में भ्रमण करेंगे। पटना जिले में श्रमिकों के बीच चेक वितरण का कार्य खुद श्रम संसाधन मंत्री करेंगे। साथ ही श्रमिकों को उपहार भी प्रदान किया जाएगा।

## सामान्य विश्वविद्यालय के छात्रों को भी मिले मैटलैब की सुविधा : प्रो. राजकिशोर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बीएन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को मैटलैब की सुविधा मिलती है मगर सामान्य विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को इस तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उनका सरकार से आग्रह होगा कि सामान्य विश्वविद्यालय में भी पढ़ने वाले छात्रों को मैटलैब सॉफ्टवेयर की सुविधा मिले। प्रोफेसर राजकिशोर प्रसाद मंगलवार को बीएन कॉलेज के सेमिनार हॉल में मैटलैब के उपयोग से शिक्षक एवं शोध कार्य को कैसे विकसित किया जाए विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की मैटलैब एक सॉफ्टवेयर है जिसे यूएसए की कंपनी मैथवर्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाया गया है जिसके माध्यम से कंप्यूटेशन का काम बहुत ही आसान हो गया है। कोई भी इसे दो माह में सीख सकता है। इससे शिक्षक एवं शोध कार्य को बढ़ावा मिलता है। अगर सामान्य विश्वविद्यालय में यह सुविधा मिलती है तो बच्चे गणित से जुड़े विषयों को ठीक से समझ सकेंगे और शोध कार्य भी अच्छे से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के लिए मैथवर्क कंपनी ने दो सीनियर एप्लीकेशन इंजीनियर को भेजा है जिन्होंने कार्यशाला में शामिल विभिन्न विश्वविद्यालयों के 72 प्रतिभागियों को मैटलैब सॉफ्टवेयर के बारे में बताया है। इससे रिसर्च स्कॉलर को भी बहुत लाभ मिल रहा है। इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन इलमैक्स के सीईओ देवाशीष चक्रवर्ती एवं एन आई टी पटना के इलेक्ट्रॉनिक विभाग के रिटायर्ड विभागाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने किया।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा फाइब्रो स्कैन जांच शिविर आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने आज एक निःशुल्क फाइब्रो स्कैन जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में प्रख्यात गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. अमित बंका द्वारा लगभग 70 मरीजों की विशेष जांच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि 15 मरीजों में लीवर संबंधी समस्याएं पाई गईं जिनमें प्रारंभिक फाइब्रोसिस और फैटी लीवर जैसी बीमारियां प्रमुख रहीं। डॉ. बंका द्वारा इन मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा उन्हें उचित दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही मरीजों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष निर्देश भी दिए गए। शिविर के अवसर पर डॉ. अमित बंका ने कहा लीवर की बीमारियां अक्सर प्रारंभिक अवस्था में बिना किसी लक्षण के रहती हैं। फाइब्रो स्कैन जैसी तकनीकों के माध्यम से हम समय रहते इनका पता लगाकर उचित इलाज प्रारंभ कर सकते हैं।

# राज्य में शुरू हुआ 'स्वच्छ बिहार' पोर्टल

## मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने किया लॉन्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी), भारत सरकार की तकनीकी सहायता से विकसित 'स्वच्छ बिहार पोर्टल' का शुभांरभ किया। इस पोर्टल को राज्य के सभी प्रशासनिक कार्यालयों में स्वच्छता मानकों की निगरानी, मूल्यांकन और पारदर्शी रिपोर्टिंग के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

**स्वच्छता और पारदर्शिता की दिशा में एक ठोस कदम**

पुराना सचिवालय स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को इसे लेकर सभी जिलों के डीएम और प्रमंडलीय आयुक्त से लेकर संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए थे। केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) की संयुक्त सचिव सरिता चौहान भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी थीं। 'स्वच्छ बिहार पोर्टल' की शुरुआत बिहार सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जो डिजिटल तकनीक के माध्यम से एक साफ जवाबदेह और पारदर्शी प्रशासन की नींव रखती है। 'स्वच्छ बिहार' पोर्टल की लॉन्चिंग के मौके पर बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एनआईसी के सहयोग से इस पोर्टल को विकसित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसमें सिर्फ स्वच्छता ही मात्र नहीं है बल्कि गवर्नेंस पर भी जोर दिया गया है। इसमें स्क्रैप डिस्पोजल की भी मॉनिटरिंग होगी। साथ ही 19 बिन्दुओं पर उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी और फिर प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग की जाएगी। विभागों या जिलों में मौजूद पुराने स्क्रैप से लेकर उनकी स्थापना से जुड़े रखरखाव का मानक के आधार पर परखा जाएगा। उन्होंने सभी विभागों में इस पोर्टल के रखरखाव के लिए लिए एक-एक नोडल ऑफिसर तैनात करने का आदेश जारी किया। उन्होंने सभी विभागीय सचिव के साथ-साथ जिलाधिकारी और प्रमंडलीय आयुक्तों से कहा कि जिन्होंने नोडल ऑफिसर अबतक नियुक्त नहीं किए हैं, वे तुरंत इसकी तैनाती करें। साथ ही इसका वीकली रिव्यू मीटिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग को निर्देश दिया कि वर्ष 2026 में होने वाले सिविल सर्विस-डे के दौरान तीन बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला कार्यालय, तीन प्रमंडल कार्यालयों और तीन विभागों को सम्मानित करें।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान रेलवे ट्रैक के रख-रखाव को प्राथमिकता देने तथा एसेट्स फेल्योर में कमी लाने पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने सभी मंडलों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाने, विशेष संरक्षा ड्राइव चलाने तथा रेलवे ट्रैक पर कैटल रन ओवर/मैन रन ओवर को रोकने हेतु जनजगारूकता अभियान चलाने हेतु सभी मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान माल लदान एवं आय बढ़ाने हेतु उठाये जा रहे कदमों पर विस्तृत चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने आरओबी/आरयूबी तथा स्टेशन पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# अपहरण के तीन घंटे के भीतर कारोबारी की सकुशल बरामदगी, सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार के रोहतास जिले में सोमवार देर रात हुई एक सनसनीखेज घटना में स्थानीय व्यवसायी सूरज प्रसाद के अपहरण के महज तीन घंटे के भीतर पुलिस ने उन्हें सकुशल मुक्त कराते हुए सात अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर एक मिसाल कायम की है। पूरे घटनाक्रम ने पुलिसिया मुस्तैदी, खुफिया तंत्र की सक्रियता और टीम वर्क की उत्कृष्ट मिसाल पेश की है।



अमरातालाब निवासी 52 वर्षीय सूरज प्रसाद, जो क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी हैं, सोमवार रात करीब 10:10 बजे अमरा तालाब स्थित हरिओम मेडिकल के पास से अगवा कर लिए गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उन्हें जबरन एक उजले रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में बैठाया गया। परिवार को कुछ ही देर बाद फिरौती के तौर पर 50 लाख रुपये की मांग की कॉल आई। सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रशासन में हलचल मच गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिलेभर में हाई अलर्ट जारी कर तत्काल नाकेबंदी और वाहनों की सघन जांच शुरू कराई गई। खुफिया इकाई को सक्रिय किया गया और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सासाराम) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम में सासाराम, डिहरी, डिहरी नगर, नासरीगंज थानों के प्रभारी सहित तकनीकी और खुफिया टीम को जोड़ा गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि अपहरणकर्ता बहरार की ओर बढ़े हैं। रात करीब 11:30 बजे खुफिया इनपुट मिला कि कुख्यात अपराधी छोटु सिंह, निवासी धनपुरवा, दरिगांव, इस गिरोह का सरगना है और उसकी गाड़ी का इस्तेमाल अपहरण में किया गया है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने वेदा नहर रोड की घेराबंदी की। एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को देखकर पुलिस ने पीछा किया और बड्डी थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर छोटु सिंह को दबोच लिया। पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि अपहृत को नासरीगंज के पडुरी गांव में एक घर में छिपाकर रखा गया है। छोटु सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने पडुरी गांव में छापेमारी कर सूरज प्रसाद को सकुशल बरामद कर लिया। मौके से तीन अपहरणकर्ता – उमाशंकर कुमार, टुन्नु कुमार और पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक लोडेड डबल बैरल कट्टा और कारतूस भी बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने अन्य अभियुक्तों -राहुल सिंह, राहुल कुमार सिंह और लाइनर की भूमिका निभाने वाले चन्दन गुप्ता को भी उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि इस संगठित गिरोह में शामिल आठवें सदस्य की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी छोटु सिंह पहले भी 2023 में डिहरी नगर थाना क्षेत्र में फिरौती के लिए अपहरण के मामले में जेल जा चुका है और हाल ही में जमानत पर छूटा है। अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। जिले में अचानक हुई इस चुनौतीपूर्ण घटना को बेहद कम समय में हल करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम की सराहना की है और टीम के सभी सदस्यों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# 10 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जिला जज ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के पत्र के आलोक में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास अनुज कुमार जैन के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय सासाराम, अनुमण्डल विधिक सेवा समिति, बिक्रमगंज एवं डिहरी में होना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मंगलवार को सुबह 10.05 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रोहतास, सासाराम के प्रकोष्ठ में मोटर दुर्घटना दावा वाद से संबंधित बैठक बीमा कम्पनी के प्रबंधकों एवं अधिवक्ताओं के साथ आयोजित की गयी। बैठक में दावा वाद से संबंधित सुलहनीय वादों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा निर्देश दिया गया कि बीमा कम्पनी के प्रबंधक एवं अधिवक्ता आपसी सहमति से सूलहनीय वादों का निष्पादन में अपना सहयोग करें जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि सभी न्यायालयों से सुलहनीय वादों में अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस निर्गत किया जाय जिससे 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार उपस्थित होकर अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करा सके।

# सघन टिकट चेकिंग अभियान में 1768 व्यक्ति धराए

## जुर्माने के रूप में लगभग 9 लाख 53 हजार रुपए का हुआ राजस्व अर्जन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा 29 अप्रैल को पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 06.00 से 22.00 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर-डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा- सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डिहरी ऑन सोन, किउल-गया, गोमो-गया एवं पटना-गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। शाम 6 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1768 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 9 लाख 53 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है। मेगा ड्राइव जारी है जो रात्रि दस बजे तक चलेगा। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।



# पिकअप वैन से 1111लीटर शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** जीटी रोड पर कर्मनाशा पावर हाउस के समीप व रामगढ़ थाना क्षेत्र के देहवलिया के समीप से पुलिस ने 1111.6 लीटर शराब बरामद किया है। शराब तस्कर पिकअप वैन पर बिल्डिंग कन्ट्रक्शन के सामान के नीचे व इनोवा कार से शराब बिहार सीमा में ला रहे थे। एक बाइक सवार आगे-आगे रेकी कर रहा था। स्थानीय थाना परिसर में एसपी हरिमोहन शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार की सुबह 08:05 बजे सूचना प्राप्त हुआ कि उत्तर प्रदेश की ओर से एक पिकअप वैन जिसमें सेन्ट्रिंग का लकड़ी बांस लदा हुआ है जिसके नीचे में अवैध शराब रखा गया है। सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम का गठन किया एवं कर्मनाशा पावर हाउस के पास सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की पिकअप वैन में सेन्ट्रिंग का लकड़ी बांस लदा हुआ था जिसे रोक कर जांच के क्रम में उक्त वाहन से अवैध अंग्रेजी शराब कुल 119 कॉर्टून, कुल-4886 पीस टेट्रा पैक/बोतल/केन बीयर बोतल कुल शराब की मात्रा-1,111.6 लीटर बरामद किया गया। इस मामले में दो तस्करों की गिरफ्तारी की गयी है व पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि बनारस से शराब लोड कर देवहलिया की ओर जा रहे थे। उधर रामगढ़ थाना क्षेत्र में सुबह 03:10 बजे सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत दो वाहन से शराब देवहलिया के रास्ते कोचस भेजा जा रहा है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचना देने हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया तथा वाहन का सघन जांच प्रारंभ किया गया। उसी क्रम में दो देवहलियों के तरफ से दो वाहन एक सिल्वर कलर की इनोवा एवं एक स्कोर्पियों तेजी से रामगढ़ बाजार की ओर आ रही थी जिनके आगे एक काला रंग की बाइक पर दो व्यक्ति सवार था। जो पुलिस को देखकर रूक गये एवं अचानक तेजी से गाड़ी घुमाकर कच्ची सड़क होते हुए सोनू सिंह के तलाब की तरफ भागने लगा जिसका उपरोक्त टीम के द्वारा पीछा किया। थोड़ी दूर आगे जाने पर रास्ता खराब होने के कारण सिल्वर कलर की इनोवा गाड़ी का चक्का फंस गया किन्तु स्कार्पियो एवं बाइक सवार खेत होते हुए गाड़ी लेकर भागने लगे तो बाइक सवार खेत में गिर गया। बाइक सवार दोनों तस्कर बाइक छोड़कर अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गये। इनोवा गाड़ी से 504.81 लीटर शराब बरामद किया गया तथा एक बाइक को भी बरामद किया गया। दुर्गावती में कुल शराब की बरामदगी मात्रा-1,111.6 लीटर, दो मोबाइल एक सफेद रंग की पिकअप वैन है। गिरफ्तार तस्कर मुदित किशोर रावत उम्र 34 वर्ष पिकअप का चालक उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के शहबाजपुर का निवासी है। दूसरा ब्रजेश मौर्या उम्र 32 वर्ष वाराणसी जिले के हरहुआ थाना क्षेत्र के जनसा के निवासी हैं। रामगढ़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार बसंत यादव उम्र करीब 20 वर्ष रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के उसरांव के निवासी हैं। मौके पर एसडीपीओ प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष गिरीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शांतनु कुमार, विनय कुमार ए.एल.टी.एफ. मौजूद रहे।

# बिपार्ड गया में प्रशिक्षण लेने पहुंचे मुखिया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान योजना के तहत बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान गया द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण में जिला के सात मुखिया भाग ले रहे हैं। डीएम उदिता सिंह के निर्देश पर भलुआड़ी पंचायत के मुखिया पप्पू कुमार, बरांवकला पंचायत के मुखिया सुंतेश्वर राम उर्फ उर्फ ददन पासवान, भैंसहा पंचायत की मुखिया मंजू देवी, मझिआंव पंचायत के मुखिया अनिल कुमार, उगहनी पंचायत चेनारी के मुखिया ज्ञानचंद सिंह, देवडीही पंचायत चेनारी के मुखिया अशोक कुमार व तेलकप पंचायत रोहतास के मुखिया अनिता टोप्पो को गया भेजा गया है। ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधियों को कौशल विकास, क्षमता विकास, आय स्रोत प्रबंधन, नेतृत्व के साथ विकास कार्यों को प्रभावी तरीके से संचालन करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 अप्रैल से लेकर चार मई तक बिपार्ड कार्यालय गया में चलेगा।

# जिलाधिकारी से मिला भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भीम आर्मी रोहतास का प्रतिनिधिमंडल भीम आर्मी नेता अमित पासवान के नेतृत्व में जिलाधिकारी रोहतास से मिल जिले के ज्वलंत समस्याओं का शीघ्र समाधान हेतु मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में चेनारी प्रखंड के ग्राम सेमरी के शहीद दिलीप पासवान जो छत्तीसगढ़ के बीजापुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 196वीं बटालियन में तैनात थे। बीते दिनों नक्सलियों के द्वारा आइइडी बम ब्लास्ट में वे शहीद हो गए थे। वीर शहीद दिलीप पासवान के परिवार के किसी भी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए एवं उनके दो लड़का एवं एक लड़की है उनके पढ़ाई हेतु सैनिक स्कूल में नामांकन कराया जाए। चेनारी मुख्य बाजार, सेमरी विद्यालय परिसर या प्रखंड मुख्यालय परिसर में वीर शहीद दिलीप पासवान के सम्मान में एक भव्य प्रतिमा का अनावरण हो। चेनारी मुख्य सड़क से सेमरी गांव जाने वाली सड़क के पास शहीद के नाम पर एक भव्य स्मृति गेट का निर्माण कराया जाए। रोहतास प्रखंड एवं नौहट्टा प्रखंड के पहाड़ी ऊपर के गांव के ऊपर संचार की सुविधाएं जैसे मोबाइल नेटवर्क, स्वास्थ की स्थायी व्यवस्था और बिजली की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए, रोहतास एवं नौहट्टा प्रखंड के पहाड़ी उपर के कुछ गांवों में राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड से बहुत लोग वंचित है। शिविर लगाकर जरूरतमंदों को इसका लाभ दिलवाया जाए। चेनारी प्रखंड के ग्राम खदौली जाने के दरमियान एक छोटी नहर पड़ती है जिससे गांव के महादलित एवं अन्य लोग आवागमन करते हैं पुल नहीं बनने के कारण ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पुल के न बनने के कारण लोग पोल रख कर पार करते हैं जिसके वजह से कुछ दिन पहले दो बच्चों की मौत भी हो गई थी। अतः महोदया से आग्रह है कि सिंचाई विभाग या अन्य माध्यम से 12 फीट लंबाई एवं 10 फीट चौड़ाई का एक पुल निर्माण हो ताकि लोगों के साथ-साथ एंबुलेंस का भी आवागमन हो। प्रतिनिधिमंडल में अमित पासवान के अलावे आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष दीपक कुशवाहा, राजेश पासवान, जिशान अहमद खान, राजेश पासवान, कृपा नंद, दीपक पासवान मौजूद रहे।



# प्रखंड 20 सूत्री समिति को कमरा उपलब्ध कराने की मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने मंगलवार को बीडीओ से मिलकर प्रखंड क्रियान्वयन समिति का कार्यालय खोलने की मांग किया है। अध्यक्ष अशोक सोनी ने कहा कि गरीब, लाचार एवं असहाय लोगों के समस्या का निदान के लिए कार्यालय खुलना आवश्यक है। राज्यपाल के आदेश से प्रत्येक ब्लॉक में कार्यों के निगरानी हेतु 20 सूत्री कमिटी का गठन किया है। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि चार दिनों के अंदर साफ-सफाई कर प्रखंड प्रमुख के सामने 20 सूत्री कार्यालय शीघ्र ही खोल दिया जाएगा। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सोनी, सदस्य आनंद कुमार पांडे, सुनीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# पत्रकार केवल कुमार की पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** गरीबों के मसीहा, समाजसेवी, पत्रकार और सफल व्यवसायी केवल कुमार की पुण्यतिथि श्रद्धा और भावनाओं के साथ मनाई गई। कोरोना महामारी की दूसरी लहर में केवल कुमार का निधन हो गया था जिससे लाखों लोगों की आंखों में आंसू और दिलों में उनकी यादें शेष रह गईं। आज भी उन्हें याद करते हुए लोगों की आंखें नम हो जाती है। केवल कुमार का जीवन समर्पण, सेवा और सद्भाव का प्रतीक था। सभी उम्र के लोगों से आत्मीयता से मिलना, सहयोग करना और उचित सलाह देना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। उनके दरवाजे से कोई भी व्यक्ति खाली हाथ वापस नहीं लौटता था–भूखों को भोजन, जरूरतमंदों को वस्त्र और उपहार देकर विदा करना उनकी आदत थी। गरीब बच्चों को संगठित और शिक्षित करने को केवल कुमार ने सदैव अपनी प्राथमिकता दी। उन्होंने सैकड़ों छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें समाज में एक प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में मदद की थी। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सत्यानंद कुमार द्वारा तिलौथू प्रखंड में संचालित 15 निःशुल्क पाठशालाओं के 600 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर केवल कुमार के जीवन मूल्यों और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई। साथ ही आगामी एक सप्ताह को 'समर्पण सप्ताह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। ताकि उनके सेवा और सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।



# शराब एवं चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** अकोढ़ी गोला थाने की पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। अकोढ़ी गोला थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पुर्णवासी उर्फ शंकर पिता भोला पासवान ग्राम पदुम टोला को महिंद्रा ट्रैक्टर चोरी करने के मामले में बराढ़ी से एवं अजय राम पिता लाल बिहारी राम ग्राम बगेन के रहने वाले को बगेन रोड से 15 लीटर महुआ शराब, गैस सिलेंडर तसला के साथ गिरफ्तार किया एवं शराब बनाने के अन्य उपकरण को विनष्ट किया गया। इस संबंध में बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस हिरासत में सोमवार को जेल भेजा गया।

## 18 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 18 आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में पॉक्सो एक्ट, हत्या के प्रयास, चोरी, वारंटी व शराब तस्कर है। 23 लीटर देशी व आठ लीटर अंग्रेजी, दो बाइक, एक ट्रक, एक हाइवा जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में दो लाख 90 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।


**JAWAHAR LAL NEHRU COLLEGE, DEHRI ON- SONE**

**(A Constituent Unit of VKSU, Ara)**

**Walk-in-interview**

A Walk in interview will be held on 03rd May, 2025 at 11.30 AM onwards to invite from Eligible Candidates for the Post of Assistant Professor in BBA at J.L.N. College, Dehri-on-Sone.

**Qualification:-** M.B.A with Finance, One must also have knowledge of Computer.

**How to apply:-** Kindly Bring your filled Bio-data with passport Photo, Original Documents and their photocopies.

**Note:** No TA/DA is admissible for interview.

**Principal**
**Jawahar Lal Nehru College**
**Dehri- On-Sone.**

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 54/PR/JUSNL /2025-26 | Repair of cable trench and provision for replacement of damaged cover slabs with new once at 132/33 kV GSS Garhwa Road under TSD Garhwa Road. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 15500/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **30.04.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **22.05.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **22.05.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **23.05.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager,**
**Transmission Zone-IV,**
**Medininagar**

PR 351397 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D


# पारा लीगल स्वयंसेवकों की कार्यशाला सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पैरवी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में पारा लीगल स्वयंसेवक का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सोमवार शाम संपन्न हो गया। पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता और किशोर कानूनों की विशेषज्ञ शशि शर्मा ने प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया और उनकी कुशलता का परीक्षण भी किया। कई सत्रों में किशोर कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी और उन्हें बताया गया कि कैसे इस कानून का लाभ उन्हें दिलाया जा सकता है। कई पद्धतियों से प्रतिभागियों के ज्ञान की जांच करते हुए प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने किशोर कानूनों सहित जेल में बंद गरीब कैदियों को जमानत दिलाने में मदद करने की अपील करते हुए बताया कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक न्याय को पहुंचाने में पारा लीगल स्वयंसेवकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। बाल कल्याण समिति के सदस्य ददन पाण्डेय ने कहा कि दो दिनों के कार्यशाला में मिली ज्ञान के आधार पर विधि के जोखिम में फंसे किशोरों और जेल में बंद गरीब कैदियों को कानूनी सहायता दिलाने में पारा लीगल स्वयंसेवकों का उत्साह अत्यंत महत्वपूर्ण होने वाला है। पैरवी के समन्वयक दीनबंधु वत्स ने धन्यवाद ज्ञापन किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीस पारा लीगल स्वयं सेवकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। मौके पर समापन के अवसर पर उपेन्द्र मिश्र, अधिवक्ता सुरेश कुमार सिंह, अमरनाथ सिंह, गोपाल ठाकुर, विवेक कुमार, सुजाता एक्का, समा परवीन, गीता देवी, सुलेखा देवी, रंजीता कुमारी, सरोज अग्रवाल, अंजली कुमारी, बेबी कुमारी आदि मौजूद थे।



# ई ग्राम कचहरी पोर्टल से तीन मामलों का निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड के ग्राम कचहरी मेउड़ा में मंगलवार को ई ग्राम कचहरी पोर्टल से तीन मामलों का निपटारा किया गया जिसमें अंचल अधिकारी कुदरा के मापी वाद संख्या -48/2022-23 एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता मोहनियां के मापी वाद संख्या -14/2023-2024 तथा कई वर्षों से बनारसी यादव बनाम सुरेश यादव वगैरह के बीच चला आ रहा भूमि विवाद शामिल है। ग्राम कचहरी सचिव अमोद कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच घंटों चले बातचीत के बाद आपसी सहमति से विवाद का निष्पादन हुआ। मामलों के निष्पादन के बाद दोनों पक्ष काफी खुश दिखे। कार्रवाही की अध्यक्षता कर रहे सरपंच श्रीकिसुन चौधरी ने बताया कि ई पोर्टल से मामलों के निपटारा के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर पंच छठु पासवान समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि ई ग्राम कचहरी पोर्टल के माध्यम से सस्ता में न्याय मिल पा रहा है। यह सरकार की सराहनीय पहल है।

# पुलिस ने तीन साइबर ठगों को किया गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय साइबर ठगी को जड़ से मिटाने के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न तरह के हथकंडा भी अपना रही है। कभी सोशल मीडिया के माध्यम से तो कभी ध्वनि विस्तारक यंत्रों से तो कभी घर घर जागरुकता अभियान चलाकर पुलिस इसमें काफी हद तक सफल भी रहा है। इसी कड़ी में आरक्षी अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर राजगीर डीएसपी सुनिल कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने मैरा गांव में एक घर में छापेमारी कर तीन साइबर ठग को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मो. इमरान पिता मो. सरफराज, नीतिश कुमार पिता भोला चौधरी, संकुल कुमार पिता सुनील मिस्त्री सभी साकिन मैरा थाना कतरीसराय नालंदा के रूप में की गई है। छापेमारी के क्रम में इनके पास से साइबर ठगी में उपयोग आने वाले साजो सामान में एक लैपटॉप, आठ बड़ा मोबाइल तथा सैंतीस हजार दो सौ रुपया नकद बरामद किया गया है। बरामद मोबाइल व लैपटॉप से प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के विज्ञापन का साक्ष्य भी पाया गया है। इनके मोबाइल नम्बरों व खाता नम्बरों पर विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी करने कि प्राथमिकी भी दर्ज है। इन लोगों द्वारा विभिन्न फाइनेंस कंपनी के नाम पर लोन देने का झांसा देकर भोले-भाले लोगों से साइबर ठगी करते थे। विशेष अभियान तहत साइबर ठगी करने वाले के मोबाइल लोकेशन के आधार पर निगरानी रखते हुए। रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में एएसआई मनीष कुमार, एएसआई रुदल पासवान, एएसआई संजय दास, एएसआई स्वीटी सोरेन के साथ दर्जनों पुलिस बल शामिल थे।

## ट्रक से 13 लाख की चीनी गायब, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर के मामू-भगिना के समीप पुलिस ने पांच दिनों से गायब ट्रक को लावारिश हालत में बरामद किया है। ट्रक पर करीब 13 लाख का चीनी का बोरा लोड था। ट्रक से सारी चीनी गायब थी और चालक भी फरार हैं। बिहार थाना क्षेत्र के खंदकपर निवासी व्यापारी सत्येंद्र कुमार ने दीपनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को गोपालगंज स्थित विष्णु शुगर मिल से गुप्ता रोडलाइंस के ट्रक पर छह सौ बोरी चीनी लोड की गई थी। इस ट्रक को बिहारशरीफ पहुंचना था। ट्रक ड्राइवर पटना के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर का निवासी गोलू कुमार ने 25 अप्रैल की रात अंतिम बार फोन पर बात की थी। उसने बताया कि वह फतुहा में खाना खा रहा है, और जल्द ही बिहारशरीफ पहुंचेगा। हालांकि 26 अप्रैल तक जब ट्रक नहीं पहुंचा और ड्राइवर का फोन स्विच ऑफ हो गया, तब व्यापारी को अनहोनी की आशंका हुई। जीपीएस लोकेशन के आधार पर जब ट्रक की तलाश की गई, तो वह दीपनगर थाना क्षेत्र के मामू-भगना इलाके में लावारिस हालत में मिला, लेकिन उसमें से सारी चीनी के बोरे गायब थी। व्यापारी ने ट्रक ड्राइवर गोलू कुमार, ट्रक मालिक विजय मिश्रा और ट्रांसपोर्ट कंपनी गुप्ता रोडलाइंस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# ठेले पर शव ले जाने की खबर के बाद हरकत में आया प्रशासन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** ठेले पर शव ले जाने की हृदयविदारक खबर ने जिले के प्रशासनिक तंत्र को झकझोर दिया। फजीहत झेल रहे जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मामले की अलग-अलग तरीके से जांच की। एसडीओ काजले वैभव नितिन और सहायक समाहर्ता कृष्णा जोशी ने मंगलवार को डीएम शशांक शुभंकर के आदेश पर मॉडल अस्पताल पहुंच कर मामले की जांच की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में शव वाहन की स्थिति, उपलब्धता और उपयोग पर जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि यह बात सामने आया कि सदर अस्पताल, में वर्तमान में दो शव वाहन उपलब्ध हैं। इनमें से एक वाहन को अस्पताल प्रशासन की पूर्व स्वीकृति के बिना (एसीयू) एंबुलेंस कंट्रोल यूनिट के द्वारा किसी अन्य जिले में भेज दिया गया था। इससे यह स्थिति उत्पन्न हुई और आवश्यकता समय शव वाहन उपलब्ध नहीं हो सका। एसीयू के कर्मी पर स्पष्टीकरण किया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी की हत्या के आरोप में फरार चल रहा पति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** थरथरी थाना क्षेत्र के वस्तापर निवासी सोहन चौहान को थरथरी पुलिस ने गिरफ्तार किया। वह अपनी पत्नी आरती कुमारी की हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि मृतका गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव की निवासी थी। उसकी मां जीरा देवी ने हत्या के मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने एक आरोपित को कुछ दिन पहले रामईश्वर चौहान को गुप्त सूचना के आधार पर बिंद थाना क्षेत्र के अलीपुर ईंट भट्ठा से गिरफ्तार किया था। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में अन्य आरोपितों गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

# 17 वर्षीय युवक की बीच सड़क पर गोली मारकर हत्या



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। सोमवार की देर शाम नगर थाना क्षेत्र के गोपाल नगर मोहल्ले में 17 वर्षीय युवक राजू कुमार उर्फ काजू की बीच सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नवादा-बिहार शरीफ मुख्य मार्ग पर शव रखकर सड़क को जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद लोग हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, एसआई शैलेंद्र कुमार सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान रामपदार्थ सिंह के पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है, जो हाल ही में जुवेनाइल जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ माह पूर्व हुई एक युवक की हत्या में वह लाइनर के रूप में संलिप्त था, जिसे लेकर उसकी रंजिश चल रही थी। देर रात तक जाम की स्थिति बनी रही और आक्रोशित लोग प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते रहे। घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बिहार में नीतीश कुमार के सुशासन मॉडल की प्रशंसा, युवाओं को जवाबदेही का आह्वान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शिक्षक भवन न्यू एरिया नवादा में श्री कृष्णा युवा मंच नवादा की ओर से भगवान परशुराम जी की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह की अध्यक्षता संतोष सिंह तथा संचालन बिट्टू कुमार ने किया। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि जनता दल (यूनाइटेड) नवादा जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने भगवान परशुराम जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में हम लोगों के बीच में आए। भगवान परशुराम जी के पिताजी ऋषि जमदग्नि तथा माता रेणुका के पुत्र थे। इतिहासकारों का मानना है कि भगवान परशुराम चिरंजीवी थे आज भी हम लोगों के बीच में विराजमान हैं। भगवान परशुराम न्यायकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। इतिहासकारों से जो जानकारी प्राप्त होता है न्याय स्थापित करने के लिए 21 बार क्षत्रियों का नाश करने का काम किया। हाल के वर्षों में हमारे समाज के अग्रगणी समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती, महान स्वतंत्रता सेनानी श्री कृष्णा बाबू, कविता के माध्यम से देश और दुनिया को राह दिखाने वाले राष्ट्रकवि दिनकर, शिक्षा के क्षेत्र में संबल प्रदान करने वाले सर गणेश दत्त, कोकीला आवाजों से मंत्र मुग्ध करने वाली देश और दुनिया में खुशबू फैलाने वाली शारदा सिन्हा जी जैसे विभूतियां न्याय एवं सुशासन के साथ ही समाजवाद स्थापित करने में महती भूमिका का निर्वहन किया है आज हम लोगों को अपने पूर्वजों के बताएं रास्ते पर चलने की जरूरत है। हमारे महापुरुषों ने हमारे समाज को ही नहीं सभी वर्ग धर्म के लोगों को दर्पण दिखाने का काम किया है। समता मूलक समाज स्थापित करने में हमारे पूर्वजों का भरपूर योगदान रहा है। हम लोगों के पूर्वजों के बताए रास्ते पर चलकर वर्तमान समय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न्याय के रास्ते पर चलकर बिहार में सुशासन व्यवस्था स्थापित किया है। आज हमारे समाज के नौजवानों के कंधो पर बहुत बड़ी जवाबदेही है। मुख्यमंत्री के अगुवाई में न्याय के साथ सुशासन जो स्थापित हुई है। उससे बनाए रखने की जरूरत है। आज जो देखने को मिल रही है की कुछ समाज के वैसे लोग जो किसी प्रकार से अकुत दौलत जमा कर धन कुबेर बन कर अपने दौलत के बल पर अपना विचार समाज पर थोपना चाहते हैं।

**कृष्णा युवा मंच ने मनाई परशुराम जयंती**

जयंती समारोह के आयोजन कर्ता पुष्कर सिंह, भानु शंकर,छोटू सिंह, सौरभ गुरु, अंकित कुमार राय, टुनटुन सिंह के द्वारा भव्य आयोजन की गई। जयंती समारोह के अवसर पर जनता दल यूनाइटेड जिला उपाध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, जिला अभियान प्रभारी डॉक्टर सतीश कुशवाहा, विकास कुमार प्रखंड अध्यक्ष जदयू रोह, विकास कुमार राजा, राज बिहार, गुड्डू पांडे वार्ड सदस्य, अजीत शंकर,शिवम कुमार, अंकित गुरु, अंकुश कुमार, अजीत शंकर, चंदन कुमार, उमेश सिंह के अलावे सैकड़ों नौजवान साथियों ने भगवान परशुराम जी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# हिलसा उपकारा का एसडीओ प्रवीण कुमार ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) प्रवीण कुमार ने मंगलवार को हिलसा उपकारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले जेल परिसर में 'बंदी दरबार' का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों ने अपनी समस्याएं सीधे एसडीओ के समक्ष रखीं। कई बंदियों ने बताया कि उनकी जमानत याचिकाएं लंबे समय से लंबित हैं। कुछ ने भूमि विवाद, पारिवारिक आर्थिक तंगी और अधिवक्ताओं की कार्यकुशलता को लेकर भी चिंता जताई। हालांकि अधिकांश बंदियों ने भोजन व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के उपरांत कारा परिसर की सुरक्षा का ऑडिट भी किया गया, जिसमें निम्नलिखित कमियां चिन्हित की गईं– जेल की चारदीवारी की ऊंचाई अपर्याप्त पाई गई, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई। बैरिक की बालकनी में सुरक्षा ग्रिल लगाए जाने की अनुशंसा की गई। निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने पर बल दिया गया। शौचालयों की स्थिति अत्यंत जर्जर पाई गई, जिन्हें भवन निर्माण विभाग के माध्यम से शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन 20 शैय्या पुरुष एवं महिला बैरिकों का भी जायजा लिया गया। कार्य प्रगति पर है और गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। निर्माण एजेंसी को कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ प्रवीण कुमार ने बंदियों से संवाद करते हुए आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान की दिशा में हर संभव प्रयास करेगा। स्थानीय स्तर पर समाधान संभव न होने वाली समस्याओं को राज्य सरकार तक भेजा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बंदियों की सुरक्षा, गरिमा और अधिकारों की रक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, जेल कर्मी, भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** पेंशनर भवन नारदीगंज में मंगलवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अध्यक्षता प्रखंड पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार भगवान परशुराम की जयंती वैशाख मास के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाई जाती है। त्रेता युग के रामायण काल में ऋषि जमदग्नि और उनकी क्षत्रिय पत्नी रेणुका के घर में भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। वह भार्गव गोत्र से संबंधित है। भगवान परशुराम के वंशज ब्राह्मण माने जाते हैं। परशुराम को अपने पिता से ज्ञान प्राप्त हुआ था। वो पितृभक्त थे। वे अपने पिता की आज्ञा से अपनी मां रेणुका का वध कर दिया था। इस पर उनके पिता ने प्रसन्न होकर वरदान स्वरुप मां को जीवित कर दिया था। ऐसी घटना त्रेता युग की मानी जाती है। मौके पर रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, चंद्रिका सिंह, नरेश कुमार, यमुना सिंह, सिया शरण दास, दशरथ प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद, विजय रंजन नीरू समेत अन्य परशुराम भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार सरकार के निर्देश पर बाल विवाह पर रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में जागरूकता अभियान सह नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों से बाल विवाह नहीं करने की अपील की गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शादी उनकी परिपक्वता से पहले न करें। यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है,जो बच्चों के शारीरिक मानसिक और भावनात्मक विकास को प्रभावित करता है। मौके पर शारीरिक शिक्षक आराधना कुमारी, संगीत शिक्षक गुरुचरण यादव, प्रियंका प्रेरणा, सुरेन्द्र नारायण,ओम प्रकाश कुमार, संदीप आदि मौजूद थे।

# 37 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 28 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, पोक्सो में 01, मद्य निषेध में 11 एवं अन्य गिरफ्तारी 24 कुल 37 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 130 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-38 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-08 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 751 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 17 हजार 500 रूपया वसूला गया है।

अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाइकिल 01 एवं ट्रैक्टर 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर छात्रों के बीच प्रतियोगिता आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्थानीय मंगलास्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन नृत्य शिक्षिका अनुषा रूपल व निशा भारती के नेतृत्व में विद्यालय के चेयरमेन रंजीत प्रसाद सिंह, सचिव डॉ. रविचंद कुमार, प्राचार्य उमेश कुमार, उपप्रचार्या ज्योति मेहता अजीत कुमार, ज्योति मौर्या, प्रवीण कुमार व रश्मि रानी के द्वारा संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य संगीत बंदे मातरम से किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने आकर्षक व मनमोहक नृत्य, संगीत व झाकियां पेश किया। विधालय के चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह व सचिव डॉ रविचंद कुमार ने विद्यार्थियों को नृत्य का लाभ बताते हुए इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी, क्योंकि नृत्य हमारे जीवन का अंग है। नृत्य करने से न केवल हमारा व्यायाम होता है बल्कि मन भी खुश रहता है, हम स्वस्थ तथा सचेत रहते है। विद्यालय के सुनहरे भविष्य के लिए इन बातों को ध्यान में रखकर ऐसे संभव प्रयास किए जाते है, जिससे विधार्थी प्रत्येक गतिविधियों का लाभ प्राप्त कर अपना मानसिक व बौद्धिक विकास करते हैं। इसी क्रम में परियोजना प्रबंधक ज्योति मौर्या ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्कूल के तरफ से बच्चों के ज्ञान व स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों समय समय पर कराई जाती है। नृत्य शिक्षिका अनुषा रूपल व निशा भारती ने बच्चों को बताया कि महान नर्तक जॉर्ज नावेरी के जन्मदिन के अवसर पर 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया जाता है, नृत्य से बच्चों में आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। शिक्षक दीपक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय पुरातन संगीत पद्धति में कई तरह के नृत्य हैं , जिनमें हमारी संस्कृति की शालीनता झलकती है। मंच संचालन राज नंदिनी, अनामिका प्रकाश व छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रिया सिंह के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक ऋषिकेश कुमार, प्रिया सिंह, शशी प्रभा, प्रीति कुमारी, निशा, रेणु कुमारी, शबाना तबस्सुम, हीना कौसर, पूजा शर्मा, पूनम कुमारी, राधिका, अनीषा भारती, संतोष कुमार, सभ्यता चामलिंग, सुरभि चामलिंग, रेवत खवास, सदफ नेयाज, संगीत के शिक्षक दिलखुश पांडेय, सोनू कुमार का सहयोग रहा।

# केवीके में चल रहे दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा अवस्थित राजेन्द्र भवन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी, पटना के बैनर तले वार्षिक कार्य योजना को लेकर चल रहे दो दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन किया गया। समापन के अंतिम दिन कार्यशाला में मौजूद कृषि वैज्ञानिकों को सम्बोधित करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी, पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ0 डीबी सिंह ने वैज्ञानिकों से कहा कि आने वाले दिनों में आपलोग ऐसे तकनीक विकसित करें, जिससे कि किसान, युवा एवं खासकर महिलाएँ लाभान्वित हो सकें। बता दें कि दो दिवसीय कार्यशाला में बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर,भागलपुर अंतर्गत सभी 22 कृषि विज्ञान केंद्रों के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान शामिल हुए। इसके पूर्व कार्यशाला में विभिन्न प्रान्तों से आए कृषि वैज्ञानिकों ने वर्ष 2025 के लिए वार्षिक कार्य योजनाओं का रोड-मैप तैयार किया। मौके पर केवीके के प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ0 जयवंत कुमार सिंह, डॉ. अंगद कुमार, रौशन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# डॉ. अनुज सिंह ने जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में की आर्थिक मदद, लोगों ने जताया आभार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** समाजसेवी, शिक्षाविद एवं जन जागृति फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह ने एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में आर्थिक सहयोग कर मानवीयता का परिचय दिया। नवादा सदर प्रखंड के लोहरपुरा पंचायत अंतर्गत सिकंदरा गांव निवासी सनोज राजवंशी एवं रीता देवी की पुत्री के विवाह हेतु डॉ. सिंह ने 10,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की। उनके इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों और ग्रामीणों ने आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. अनुज ने परिवार से मिलकर नवविवाहिता के सुखद भविष्य की कामना की और कहा कि सच्चा धन वही है जो किसी जरूरतमंद के काम आए। उन्होंने कहा कि गरीब बेटियों की शादी में सहायता देना समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और जन जागृति फाउंडेशन सदैव असहायों की मदद के लिए तत्पर रहेगा। सेवा से मिलने वाला आत्मिक सुकून ही मानवता की असली पहचान है। इस अवसर पर फाउंडेशन के कार्यकर्ता विकास कुमार, राजेश कुमार, दिलीप कुमार, विपिन कुमार, अरुण कुमार, पारस कुमार, डॉ. संजय कुमार, मनोज कुमार, विपुल कुमार, ईश कुमार, अभय सिंह, सुनील कुमार और अनीता देवी भी मौजूद रहे।

# बाल सभा में बच्चों ने रखी मुखिया के समक्ष समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार ( पश्चिमी) में सोमवार को पिरामल फाउंडेशन समन्वयक संजीव कुमार एवं मंतोष कुमार के द्वारा बाल सभा का आयोजन किया गया। बाल सभा में अतिथि के तौर पर पंचायत के मुखिया विनय कुमार शामिल हुए। इसके साथ ही वार्ड मेंबर एवं कई अभिभावक शामिल हुए। छात्रा करीना कुमारी एवं निशा कुमारी ने स्वागत गान प्रस्तुत की। बाल सभा में सभी बच्चे अपने-अपने पोषक क्षेत्र एवं विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से मुखिया को अवगत कराया। बच्चों के द्वारा विद्यालय में एक खेल का मैदान,चारदीवारी, पुस्तकालय तथा विद्यालय सौंदर्यीकरण की मांग की गई। मुखिया ने विद्यालय के विभिन्न समस्याओं का निराकरण के लिए बच्चों को आश्वासन दिया। जिससे बच्चे काफी उत्साहित एवं प्रफुल्लित हुएद्य इस अवसर पर प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, प्रहलाद कुमार, सुनीता कुमारी, शोभा कुमारी, उजाला कुमारी, धीरज कुमार एवं प्रीति कुमारी आदि उपस्थित थे।

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित



**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में सोमवार को एक समारोह आयोजित कर विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता मशाल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल में चंद्रगुप्त एवं विद्याराज को पुरस्कृत किया गया। कबड्डी में सोनाली एवं संजना को सम्मानित किया गया। बालक कबड्डी प्रदीप राज एवं गौतम को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। अन्य इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. रंजन आर्य, मदन मोहन प्रसाद, अरविंद कुमार, विद्यानंद चौरसिया, आरोही, प्रिंसेस प्रियंका, धीरज कुमार विश्वकर्मा, मनोरंजन कुमार, अजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पशुपालन पदाधिकारी ने सूचित किया है कि मई 2025 में नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों में एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके तहत पशुपालकों को निःशुल्क पशु चिकित्सा सेवाएं व जानकारी प्रदान की जाएगी। यह शिविर क्रमशः 3 मई को अकबरपुर प्रखंड के पतांगी गांव (पैजुना पंचायत), 5 मई को कौआकोल के महापुर गांव, 14 मई को वारिसलीगंज के गंभीर सोनवरसा, 15 मई को नरहट के कोनीवर, 21 मई को पकरीबरावां के किशोरी, 24 मई को हिसुआ के तुंगी, 26 मई को गोविंदपुर के विशुनपुर तथा 28 मई को रोह प्रखंड के पचोहिया गांव में आयोजित होगा। प्रत्येक शिविर में प्रभारी एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह शिविर पशुपालकों को पशु उपचार, टीकाकरण, पोषण व देखभाल संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से चलाया जाएगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो ने चलाया संपर्क अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा कार्यालय द्वारा राज्य सरकार संपर्क अभियान चलाया गया। यह अभियान बिहार राज्य के 21 जिलों में आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य राज्य सरकार के जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यालयों के उच्च अधिकारियों को भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न प्रमाणन योजनाओं, मानक चिन्हों एवं गुणवत्ता से जुड़ी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था। इस विशेष जागरूकता अभियान को राज्य के 24 पॉलिटेक्निक एवं अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, जो कि बीआइएस मानक क्लब के सक्रिय सदस्य हैं, ने सफलतापूर्वक संचालित किया। अभियान के दौरान इन युवाओं ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों जैसे- राज्य स्तरीय कार्यालयों पंचायती राज विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भवन निर्माण विभाग, पथ निर्माण विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग आदि।

**जिला स्तरीय कार्यालयों :** समाहरणालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, प्रमुख अभियंता पीएचइडी, आरसीडी, बीसीडी इत्यादि के अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर उन्हें बीआइएस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इन अधिकारियों ने भी बीआइएस के इस जन-जागरूकता प्रयास में सक्रिय भागीदारी निभाई और मानक क्लब के वालंटियर्स के इस प्रयास की सराहना की। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु बीआइएस द्वारा विशेष रूप से क्वालिटी कनेक्ट नामक एक मोबाइल ऐप विकसित किया गया जिसकी सहायता से वालंटियर्स द्वारा अधिकारियों की जानकारी जैसे नाम, पद, संपर्क संख्या एवं फोटो अपलोड कर प्रश्नावली के उत्तरों के आधार पर सफल संपर्क दर्ज किया गया। प्रत्येक वालंटियर को कम से कम 10 सफल प्रविष्टियां करनी होती थीं जिससे वे 1500/- के होनोरैरियम के लिए पात्र बनते। इस व्यापक अभियान में कुल 107 वालंटियर्स ने भाग लिया और 743 राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों को क्वालिटी कनेक्ट ऐप के माध्यम से जागरूक किया। यह अभियान भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा कार्यालय के निदेशक चन्द्रकेश सिंह के नेतृत्व में तथा सुधांशु सुमन (उप निदेशक), हिमांशु कुमार (उप निदेशक), मनोज बी. चव्हाण (संयुक्त निदेशक), निशांत प्रशेर (संयुक्त निदेशक), अनुज कुमार (उप निदेशक), आबिद हुसैन (उप निदेशक), विजय कुमार गौरव (संयुक्त निदेशक) एवं प्रशांत तिवारी (मानक प्रचार अधिकारी) के मार्गदर्शन में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सचिव की अध्यक्षता में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के निर्देशानुसार सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के सचिव के सभा कक्ष में सचिव अरविंद कुमार दास की अध्यक्षता में सभी बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमें अधिक से अधिक बैंक ऋण मामले से संबंधित नोटिस करने एवं सुलहवार्ता कर मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सचिव द्वारा बैंक ऋण वाद निष्पादन पर विशेष जोर दिया। सचिव ने आमजनों से अपील किए हैं कि बैंक ऋण के मामले को सुलह के आधार पर समाप्त कराकर लाभ उठाएं। साथ ही बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने बैंक क्षेत्र में प्रचार प्रसार करें। इस मौके पर बैंक के अधिकारी गौतम प्रकाश स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, धीरंजन कुमार सिंह बैंक ऑफ बड़ौदा, बीरेंद्र कुमार बैंक ऑफ इंडिया, संतोष कुमार पंजाब नेशनल बैंक, रविकांत कुमार सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, मोहम्मद बसामा खान केनरा बैंक, केशव कुमार दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, अश्विनी कुमार हर्ष इंडियन बैंक उपस्थित रहे।

# इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय ने किया जागरुकता सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बिहारशरीफ एवं शाखा कार्यालय डुमरांव द्वारा क्रमशः डीईओ कार्यालय, जिला शिक्षा कार्यालय, डेफोडिल पब्लिक स्कूल, सुमित्रा महिला कॉलेज में बीमित कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा और नकद हितलाभ को लेकर जागरूक किया गया।

# शादी की खुशी मातम में हुई तब्दील, सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के खजुरी पंचायत अंतर्गत सलेमपुर गांव में उस समय मातम छा गया जब बेटी की शादी की तैयारियों में जुटे पिता मुरारी महतो की एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे रफीगंज- शिवगंज मार्ग पर हो गई। जानकारी के अनुसार मुरारी महतो अपनी बेटी की शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए सगे संबंधियों के घर निकले थे। वे एक ऑटो में सवार थे जो अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में मुरारी महतो की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय लोगों ने उनके पास मौजूद थैले में रखे शादी के कार्ड से हुई। हादसे की खबर सुनते ही गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मुरारी महतो के परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम उपरांत स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# शिक्षकों की समस्याओं के निष्पादन के लिए स्ट्रक्चर्ड वेबसाइट की स्थापना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए शिक्षा विभाग ने एक स्ट्रक्चर्ड वेबसाइट की स्थापना की है। इसके अंतर्गत ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षकों को अपनी शिकायत दर्ज करने का विकल्प दिया गया है। इस पोर्टल पर राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कोई भी शिक्षक अपने लॉगइन के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि शिक्षकों की शिकायतों के निराकरण के लिए विभाग ने कई तरह की व्यवस्था कर रखी है जिसमें जिला और प्रखंड स्तर पर इनकी समस्याओं के निष्पादन के लिए प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार का आयोजन भी शामिल है। ताकि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जाए, लेकिन उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर निवारण नहीं होने से शिक्षक मुख्यालय में स्थापित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में अपनी शिकायत दर्ज कराने लगे हैं जबकि शिक्षकों द्वारा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में समर्पित आवेदनों को जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजकर उनका निष्पादन कराया जाता है। अपर मुख्य सचिव का कहना है कि स्थानीय स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं होने से बड़ी संख्या में शिक्षक राज्य मुख्यालय पहुंच जाते हैं। कभी-कभी तो ऐसा भी देखा गया है कि वे अपने पूरे परिवार के साथ अपनी समस्याएं लेकर वरीय पदाधिकारियों से मिलने सचिवालय पहुंच जाते हैं। इससे शिक्षकों को व्यक्तिगत कठिनाई तो होती ही है, वहीं राज्य मुख्यालय का कार्य भी बाधित होता है। उन्होंने कहा कि बार-बार क्षेत्रीय पदाधिकारियों को कहा गया है कि वे स्थानीय स्तर पर ही शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि ऐसा लगता है कि इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने बताया अब सारी शिकायतें स्ट्रक्चर्ड वेबसाइट पर दर्ज करने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, निदेशक मध्याह्न भोजन योजना के साथ-साथ अपर मुख्य सचिव इन शिकायतों को एक साथ देख सकेंगे जबकि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत केवल प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक और अपर मुख्य सचिव ही देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी का यह दायित्व है कि शिकायतों का निष्पादन कर अनुपालन प्रतिवेदन इसी ई-शिक्षा कोष पर अपलोड करेंगे, ताकि अपर मुख्य सचिव के जन शिकायत कोषांग द्वारा समय-समय पर अनुपालन की समीक्षा हो सके। शिक्षक भी दर्ज की गई अपनी शिकायत को लेकर की गई कार्रवाई को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर देख सकते हैं।

# अक्षय तृतीया पर इस्कॉन गया द्वारा खिचड़ी का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के रेड क्रॉस स्थित इस्कॉन मंदिर के प्रबंधक द्वारा 30 अप्रैल को आगामी अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर पूरे गया शहर में 10,000 कटोरे पौष्टिक खिचड़ी का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। अक्षय तृतीया हिंदू पंचांग के अनुसार एक अत्यंत शुभ तिथि माना जाता है। इस अवसर पर इस्कॉन प्रबंधक सेवा और परोपकार की भावना के साथ यह विशेष आयोजन कर रहा है। ताकि गया के नागरिकों को प्रसाद रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा सके। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम पूरे दिन शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस्कॉन के स्वयंसेवक टीम के माध्यम से व्यवस्थित ढंग से वितरण किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस सेवा का लाभ पहुंचाया जा सके।

# देवेन्द्र कुमार पाण्डेय बने नीमचक बथानी थानाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** गुरारू थाना में 1 मार्च 23 से 18 फरवरी 24 तक थानाध्यक्ष के रूप में रहे देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को नीमचक बथानी थानाध्यक्ष के रूप योगदान किया। गौरतलब है कि श्री पाण्डेय ने पुलिस निरीक्षक के रूप में पदोन्नति के बाद पहली बार थानाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है। इससे पूर्व वे तकनीकी शाखा में पदस्थापित रहे। ज्ञात हो कि श्री पाण्डेय का गुरारू थाना में थानाध्यक्ष के रूप में काफी सराहनीय योगदान रहा था। इनकी भव्य विदाई से इनके कार्य क्षमता की विवेचना उस वक्त हो रही थी। आज तक किसी थानाध्यक्ष की विदाई ऐसी नहीं हुई थी। श्री पाण्डेय ने मथुरापुर क्षेत्र में गुप्त रूप से बालू का अवैध धंधा करने वाले एक स्थानीय नेता को ऐसा सजा था कि नेता और लोग भी याद रखे हैं। हालांकि निरीक्षक में पदोन्नति के बाद पुलिस लाइन में स्थानांतरण से स्थानीय कुछ सफेदपोशों ने काफी दुष्प्रचारित किया था कि यह स्थानांतरण मेरी देन है और श्री पाण्डेय कभी थानाध्यक्ष नहीं बनेंगे। नीमचक बथानी थानाध्यक्ष बनाए जाने पर दर्जनों लोगों ने खुशी जताई है।

# जीबीएम कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित एस्से राइटिंग कॉम्पटीशन में हर्षिता और माही प्रथम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की ओर से द रोल ओब डिजैस्टर मैनेजमेंट इन एम्पावरिंग द नेक्स्ट जेनेरेशन फॉर अ सेफ एण्ड बेटर फ्यूचर विषय पर आयोजित एस्से राइटिंग कॉम्पटीशन में हर्षिता मिश्रा एवं माही को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर अंजली कुमारी एवं श्रुति कुमारी रहीं, जबकि तृतीय स्थान पर श्रुति सिंह, अंजली कुमारी, एवं सयेमा परवेज़ रहीं।प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी, प्रतियोगिता की संयोजक अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ पूजा, एवं निर्णायक मंडल की सदस्य डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ फरहीन वज़ीरी एवं प्रीति शेखर ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर चयनित विजेता प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. रश्मि ने बताया कि अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित इंग्लिश पोयम राइटिंग कॉम्पटीशन का परिणाम भी शीघ्र घोषित किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर चयनित सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित भी किया जायेगा।

# नशे के लिए तालाब में कूदा दिव्यांग युवक लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के रामशिला पहाड़ की तलहटी में बने ऐतिहासिक रामकुंड तालाब में रविवार को नशे की लत से जूझ रहा एक दिव्यांग युवक सुलेशन निकालने के चक्कर में तालाब में कूद पड़ा और वह डूब गया। युवक की पहचान वारिस नगर मोहल्ला निवासी दिव्यांग युवक सोनू के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वो कबाड़ चुनने-बीनने का काम किया करता था और लंबे समय से सुलेशन पीने का आदी था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रविवार करीब 4 बजे किसी ने युवक के हाथ से सुलेशन छीन कर रामकुंड तालाब में फेंक दिया। नशे की तलब में युवक उसे निकालने के लिए तालाब में कूद पड़ा, लेकिन वह तैरना नहीं जानता था। कुछ ही देर में वह पानी में डूबने लगा। स्थानीय तैराकों ने उसे बचाने की कोशिश की, पर कामयाबी नहीं मिली। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी धनंजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि अब तक युवक का शव तालाब से नहीं निकाला जा सका है। इसके लिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है, लेकिन खबर लिखे जाने तक टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। हालांकि मौसम खराब होने की वजह से अब अंधेरा भी पूरी तरह से छा गया है। ऐसे में शव की तलाश कठिन है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना करीब चार बजे हुई थी। तब से पुलिस और स्थानीय लोग एसडीआरएफ का इंतजार कर रहे हैं। रामकुंड तालाब के किनारे भारी संख्या में लोग जुटे हुए हैं।हर कोई बस युवक के शव निकलने का इंतजार कर रहा है। वहीं, पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की पूरी जानकारी जुटाई है।

# 20 साल पुराने जर्जर भवन पर बनाया जा रहा दो मंजिला मवेशी अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड स्थित मवेशी अस्पताल का निर्माण युगों के बाद गुरुआ प्रखंड कार्यालय में कराया जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज से करीब 30 से 35 वर्ष पूर्व बने आधा अधूरा मवेशी अस्पताल जो आज के समय में खंडहर में तब्दील हो गया है जिसका पिलर टूट रहा है, छड़ बाहर की तरफ दिख रहा है और उसमें लगे ईंट भी पूरे तरह से खराब हो गया है फिर भी नए भवन का योजना पास करा कर उसी खंडहर को नया और पन्ना प्लास्टर कर पुराने खंडहर को ठेकदारों द्वारा छिपाने का काम किया जा रहा है और बाते यह भी है कि जिस भवन का नींव ही कमजोर होगा तो उसके ऊपर भवन बना देने से तो और कमजोर हो जाएगा और कभी भी इस तरह के भवन को गिरने की संभावना भविष्य में बनी हुई रहेगी। बात इतना ही नहीं है जहां पर भवन का निर्माण हो रहा है वहां से महज प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी का कार्यालय बहुत ही नजदीक है फिर भी ये दोनों आलाधिकारी इस प्रकार के हो रहे निर्माण में आंख में पट्टी बांध कर चुप्पी साधे हुए हैं। इस लीपापोती पर कोई भी अंकुश लगाने का कार्य नहीं किए जब इस घोटाला को लेकर जे ई आलम कॉल से पूछा गया तो उन्होंने पलड़ा झाड़ते हुए ये कहने लगे कि अब हम यहां नहीं हैं आप ठेकेदार से समझिए।


## शपथ पत्र

मैं राकेश साह, पिता-अनिल साह ग्राम-मानी मेयारी बाजार मेयारी, जिला-रोहतास का निवासी हूं। मैं निम्नलिखित बयान करता हूं कि मेरे नाम से एल.आई.सी. का एक पालिसी नं.-5197 46280 है जिसमें मेरा नाम रिकेश कुमार दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राकेश साह दर्ज है। रिकेश कुमार एवं राकेश साह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मैं दोनों नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाता हूं। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है। शपथ पत्र सं. 3710 दिनांक 03.12.2024 है।

शपथकर्ता
राकेश साह


# महादलित टोली में पानी को लेकर हाहाकार! बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखण्ड के मंडा पंचायत के गम्हरिया महादलित टोली में पानी को लेकर हाहाकार! नल जल योजना फेल, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं महादलित परिवार, हालात बेहद चिंताजनक हैं। भीषण गर्मी में ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। चापाकल और हैंडपंप सबने जवाब दे दिया है और हालात ऐसे हैं कि लोगों को रोजाना कई किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाना पड़ रहा है। गुरुवा प्रखंड के मंडा पंचायत अंतर्गत गम्हरिया भुइया टोली में गर्मी के साथ ही पानी की किल्लत गहराती जा रही है। गांव के सारे चापाकल या तो सूख चुके हैं या खराब हो चुके हैं। गांव की महिलाएं और बच्चे दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे प्रखंड कार्यालय पहुंचकर एक लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में गांव में नया चापाकल लगाने की मांग की गई है ताकि पीने के पानी की व्यवस्था हो सके। गम्हरिया भुइया टोली की ये तस्वीरें झकझोरने वाली हैं। सवाल ये है कि आखिर कब तक ग्रामीण ऐसे हालात में जीने को मजबूर रहेंगे? अब देखना है कि प्रशासन और पंचायत कब इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हैं।

# समाजसेवी राम विजय विश्वकर्मा का हृदय गति रुकने से निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के खजुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम विजय विश्वकर्मा का हृदय गति रुकने से मंगलवार की सुबह 11 बजे पटना में निधन हो गया जिससे जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मुखिया संघ के अध्यक्ष शिव कुमार चौहान, आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, परसावां मुखिया दिलीप कुमार, तिनेरी मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, केर मुखिया शशि कुमार, श्रीगांव मुखिया कलावती देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और जदयू जिला महासचिव मो.आकिब आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जमीलू रहमान ने कहा कि राम विजय विश्वकर्मा का समाज के लिए योगदान अविस्मरणीय रहेगा। बता दें कि ग्राम नेहोरा निवासी राम विजय विश्वकर्मा उम्र 55 वर्ष, खजूरी पंचायत के मुखिया रेणु शर्मा के पति थे और जेडीयू में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव थे। उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पटना में इलाज हेतु भर्ती कराया गया था जहां हृदय गति रुकने के कारण उनका निधन हो गया। उनके तीन पुत्र हैं।

# नामांकन में अधिक राशि लिए जाने से छात्र-छात्राओं में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के विभिन्न हाईस्कूलों में चल रहे बच्चों को 9वीं, दसवीं क्लास में नामांकन में हाईस्कूल के हेडमास्टरों के द्वारा बच्चों के नामांकन में अधिक राशि लिए जाने से छात्र-छात्राओं में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बुरी घटना को लेकर स्कूल में पढ़ रहे बच्चों ने वहां के हेडमास्टर के प्रति घोर नाराजगी जाहिर की है। हंगामा कर रहे छात्र ने बताया कि बिहार सरकार के द्वारा दसवीं वर्ग के नामांकन के लिए अनुसूचित वर्ग के लिए 356 रूपये जबकि अन्य वर्ग के लिए 476 रुपए निर्धारित किया है जबकि गुरुआ के भरौंधा, गुरुआ, सिमारू विभिन्न हाईस्कूलों में दसवीं कक्षा में अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं से 500 रुपए तो वहीं अन्य वर्ग के बच्चों से 750 रुपए तक स्कूल के हेडमास्टर के द्वारा अधिक पैसे बच्चों से उगाही की जा रही है। साथ ही बच्चों ने बताया कि हमलोगों के द्वारा नामांकन के लिए दी जाने वाली राशि का कोई रसीद भी नहीं दिया जा रहा है। इस घटना को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच हेडमास्टर के प्रति बढ़ी आक्रोश देखने को मिल रही है। हालांकि इस घटना को लेकर कई दफा इसकी सूचना ब्लॉक के स्थानीय संबंधित अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही मामले को संज्ञान लेते हुए सभी विद्यालयों में सुधार हेतु लेटर जारी तो कर दिया गया, परंतु अधिकतर स्कूल में हेडमास्टरों एवं शिक्षकों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रहा है और लूट खसोट का खेल जारी है जिससे आक्रोशित बच्चों ने इसकी जांच गया के जिला प्रशासन से करने की मांग की है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(बरामद अज्ञात मृत बच्चा के शव का फोटो)**



बड़गड़ थाना (जिला–गढ़वा, झारखण्ड ) के द्वारा दिनांक 23.04.2025 को बड़गड़ थाना अंतर्गत ग्राम बींजपुर में एक कुआं से एक अज्ञात मृत बच्चा का शव बरामद किया गया है, जिसकी उम्र करीब–08–10 माह है। इस संबंध में बड़गड़ थाना सनहा सं0–08/25 दिनांक–23.04.2025 अंकित किया गया है। उक्त बरामद अज्ञात मृत बच्चा की पहचान एवं इसके अभिभावक तथा अन्य संबंधी के बारे में पता लगाया गया परन्तु उक्त बरामद अज्ञात मृत बच्चा के बारे में या इसके परिजन के बारे में अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त बरामद अज्ञात मृत बच्चा के शव का पहचान या इसके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :– उम्र करीब–8–10 माह, रंग–गोरा, हांथ व पैर में काला रंग का धागा पहनाया हुआ, तथा पुरा बदन नग्न अवस्था में।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 351371 Police (25-26)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री प्रमोद सिंह, ग्राम– देवी मण्डप न्यू एरिया, अंचल– औरंगाबाद जिला– औरंगाबाद, बिहार को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पैकेज संख्या– ***JH14AEC04*** के तहत लातेहार जिला लातमोड़ से लात(L-1.02 Km) पथ निर्माण जिसका एकरारनामा संख्या– PMGSY/SBD-19A/2018-19 है। आपको निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु बार–बार पूर्व में स्मार पत्र दिया गया है। परन्तु आपके द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के पत्रांक 2307 दिनांक 09.12.2024 के द्वारा अभियंता प्रमुख आपको कारण पृच्छा नोटीस जारी करने हेतु निर्देश दिया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 1450 दिनांक 12.12.2024 एवं प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 1502 दिनांक 23.12.2024 के द्वारा निर्माण कार्य को माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने हेतु अन्तिम स्मार दिया गया था। परन्तु आपके द्वारा अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने में कोई रूची नहीं ली जा रही है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम बार निर्देश दिया जाता है कि निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में आपके एकरारनामा को रद्द करते हुए आपके फर्म को काली सूची में डालने की अनुशंसा विभाग को कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
लातेहार।

PR.NO.351404 Rural Development(25-26):D



## ई० प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–05 2025.26**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–05/2025-26/EE/BCD/GARHWA दिनांक–29.04.2025

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Renovation of Administrative Building, Work Shop, Canteen, Generator Room, Boundary Wall, P.C.C Road in the Campus of ITI Jhagarakharn, Block Bhawnathpur Distt. Garhwa for the year 2025-26. | ` 2,26,15,200.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 09 (नौ) माह
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.05.2025 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 13.05.2025 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 15.05.2025 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, झारखण्ड,राँची लिंक टैंक रोड, पिन कोड–834001
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.351375 Building(25-26):D

संपादकीय

# सिंधु से सीमा तक सख्ती

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले का स्वरूप ऐसा है कि भारत सरकार के लिए इस मसले पर ठोस कार्रवाई करना वक्त की जरूरत है। इसलिए भारत ने इस बर्बर घटना के बाद सख्त कदम उठाते हुए अगर पाकिस्तान को साफ संदेश दिया है तो यह स्वाभाविक है। यह जगजाहिर हकीकत है कि भारत में आतंकवादी गतिविधियों के पीछे पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। इसलिए भारत के सामने अब एक तरह की मजबूरी आ खड़ी हुई है कि वह आतंकवाद और उसे शह देने वाले देश के खिलाफ नीतिगत स्तर पर कोई ठोस कदम उठाए।इसी क्रम में भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध कई कड़े कदम उठाने की घोषणा की। इनमें पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा पर पाबंदी, दूतावास में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में कटौती, अटारी-वाघा सीमा को बंद करना और सबसे अहम छह दशक पुरानी सिंधु जल संधि के क्रियान्वयन को निलंबित करना शामिल है।जाहिर है, भारत की ओर से आतंक के विरुद्ध उठाए गए ये कदम पाकिस्तान को नागवार गुजरेंगे, लेकिन सच यह है कि लंबे समय से भारत में आतंकवाद की समस्या को और ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की जो भूमिका रही है, उसने कई स्तर पर मुश्किलें खड़ी की हैं।दूसरी ओर, आतंकवाद को बढ़ावा देने में अपने भूमिका पर शर्मिंदा होने के बजाय पाकिस्तान इस मसले पर आमतौर पर अपनी हठधर्मिता ही प्रदर्शित करता रहा है। इस बार भी जब भारत ने कुछ सख्ती दिखाई तो हकीकत स्वीकार करने के बजाय पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई के तौर पर भारत के साथ द्विपक्षीय शिमला समझौते को निलंबित करने, हवाई क्षेत्र और सीमाओं को बंद करने जैसे कुछ कदम उठाने की घोषणा कर दी।सवाल है कि ऐसा करके पाकिस्तान क्या साबित करना चाहता है। पहलगाम में आतंकी हमला आतंकवादियों के अपने एजंडे के लिए क्रूरता की हर हद को पार करने की मंशा का सबूत है। वरना क्या कारण है कि कश्मीर गए जिन पर्यटकों का उद्देश्य वहां घूमना-फिरना और प्रकृति के सौंदर्य के बीच खुशी के कुछ पल गुजारना था, उन्हें भी मार डालने में आतंकियों को कोई हिचक नहीं हुई।इस हमले का एक सीधा असर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर चोट भी है। सवाल है कि इस तरह की क्रूरता करके आतंकवादी किसके हित में काम कर रहे हैं। समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत सबूतों के साथ आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करता रहा है। मगर पाकिस्तान हर बार इसे महज आरोप बताता है। जबकि भारतीय सीमा में घुसपैठ से लेकर आए दिन होने वाले आतंकी हमलों में पाकिस्तान के संरक्षण के तथ्य सामने आते रहे हैं।फिलहाल पाकिस्तान जल संकट से दो-चार है और ऐसे में अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की है तो इससे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी। पहलगाम में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें काफी लोगों की मौत के बाद भारत ने जो सख्त कदम उठाने की घोषणा की है, उसमें यह संदेश साफ है कि अगर पाकिस्तान आतंक के रास्ते भारत को अस्थिर करने और निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादी संगठनों को समर्थन और शह देना जारी रखता है तो उसे इसके नतीजे भी भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# अक्षय तृतीया प्रदान करती है सुख-समृद्धि

6 माह पश्चात भगवान ऋषभदेव आहारचर्या बतलाने के लिए कि जैन साधुओं को किस प्रकार आहार करना चाहिए लोगों को इस विधि का ज्ञान हो सके इसलिए आहार के लिए निकले। लेकिन लोगों को ज्ञान ही नहीं था कि जैन साधुओं को आहार किस प्रकार से कराना चाहिए। महायोगी ऋषभदेव जिस ओर कदम रखते थे वहीं के लोग प्रसन्न होकर के बड़े आदर के साथ उन्हें प्रणाम करते थे और कहते थे कि भगवान प्रसन्न हो जाईये कहिये क्या काम है, कितने ही लोग भगवान के पीछे-पीछे चलने लगते थे, अन्य कितने ही लोग बहुमूल्य रत्नलाकर भगवान के सामने रखकर कहते थे कि हे देव इन रत्नों ग्रहण कर लीजिए और कितने ही लोग अन्य प्रकार के पदार्थ वस्त्र आभूषण, माला, कन्या, भवन, सवारी आदि दिखाकरके कहते थे कि प्रभु इसे ग्रहण कर लीजिए और हमें कृतार्थ कीजिए। तीर्थंकर भगवन इसे अपनी चर्या में विघ्न मानकरके आगे बड़ जाते थे। लोग निराश होकर के प्रभु की ओर देखते रह जाते थे और सोचते थे कि किस प्रकार से भगवान को उनकी मनचाही वस्तु देकर के हम कृतार्थ हो सकें।

## अक्षय तृतीया पर्व का इतिहास हस्तिनापुर की धरती पर



**विजय कुमार जैन**

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से जुड़ा है । भगवान ऋषभदेव ने अयोध्या में जन्म लिया एवं प्रयाग (इलाहाबाद) की धरती पर जैन धर्म की दीक्षा को धारण किया। जो कि इस युग की प्रथम दीक्षा थी। क्योंकि भगवान ऋषभदेव वर्तमान जैन चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर है। दीक्षा को धारण करते ही ध्यान लगाकरके भगवान बैठ गये। भगवान के साथ में 4 हजार राजाओं ने दीक्षा ग्रहण की। 6 माह पश्चात भगवान ऋषभदेव आहारचर्या बतलाने के लिए कि जैन साधुओं को किस प्रकार आहार करना चाहिए लोगों को इस विधि का ज्ञान हो सके इसलिए आहार के लिए निकले। लेकिन लोगों को ज्ञान ही नहीं था कि जैन साधुओं को आहार किस प्रकार से कराना चाहिए। महायोगी ऋषभदेव जिस ओर कदम रखते थे वहीं के लोग प्रसन्न होकर के बड़े आदर के साथ उन्हें प्रणाम करते थे और कहते थे कि भगवान प्रसन्न हो जाईये कहिये क्या काम है, कितने ही लोग भगवान के पीछे-पीछे चलने लगते थे, अन्य कितने ही लोग बहुमूल्य रत्नलाकर भगवान के सामने रखकर कहते थे कि हे देव इन रत्नों ग्रहण कर लीजिए और कितने ही लोग अन्य प्रकार के पदार्थ वस्त्र आभूषण, माला, कन्या, भवन, सवारी आदि दिखाकरके कहते थे कि प्रभु इसे ग्रहण कर लीजिए और हमें कृतार्थ कीजिए। तीर्थंकर भगवन इसे अपनी चर्या में विघ्न मानकरके आगे बड़ जाते थे। लोग निराश होकर के प्रभु की ओर देखते रह जाते थे और सोचते थे कि किस प्रकार से भगवान को उनकी मनचाही वस्तु देकर के हम कृतार्थ हो सकें। इस प्रकार से भगवान को 6 महा व्यतीत हो जाते हैं। कुल मिलाकर के 1 वर्ष पूर्ण हो जाता है और तब महामुनि हस्तिनापुर नगर के समीप पहुंचते हैं।

जैन समाज के वरिष्ठ विद्वान सहितासूरी प्रतिष्ठाचार्य श्री विजय कुमार जैन शास्त्री ने बताया कि अक्षय तृतीया का प्राचीन इतिहास हस्तिनापुर तीर्थ से ही प्रारंभ हुआ है। वैशाख सुदी तीज को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। अक्षय का अर्थ है जिस वस्तु का कभी क्षय न हो अर्थात् वस्तु समाप्त न हो और वह महीना वैशाख का था और तिथि तृतीया थी। इसलिए इसका नाम अक्षय तृतीया पड़ा। लोगों का मानना है कि इस दिवस किया जाने वाला कार्य वृद्धि को प्राप्त होता है। भगवान ऋषभदेव को हुए कोड़ा कोड़ी वर्ष (करोड़ों करोड़ो साल) व्यतीत हो गये। लेकिन आज भी अक्षय तृतीया का पर्व मनाने के लिए देश एवं विदेश से जैन श्रद्धालु हस्तिनापुर की धरती पर आते हैं। जैन श्रद्धालु आहार दान की महिमा का वर्णन करते हुए इस पवित्र धरती पर आते हैं। इस पवित्र दिवस का ये महत्व है कि बिना मुहूत के ही हजारों विवाह सम्पन्न होते हैं। अगणित ग्रह प्रवेश आदि मांगलिक कार्य सम्पन्न किये जाते हैं। और इसे सर्वश्रेष्ठ मुहूत माना जाता है। उस समय हस्तिनापुर नगरी के शासक राजा सोमप्रभ और उनके भाई श्रेयांस कुमार थे। पिछली रात्रि में राजा श्रेयांस को उत्तम-उत्तम 7 स्वप्न दिखाई देते हैं। प्रातः वह अपने स्वप्नों को अपने भाई सोमप्रभ से उन स्वप्नों को बताकर उनका फल पूछते हैं। प्रथम स्वप्न में मैने सुमेरूपर्वत देखा है, दूसरे में एक कल्पवृक्ष देखा है जिसकी शाखाओं पर आभूषण लटक रहे हैं, तीसरे में सिंह देखा है, चौथे में बैल, पॉचवें में सूर्य और चंदमा, छठे में लहरों से सुशोभित समुद्र तथा सातवें में अष्ट मंगल द्रव्यों को हाथों में धारण किये व्यंतर देवों को देखा है। इन स्वप्नों का उत्तम फल जानकरके अति प्रसन्न चित्त हो करके के चिन्तन ही कर रहे होते हैं कि तभी सुनने में आता है कि तीर्थंकर ऋषभदेव हस्तिनापुर में प्रवेश कर चुके हैं। चारों ओर भारी जन समुदाय एकत्र होकर के भगवान का दर्शन करता है। उनके चरणों की पूजन करता है।

*इच्छु रस का हुआ पारण, आखा तीज महान*

जय जय ऋषभदेव भगवान, जय जय ऋषभदेव भगवान।।

कोई कहता है कि अहो बड़े आश्चर्य की बात है कि ये तीन लोक के स्वामी भगवान ऋषभदेव समस्त राज्य वैभव का त्याग कर पूर्ण दिगम्बर होकर आज अकेले ही इस पृथ्वीतल पर विचरण कर रहे हैं। इतने में ही द्वारपाल द्वारा सूचना प्राप्त होती है कि प्रभु समीप में ही पधार चुके है और इधर ही आ रहे हैं। राजा सोमप्रभ और श्रेयांस महल के बाहर आ जाते हैं। प्रभु के चरणों में नम्रता पूर्वक नमस्कार करते हैं। इतने में ही राजकुमार श्रेयांस को पूर्वभव का स्मरण हो जाता है कि राजा बज्रजंघ की रानी श्रीमती की पर्याय में मुनियों को दिये गये आहार दान की सारी विधि स्मरण में आ जाती है। महाप्रभु ऋषभदेव को देखते ही राजा श्रेयांस एवं सोमप्रभ ने हे भगवन् अत्रो-अत्रो, तिष्ठो-तिष्ठो आहार जल शुद्ध है, मन शुद्धि, वचन शुद्धि, काय शुद्धि आहार-जल शुद्ध है मुद्रा छोडिये आहार ग्रहण करिये। राजा नवधा भक्ति पूर्वक ऋषभदेव भगवान का पड़गाहन कर लेते हैं एवं अष्ट द्रव्य से पूजन कर नमस्कार करते हैं ऐसे निवेदन कर प्रभु से आहार ग्रहण करने हेतु प्रार्थना करते हैं। भगवान ऋषभदे करपात्र में आहार प्रारंभ कर देते हैं। बड़ी भक्ति के साथ राजा श्रेयांस इच्छुरस (गन्ने) का आहार देते हैं। उसी समय आकाश से देवों द्वारा रत्न वृष्टि होने लग जाती है। नाना प्रकार सुगंधित पुष्पों की वृष्टि होने लग जाती है। देवता भी धन्य है, यह दान धन्य, यह पात्र धन्य, ये दाता ऐसे शब्दों से आकाश गुंजायमान कर देते हैं एवं देवों द्वारा पॉच अतिशय पंचाश्चर्य कहलाते हैं। राजा श्रेयांस प्रभु को आहार देने में मग्न हैं। देवतागण हर्ष विभोर होकर के पंचाश्चर्य की वृष्टि कर रहे है। प्रभु ऋषषदेव आहार करके वन की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। उस दिन सारे नगर में गन्ने के सार का प्रसाद वितरण किया जाता है। लेकिन फिर भी गन्ने का रस समाप्त नहीं होता है। वह अक्षय हो जाता है।

राजा श्रेयांस ने प्रथम आहार दान दिया क्योंकि इस युग के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव थे। इस प्रथम आहार के बाद राजा भरत चक्रवर्ती ने अयोध्या से पूरी सेना के साथ हस्तिनापुर आकर के राजा श्रेयांस व सोमप्रभ का खूब सम्मान किया एवं दान तीर्थ प्रवर्तक की उपाधि से उन्हें अलंकृत किया। इससे पूर्व दान देने की प्रथा इस धरती पर नहीं थी। इसका शुभारंभ राजा श्रेयांस के द्वारा ही हुआ। तो यह दानवीर भूमि भी कहलाई। तब से लेकर के आज तक ये हस्तिनापुर की धरती के समीपवर्ती क्षेत्रों में इच्छु (गन्ना) खेती खूब पाई जाती है। उस दिन से इस धरती पर गन्ने की खेती भी अक्षय हो गई। समीपवर्ती सभी क्षेत्रों में गन्ने की खेती होती है एवं ऐसा मानते है कि जैन साधु जहॉ पर भी विराजमान है उनको आज के दिन गन्ने के रस का आहार करवाया जाता है। जो लोग उपवास करते हैं वे पारणा करने के लिए हस्तिनापुर की धरती पर आकर के अपना उपवास समाप्त करके पारणा इच्छु रस से करते है और अपने आप को धन्य मानते हैं। यह इस भूमि का असीम पुण्य है। अक्षय तृतीय आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है।

**(लेखक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन शास्त्री मंत्री- भगवान महावीर जन्मभूमि, कुंडलपुर एवं अयोध्या दि. जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी हैं )**

अध्यात्म

## जंगल में भटके युवक को संत ने दी सीख

एक युवक जीवन की कठिनाइयों से हार चुका था। उसे धन कमाने का कोई रास्ता नहीं मिल रहा था, और निराशा इतनी गहराई तक पहुंच चुकी थी कि उसने आत्महत्या करने का निर्णय ले लिया। वह जंगल की ओर चल पड़ा, जहां उसे एक संत मिले। संत ने युवक से उसकी व्यथा सुनी और मुस्कराकर कहा, ÷तुम्हें कोई न कोई काम ज़रूर मिलेगा, पर उससे पहले मैं तुम्हें एक कहानी सुनाता हूं।÷

एक बच्चे ने अपने बगीचे में एक बांस और एक कैक्टस का पौधा लगाया। दोनों की बराबर देखभाल की गई। कुछ महीनों के बाद कैक्टस तो बड़ा हो गया, पर बांस वहीं का वहीं था। फिर भी बच्चा हिम्मत नहीं हारा। कई और महीने बीत गए, लेकिन बांस की स्थिति जस की तस रही, लेकिन देखभाल जारी रही। फिर एक दिन, अचानक बांस का पौधा तेजी से बढ़ने लगा। कुछ ही दिनों में वह कैक्टस से भी ऊंचा हो गया। क्यों? क्योंकि बांस का पौधा पहले अपनी जड़ें मजबूत करने में लगा था।

संत ने युवक से कहा, ÷जब जीवन कठिन लगे तो समझो कि वह समय तुम्हारी जड़ें मजबूत करने का है।÷ हमारी समस्याएं, असफलताएं, बेरोजगारी या रिश्तों की उलझनें, ये सभी हमारे आंतरिक विकास का हिस्सा हैं। अगर हम इस दौर में धैर्य रख लें, खुद पर भरोसा बनाए रखें और मेहनत जारी रखें, तो एक दिन हमारी तरक्की भी बांस की तरह ऊंचाइयों को छूएगी।

**सफलता के पांच मूलमंत्र**

धैर्य रखो : हर सफलता का बीज समय और धैर्य से ही फलता है।

निरंतरता बनाए रखो : कोशिशें रुकें नहीं, चाहे परिणाम तुरंत न मिलें।

आत्ममूल्यांकन करो : जब चीजें न चलें, तो खुद में सुधार का समय समझो।

सकारात्मक सोच अपनाओ : नकारात्मक विचारों से बचकर समाधान की ओर बढ़ो।

सीखने का दृष्टिकोण रखो : हर चुनौती कुछ नया सिखाने आती है।

यह लोककथा हमें सिखाती है कि हमें अपनी तुलना दूसरों से नहीं करनी चाहिए। हर किसी की यात्रा अलग होती है। कोई जल्दी फलता है, तो कोई अपनी जड़ों को मजबूत करता है – और जब वह उगेगा, तो पूरी दुनिया देखेगी।

जीवन में अगर संघर्ष है तो समझो विकास का बीज बोया जा चुका है। धैर्य रखो, भरोसा करो और आगे बढ़ते रहो - तुम्हारा समय जरूर आएगा।

# जैन धर्म में अक्षय तृतीया का महत्व



**एम पी जैन**

जैन धर्म मे अक्षय तृतीया के महत्व प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) के आहार से है।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) ने दीक्षा कल्याणक होने के बाद छःमाह तक घोर तपस्या की। छः माह के बाद आहार लेने के लिए ऋषभदेव भगवान ने अनेक ग्राम नगर शहर में विहार किया, किन्तु जनता व राजा लोगों को आहार की विधि( जैन धर्म में मुनियों के आहार लेने की एक अलग विधि होती है) मालूम न होने के कारण ऋषभदेव भगवान को धन, कन्या, पैसा, सवारी आदि अनेक वस्तु दी। भगवान ने यह सब नहीं लिया क्योंकि किसी ने भी भगवान् को विधि पूर्वाक आहार नहीं दिया. तब ऋषभदेव पुनः वन में पहुंच छःमाह की तपस्या और की. इस प्रकार कुल एक वर्ष तक भूखे रहकर तपस्या करने के पश्चात ऋषभदेव भगवान पुनः आहार चर्या के लिए घूमने लगे. उस समय हस्तिनापुर में महाराज सोमप्रभ राजा राज करते थे. उनके श्रेयांस नाम के भाई थे. एक दिन रात्रि के समय सोते हुए रात्रि के आखिरी भाग में श्रेयांस कुछ स्वप्न आये। उन स्वप्नों में मंदिर, कल्पवृक्ष, सिंह, वृषभ, चंद्र, सूर्य, समुद्र, आग, मंगल द्रव्य यह अपने राजमहल के समक्ष स्थित हैं ऐसा उस स्वप्न में देखा तब सुबह में उठकर उक्त स्वप्न के बारे में अपने जेष्ठ भ्राता राजा सोमप्रभ से कहे, तब ज्येष्ठ भ्राता सोमप्रभ ने अपने विद्वान पुरोहित को बुलाकर स्वप्नों का फल पूछा। पुरोहित ने जबाव दिया- राजन! आपके घर श्री ऋषभदेव भगवान पारणा (उपवास के बाद प्रथम आहार लेना) के लिए पधारेंगे, इससे सबको आनंद हुआ। इधर भगवान ऋषभदेव आहार (भोजन) हेतु भ्रमण करते हुए हस्तिनापुर नगर के राजमहल के सामने पधारे तब सिद्धार्थ नाम का कल्पवृक्ष की मानो अपने सामने आया है, ऐसा सबको भास हुआ। राजा श्रेयांस को भगवान ऋषभदेव का श्रीमुख देखते ही उसी क्षण अपने पूर्व जन्म में एक सरोवर के किनारे दो चारण मुनियों को आहार दिया था-उसका स्मरण हो गया। अतः आहारदान की समस्त विधि जानकर श्री ऋषभदेव भगवान को तीन प्रदक्षिणा देकर पड़गाहन किया व भोजन गृह में ले गये। तब श्रेयांस राजा और उनकी धर्मपत्नी सुमतीदेवी व ज्येष्ठ बंधु सोमप्रभ राजा अपनी लक्ष्मीपती आदि ने मिलकर श्री भगवान ऋषभदेव को सुवर्ण कलशों द्वारा इक्षुरस (गन्ना का रस) पिलाया. भगवान् ने दो खंडी इक्षु रस पीया तो दो खण्डी रस से पेट भर गया। आहारचर्या करके वापस जाते हुए ऋषभदेव भगवान ने सब दाताओं को 'अक्षय दानस्तु' अर्थात् दान इसी प्रकार कायम रहे, इस आशय का आशीर्वाद दिया, यह आहार वैशाख सुदी तीज को सम्पन्न हुआ था। जिस दिन तीर्थंकर ऋषभदेव का आहार हुआ था, उस दिन वैशाख शुक्ला तृतीया थी। उस दिन राजा श्रेयांस के यहां भोजन, अक्षीण (कभी खत्म न होने वाला ) हो गया था। अतः आज भी लोग इसे अक्षय तृतीया कहते हैं। जैनधर्म के अनुसार भरत क्षेत्र में इसी दिन से आहार दान की परम्परा शुरू हुई। ऐसी मान्यता है कि मुनि का आहार देने वाला इसी पर्याय से या तीसरी पर्याय से मोक्ष प्राप्त करता है। राजा श्रेयांस ने भगवान आदिनाथ को आहारदान देकर अक्षय पुण्य प्राप्त किया था, अतः यह तिथि अक्षय तृतीया के रूप में मानी जाती है। यह दिन बहुत ही शुभ होता है, इस दिन बिना मुहूर्त निकाले शुभ कार्य संपन्न होते हैं। जब ऋषभदेव निरंतराय आहार करके वापस विहार कर गए उसी समय से अक्षय तीज नाम का पुण्य दिवस (जैनधर्म के अनुसार) का शुभारंभ हुआ। इसको आखा तीज भी कहते हैं। यह दिन हिन्दू धर्म में भी बहुत पवित्र माना जाता है। इस दिन अनबूझा मुहूत मानकर शादी, विवाह एवं मंगलकार्य प्रचुर मात्रा में होते हैं। जैनधर्म में दान का प्रवर्तन इसी तिथि से माना जाता है, क्योंकि इससे पूर्व दान की विधि किसी को मालूम नहीं थी। अतः अक्षय तृतीया के इस पावन पर्व को देश भर के जैन श्रद्धालु हर्षोल्लास व अपूर्व श्रद्धा भक्ति से मनाते हैं। इस दिन हस्तिनापुर में भी विशाल आयोजन किया जाता है। इस दिन व्रत, उपवास रखकर इस पर्व के प्रति अपनी प्रगाढ आस्था दिखाते हैं तथा व्रत का पारण इक्षु रस से करते हैं.

**(लेखक जैन संघ, पटना के मीडिया सचिव हैं )**

# देश का मुसलमान



**.रवि तिवारी**

पिछले कुछ वर्षों में आतंक की इतनी घटनाएँ हो चुकी हैं कि हिंदुस्तानियों का दिल आक्रोश से भर उठा है। हाल ही में घटित पहलगाम की घटना ने इस आक्रोश में और भी घी डाल दिया, जिसमें निर्दोष 26 सैलानियों को मौत के घाट उतार दिया गया। आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा, और जो न पढ़ सका, उसे गोली से भून दिया। यह रक्तरंजित घटना दिल दहला देने वाली थी, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

आज पूरा देश पाकिस्तान और मुसलमानों के प्रति गुस्से से उबल रहा है। सबकी निगाहें केंद्र सरकार पर टिकी हैं कि वह आतंकवादियों और पाकिस्तान के खिलाफ कितनी कठोर और निर्णायक कार्रवाई करती है, जिससे भारतीयों के दिलों को शांति और न्याय का अनुभव हो सके।

अब समय आ गया है कि देश के मुसलमानों को परिस्थितियों के अनुरूप अपने भीतर परिवर्तन लाना होगा। चुप्पी साधे रहने से गलतफहमियाँ ही बढ़ती जाएँगी। इतिहास में मुसलमानों की उपलब्धियों के साथ-साथ कुछ कटु सच्चाइयाँ भी सामने आती हैं—जैसे सत्ता हथियाने के तरीके, महिलाओं की स्थिति, धार्मिक कट्टरता, अन्य धर्मों के प्रति नफरत, जबरन धर्म परिवर्तन, नए आविष्कारों का विरोध, हिंदुओं के आस्था स्थलों का विध्वंस कर वहाँ अपने धार्मिक स्थल बनाना, और धर्मनिरपेक्षता की कमी।

**देश के हर घर में आज यह चर्चा आम है÷** माना कि हर मुसलमान आतंकवादी नहीं होता, लेकिन हर पकड़ा गया आतंकवादी मुसलमान ही क्यों होता है?÷

मुस्लिम शासकों द्वारा बनवाई गई कई ऐतिहासिक इमारतों का निर्माण भी हिंदू आस्था स्थलों को ध्वस्त कर के ही क्यों किया गया? यह किस मानसिकता का प्रतीक रहा होगा?

हिंदू महिलाओं से जबरन विवाह, आस्था केंद्रों का विध्वंस और लूट—इन सब घटनाओं ने हिंदुओं को अपने स्वभाव के विपरीत आक्रोशित किया है।

भारत की आज़ादी के समय, देश को धर्म के आधार पर विभाजित कर दिया गया—हिंदुओं के लिए भारत और मुसलमानों के लिए पाकिस्तान। बावजूद इसके, भारत के नेताओं ने मुसलमान भाइयों को धर्मनिरपेक्षता की भावना से भारत में रोका, बराबरी का अधिकार दिया, और इसे निभाया भी। जबकि पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ ऐसा नहीं हुआ। हिंदुओं ने मुसलमानों को पूरा सम्मान दिया, उनके त्योहारों में भागीदारी की, कभी नफरत का भाव नहीं रखा। इसके बावजूद मुसलमानों का व्यवहार देश के प्रति संदेहास्पद ही बना रहा।

यदि मुसलमान इस देश के पूर्ण नागरिक होते, तो वे स्वयं को ÷अल्पसंख्यक÷ कहलाने पर आपत्ति करते। परंतु कभी किसी मुस्लिम नेता या संगठन ने इसका विरोध नहीं किया। आखिर क्यों?

यह भी एक गंभीर प्रश्न है कि अपने ही देश में जन्मा नागरिक खुद को अल्पसंख्यक कैसे मान सकता है?

यह भी सच है कि मुसलमानों ने भारत की आजादी में जबरदस्त कुर्बानियाँ दी हैं। एक से एक देशभक्त मुसलमान हुए हैं, जिन पर आज भी पूरे भारत को गर्व है। भारतीय सेना, खेल, फिल्म, विज्ञान, राजनीति, कृषि, व्यापार जैसे सभी क्षेत्रों में मुसलमानों ने शानदार योगदान दिया है। उनकी योग्यता, समर्पण और बलिदान को कमतर नहीं आँका जा सकता।

फिर भी आश्चर्य होता है कि कुछ मुसलमानों की आपराधिक गतिविधियों के चलते पूरी कौम बदनाम होती है और फिर भी अधिकांश मुसलमान उनके विरोध में मुखर नहीं होते। ऐसा क्यों?

यदि वे इस देश को अपना मानते हैं तो उन्हें यह आस्था और प्रतिबद्धता व्यवहार से भी प्रदर्शित करनी होगी। देश की बदलती राजनीति और समाज में मुसलमानों के प्रति बढ़ती शंका को केवल मुसलमानों के जागरूक प्रयास और स्पष्ट राष्ट्रप्रेम ही समाप्त कर सकते हैं।

कहा भी गया है कि अन्याय का विरोध न करना, स्वयं अन्याय से भी बड़ा अपराध होता है।÷

शायद अनजाने में, देशभक्त, धर्मनिरपेक्ष, शांति प्रिय मुसलमानों से यही चूक होती रही है, जिसका सुधार आज अत्यंत आवश्यक है।

भारत को विश्वगुरु बनाने के सपने को साकार करने के लिए भाईचारे, अमन-चैन और एकजुटता की नई पहल आवश्यक है।

आज समय की माँग है कि मुसलमान और उनके संगठन न केवल पहलगाम जैसी जघन्य घटनाओं का खुलकर विरोध करें, बल्कि पाकिस्तान और आतंक को संरक्षण देने वाले संगठनों के विरुद्ध खुली लड़ाई की मांग करें।

यदि समय रहते यह सुधार नहीं हुआ, तो देश में मुस्लिम समाज के प्रति बनती जा रही नकारात्मक धारणाओं को रोकना असंभव हो जाएगा।

इसलिए, देश की अब तक की धर्मनिरपेक्षता, उदारता और दिए गए समान अधिकारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए, मुसलमानों को अपने आचरण और सोच में बदलाव लाना ही होगा।

तभी भारत अपनी प्राचीन गरिमा को पुनः प्राप्त कर, संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन कर सकेगा।

**( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार, समाजसेवी एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हैं )**

## आज का कार्टून




# राशिफल

**मेष**

आज मित्रों के संयोग से मन प्रफुल्लित रहेगा। पैतृक सम्पदा प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। सन्तान के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं।

**वृषभ**

आप लोगों के लिये प्रेरणास्रोत बनकर उभरेंगे। पूर्वनिर्धारित कार्यों की योजना समय से पहले बना लेंगे। समय का सदुपयोग करेंगे।

**मिथुन**

सामाजिक सम्बन्धों का लाभ आपको मिलेगा। जीवनसाथी के प्रति अपनापन और प्रेम दोनों ही बढ़ेगा। लोग आपकी आदतों पर सवाल उठा सकते हैं।

**कर्क**

आज आपको अचानक कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। आज कुछ भी नया शुरू न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें।

**सिंह**

कार्यक्षेत्र में कुछ अचानक परिवर्तन हो सकते हैं। पहले की गयी मेहनत से आपको लाभ मिलेगा। आर्थिक परेशानियों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ेगा।

**कन्या**

सहकर्मियों के सहयोग से आपके काम शीघ्र पूरे हो जायेंगे। आपको नौकरी के नये अवसर मिल सकते हैं। व्यापार के मामले में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला**

घर के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा की तैयारी करेंगे। दोस्तों का मूड खराब हो सकता है। किसी पर भी आँख-मूँदकर विश्वास न करें।

**वृश्चिक**

कोई शुभ समाचार मिल सकता है। निजी रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। अपने ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ न लादें। आपके विषय में लोगों की राय मिश्रित रहेगी।

**धनु**

प्रबल इच्छाशक्ति से सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लेंगे। पदोन्नति के योग प्रबल हैं। छोटे भाई बहनों के साथ किसी गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। किसी बड़ी डील से आर्थिक लाभ हो सकता है।

**मकर**

पारिवारिक समस्याओं के कारण मन विचलित हो सकता है। छोटे उद्योग कर रहे लोगों को कठिनाई हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आँखों में जलन की समस्या हो सकती है।

**कुंभ**

अपनी कार्यशैली को लेकर आत्ममन्थन करेंगे। प्रेम प्रसंगों को पर्याप्त समय देंगे। दिनचर्या का बड़ा समय पढ़ने और शोध आदि में दे सकते हैं।

**मीन**

कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है। सम्भव है की आपका विचार अधिक सार्थक हो लेकिन सही बात कहने पर भी आप निशाने पर लिये जा सकते हैं।

# खेलो इंडिया गेम प्रचार गाड़ी को डीएम ने किया रवाना

## देश के अलग-अलग राज्यों की 16 टीमें लेंगी भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** जिले में होने वाले खोलो इंडिया यूथ गेम को लेकर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले में खेलो इंडिया यूथ गेम पहली बार हो रहा है। यह बेगूसराय जिले के लिए सौभाग्य की बात है। बेगूसराय जिले में फुटबल मैच का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारत के अलग-अलग राज्यों 16 टीमें भाग ले रही है। जिसमें पुरूष एवं महिला की आठ-आठ टीमें होगी। पुरूषों की टीमों का मैच यमुना भगत स्टेडियम तेघरा एवं महिलाओं की टीम का रिफाइनरी बरौनी स्टेडियम बेगूसराय में मैच होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरूषों की टीम में बिहार, झारखंड, मिजोरम, मेघालय, दिल्ली, चंडीगढ़, ओड़िसा एवं पश्चिम बंगाल राज्य की टीम होगी वहीं महिलाओं में मणिपुर, झारखंड, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु राज्य की टीमें हिस्सा लेंगी। खेल मैदान पूरी तरह से तैयार है। पवेलियन के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों में भी काफी कार्य किया गया है। साथ ही खिलाड़ियों के ठहरने के लिए अच्छे होटलों को भी चिन्हित किया गया है। आईपीएल मैच में शतक लगाने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी की चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खिलाड़ियों में जागरूकता आ रही है। अब बिहार के खिलाड़ी भी देश अपना परचम लहरा रहे है। जिलेवासियों से दोनों मैदानों में होने वाले मैचों को लेकर भारी संख्या में मैच देखने के लिए अपने की अपील की है। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता-सह- सहायक दंडाधिकारी अजय यादव, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सदर डीएसपी, नगर आयुक्त बेगूसराय नगर निगम, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा आदि उपस्थित थे।

# महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

## बेगूसराय में अबतक 368 ग्राम संगठनों में कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**बेगूसराय।** जिला में महिला संवाद के 12वें दिन मंगलवार को 16 प्रखंडों के 32 जीविका महिला ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। जिले में अबतक 368 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया जा चुका है। इन कार्यक्रमों में लगभग 1 लाख जीविका से जुड़ी एवं गैर जीविका दीदियां उत्साह पूर्वक भाग ले चुकी हैं। महिला संवाद सरकार से सीधा संवाद का बना मंच। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम सरकार के साथ महिलाओं के सीधा संवाद का सीधा एवं अनूठा माध्यम बना है। कार्यक्रम में जहां महिला सशक्तीकरण संबंधी योजनाओं की जानकारी महिलाओं के साथ साझा की जा रही है। वहीं महिलाओं द्वारा इन योजनाओं से हुए लाभ को भी अन्य दीदियों के साथ साझा कर रही हैं। दीदियां योजनाओं को और बेहतर बनाने का सुझाव भी संजीद्गी के साथ दे रही हैं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ अब अपने सपनों और आकांक्षाओं को खुलकर व्यक्त कर रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के लिए उम्मीदों का एक ऐसा मंच साबित हो रहा है, जहां वे न केवल अपनी समस्याओं को उजागर कर रही हैं, बल्कि विकास की नई संभावनाओं की तलाश भी कर रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएँ अपनी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को सीधे सरकार तक पहुंचा रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के विकास में आधी आबादी ने अपनी भागीदारी तो दिया ही है। वहीं कई ऐसी मांग भी रखी हैं जो इसकी उनके सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त करे। संवाद कार्यक्रम में गाँव की महिलाएं गाँव के विकास के लिए अपनी इच्छाएं एवं आकांक्षाओं को सुचिबद्ध करा रही हैं और उसे अन लाइन अद्यतन भी करा रही हैं।

# एनटीपीसी अग्निशमन शाखा को मिला फोम टेंडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी के अग्निशमन शाखा में एक नई मल्टीपर्पस फोम टेंडर का औपचारिक उद्घाटन जय दीप घोष (परियोजना प्रमुख) के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आकाश सक्सेना उप कमाडेंट, साधु खान, सुशील चंद्र बोई एवं अन्य एनटीपीसी एवं सीआईएसएफ के अधिकारीगण भी उपस्थिति थे। अग्निशमन शाखा के प्रमुख भास्कर दास समादेष्टा अग्नि के द्वारा बताया गया कि यह नई मल्टीपरपस फोम टेंडर शामिल हो जाने से अग्नि शमन शाखा और मजबूत हो गई है।,श्री सक्सेना उप कमाडेंट ने कहा कि किसी भी आपातकालीन समस्या से निपटने में सहायता मिलेगी। परियोजना प्रमुख श्री घोष ने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा आने वाले समय और एक फायर टेंडर भी जल्द से जल्द अग्नि शमन शाखा को उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे कि सीआईएसएफ के द्वारा ना केवल परियोजना के अंतर्गत बल्कि परियोजना के बाहर भी किसी भी अग्नि दुर्घटना प्रबंधन में बेहतर कामयाबी प्राप्त होगी। इससे अग्नि प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी। वाहन का उद्घाटन नारियल तोड़ कर पारंपरिक पूजा पाठ के उपरान्त फीता काट कर एवं झंडा दिखा कर परियोजना प्रमुख द्वारा किया गया। तत्पश्चात सीआईएसएफ फायर विंग द्वारा वाहन से विभिन्न प्रकार के फायर फाइटिंग प्रदर्शन किया गया जिसका उपस्थित अधिकारियों ने सराहना की। इस आयोजन का संचालन नि. अग्नि जितेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।

# बीपीएस स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र नावकोठी स्थित बीपीएस पब्लिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में अष्टम, नवम एवं दशम वर्ग के 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस क्विज प्रतियोगिता में गणित, विज्ञान और पजल्स पहेली से संबंधित प्रश्न पूछे गए। एक प्रश्न के लिए प्रत्येक बच्चे को 30 सेकंड का समय दिया गया था जिसके अनुसार बच्चों ने उत्तर दिया। क्विज प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक अभिजीत कुमार, मृत्युंजय कुमार और मनोज कुमार शर्मा ने किया। वहीं निर्णायक मंडल में अमर शंकर ठाकुर, अजय कुमार एवं गुलशन कुमार शामिल थे। क्विज प्रतियोगिता में अष्टम वर्ग के अनुष्का राज, कोमल कुमारी, वैभवी कुमारी, श्रेया कुमारी। नवम वर्ग में आर्यन, अनुराग, रितिका, दामिनी, सोनाली एवं दशम वर्ग में ऋषभ, प्रिंस, आदित्य, आदित्य भारती, कौशिकी एवं कृष्णा ने सफलता हासिल किया। प्राचार्य डा. अरविंद कुमार ने क्विज प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को बुक और लेखनी से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास होना अत्यंत जरूरी है।

इस तरह के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर उपप्राचार्य सुशील कुमार सिंह, शिक्षिका तृप्ति कुमारी, अर्पणा कुमारी, शिक्षक अमरेश कुमार, रविशंकर कुमार, गुलशन कुमार, मृत्युंजय कुमार, संजय कुमार, अजय कुमार, रंजन कुमार एवं छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

# यूआर कॉलेज में सम्मेलन की तैयारियां तेज

## विभिन्न समितियों के गठन पर बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रोसड़ा (समस्तीपुर)।** स्थानीय यूआर कॉलेज, रोसड़ा में आगामी 17-18 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'विज्ञान, समाज एवं विकास' की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय ने की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन से जुड़े सभी प्रमुख अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों एवं विशेषज्ञ वक्ताओं को आमंत्रण भेजा जा चुका है और अधिकांश की सहमति प्राप्त हो चुकी है। विशेष जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राजमणि प्रसाद सिन्हा मुख्य भाषण देंगे। वहीं बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति का शुभकामना संदेश भी प्राप्त हो चुका है। आयोजन सचिव डॉ. रंजन कुमार ने बताया कि अब तक करीब 100 प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। सम्मेलन की सफलता के लिए विभिन्न समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सर्वसम्मति बनी। अगली बैठक में इन समितियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सभी सदस्यों को निर्देश दिया गया कि वे छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों को सम्मेलन की महत्ता से अवगत कराएं ताकि अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में डॉ. गौरीशंकर प्रसाद सिंह, डॉ. विनय कुमार, डॉ. अनुराग कुमार सहित कई प्राध्यापक और समाजसेवी मौजूद रहे।

# यूथ फेडरेशन का होगा जिला सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** स्वागत समिति के बैठक में पहलगांव आतंकवादी घटना में मारे गए पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह यूथ फेडरेशन के स्वागत समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहलगांव में आतंकवादियों ने जघन्य अपराध किया है इसकी जितनी भी निंदा की जाय वो कम होगा। उन्होंने बखरी में आहूत नौजवान संघ के जिला सम्मेलन की चर्चा करते हुए कहा कि समता मूलक समाज की स्थापना में विश्वास करनेवालों नौजवानों का बाखरी में जमावड़ा लगे। इस सम्मेलन में नौजवान यूथ फेडरेशन के इतिहास को जानेगें, क्योंकि भगतसिंह द्वारा स्थापित संघठन की यूथ फेडरेशन का संगठन है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जून को बखरी में एक दिवसीय अखिल भारतीय नौजवान संघ का जिला सम्मेलन स्व. संजीव चौधरी नगर बखरी में होगा। सम्मेलन से पूर्व 15 मई तक सभी पंचायत में सदस्यता करते हुए पंचायत सम्मेलन कर लिए जाये। सदस्यता की समीक्षा हेतु 5 मई को पुनः बैठक किया जाएगा। बैठक में यूथ नेता मो शबाब, ऋषिकांत, सुमित सिंह, अभिषेक कुमार, राजेश कुमार, संजय महतों, पवन मालाकार आदि लोगों ने भी अपनी बात रखी।

# रजिस्टर्ड किसानों के जमीन के कागजात के सत्यापन के बाद ही मिलेगा योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** कृषि विभाग तथा राजस्व कर्मचारी की संयुक्त बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सीओ सूरज कुमार ने की। उन्होंने कहा कि अंचल के सभी राजस्व ग्राम में सभी रजिस्टर्ड किसानों के जमीन के कागजात सत्यापन हेतु फार्मर रजिस्ट्री ईकेवायसी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें उनके जमीन के कागजात के सत्यापन के उपरांत ही केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा। फिल वक्त यह कार्यक्रम हसनपुर बागर तथा विष्णुपुर पंचायत में संचालित है। शेष अन्य पंचायतों के राजस्व ग्राम में इस शिविर का आयोजन होना है। इस शिविर में पूर्व से रजिस्टर्ड किसानों के जमीन के कागजात सत्यापन के बाद ही प्रधानमंत्री निधि सम्मान योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा। संपादित कार्यों की समीक्षोपरांत आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर प्रशिक्षु बीएओ सौरव कुमार, राजस्व अधिकारी अखिलेश्वर राम, संजय कुमार, संजीव कुमार, अशोक पाल आदि मौजूद थे।

# वक्फ कानून रद्द करो संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रतिरोध मार्च निकला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर/ताजपुर।** वक्फ संशोधन कानून रद्द करने की मांग को लेकर वक्फ कानून रद्द करो संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस क्रम में मोर्चा के कार्यकर्ता ताजपुर प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर बघौनी चैक से जुलूस की शक्ल में प्रखंड कार्यालय पर पहुंचे। जहां प्रदर्शन के बाद सभा का आयोजन किया। सभा के अंत में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित 10 सूत्री मांग पत्र बीडीओ गौरव कुमार को सौंपा। बताते चलें कि मंगलवार को अपने-अपने हाथों में वक्फ संशोधन कानून रद्द करो, पहलगाम आतंकी हमला के आतंकियों पर कारवाई करो, आदि नारे लगाते निकले इस जुलुस में शामिल कार्यकर्ता एलकेवीडी कालेज रोड, अस्पताल चैक, चांदनी चैक होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचे थे। जहां भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह, एकबाल जाफरी, नुरूज्जोहा कमाल, कारी अनवार, मसूद जावेद की 5 सदस्यीय अध्यक्षमंडली कर अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन आसिफ होदा ने किया। मौके पर अरमान सदरी, अब्दुल मालिक, मो0 नुर आलम, मिंटू बाबू, नसरुद्दीन फैजी, मो0 आफताब, आदि ने सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज हमारा मूल्क गहरे संकट के दौर से गुजर रहा है। अंग्रेजी निजाम के खिलाफ मूल्क की आजादी में साझा संघर्ष के बाद साझी शहादत-साझी विरासत से जो गंगा-जमुनी तहजीब और साझी संस्कृति कायम हुई थी, आज भाजपा और आरएसएस उसे तार-तार कर रही है। हमारे मुल्क में बैठी फासीवादी निजाम देश के आवाम की खुशहाली, आपसी भाईचारा और अमन-चैन को मटियामेट करने पर आमादा है। वक्फ संशोधन बिल का करोड़ों आवाम और विपक्ष के विरोध के बावजूद नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, चंद्राबाबू नायडू के सहयोग से सत्ता में बैठी भाजपा पास कराने में सफल हो गई है। जो आईन के अनुच्छेद 26 का गंभीर उल्लंघन है। वक्फ संशोधन कानून अकलियतों के दस्तूर को खत्म कर मुसलमानों के पहचान को मिटाकर उन्हें द्वितीय श्रेणी का नागरिक बनाने साजिश है। वहीं भाकपा माले के सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने दिल्ली किसान आंदोलन की तरह वक्फ संशोधन कानून रद्द होने तक अनवरत आंदोलन चलाने की घोषणा की। वहीं 3 मई को समस्तीपुर शहर के चीनी मिल चैक से निकलने वाले वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जुलूस में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की।

# बीडीओ ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**समस्तीपुर।** जिले के पूसा प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रवीश कुमार रवि की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समीक्षात्मक बैठक सह बीएलटीएफ बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर उक्त बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी पूसा डॉक्टर आदित्य कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद फजले रब, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक मोहम्मद शमीम असगर, प्रखंड लेखा प्रबंधक एहसान अहमद खान, प्रोग्राम लीडर केशव कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन ब्लॉक मॉनिटर ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा, ब्लॉक एमएनइ सीमा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका नमिता कुमारी एवं लेखपाल प्रखंड शिक्षा कार्यालय पूसा उपस्थित थें। प्रखंड अंतर्गत चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य सेवा का समीक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विस्तार पूर्वक किया गया। स्वास्थ्य एवं पोषण के सभी इंडिकेटर की सत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए गए। आज के बैठक में सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र के विभिन्न स्वास्थ्य इंडिकेटर पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया एवं नियमित टीकाकरण में लो परफॉर्मिंग स्वास्थ्य उप केंद्र धर्मागतपुर बथुआ, बिशनपुर बथुआ, बिरौली, गंगापुर इत्यादि को आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिया गया। जिसके अंतर्गत सघन पर्यवेक्षण कर प्रतिवेदन के साथ अगले बैठक में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, परिवार नियोजन सेवा, गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।

# शहर में चलेगा अतिक्रमण मुक्त अभियान, दुकानदारों के साथ होगी बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** अतिक्रमण हटाने को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कमर कस लिया है। इस बाबत जानकारी देते हुए एसडीओ ने मीडिया कर्मियों बताया कि आए दिन जाम की समस्या के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य बाजार में भी दुकानदारों के मिली भगत से सड़क पर ठेला आदि लगाकर सड़क को अतिक्रमण कर किया गया है। इसको लेकर सर्व प्रथम दुकानदारों के साथ बैठक कर हिदायत दी जाएगी के कोई भी दुकानदार अपने दुकान के सामने ठेला वगैरह न लगवाएं। खासकर स्टेशन के सामने ठेला दुकानदार, टोटो चालक हमेशा अपनी गाड़ी लगाकर खड़े रहते हैं सवारी के इंतजार में उन्होंने सभी लोगों से कहा गया है कि वे अब ऐसा करेंगे तो उन्हें अब दंडित किया जाएगा। इसी प्रकार स्टेशन रोड में सड़क किनारे आम आदमी अपनी बाईक लगाकर सड़क जाम करते हैं उन्हें सचेत रहने की हिदायत दी है। एसडीओ दिलीप कुमार ने कहा कि शहर के ओवरब्रिज से लेकर मोहनपुर तक सड़क के बीच में डिवाइडर जो बना है कही कहीं सड़क पार करने के लिए छोटा छोटा स्पेस बना हुआ है, छोटा छोटा स्पेस बने रहने के कारण लोगों एक साइड से दूसरे साइड जाते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

## एक नजर

### एसडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के मनरेगा सभा भवन में सभी बीएलओ के साथ रोसड़ा एसडीओ ने बैठक की। अध्यक्षता रोसड़ा एसडीओ आकाश चौधरी ने करते हुए सभी बीएलओ को हर माह सभी मतदान केंद्र के सभी घरों पर जाकर सभी वंचित नए मतदाता, महिला मतदाता का नाम जोड़ने और मृत व्यक्ति नाम हर हाल में हटाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। समीक्षा दौरान रोसड़ा एसडीओ ने बीडीओ को कार्य में अनदेखी करने वाले बीएलओ को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। मौके पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, उमेश राय, पारस नाथ महराज, शिव कुमार पंकज आदि थे।

### प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ कक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने की। चिकित्सा पदाधिकारी डा हिमांशु कुमार ने बताया कि मिजिल्स,रूबैला टीकाकरण के प्रथम तथा द्वितीय डोज टीकाकरणकार्यक्रम के तहत 96 फीसदी ही लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 4 फीसदी अभी भी टीकाकरण से वंचित है। जो एक खतरे की घंटी है। 100 फीसदी लक्ष्य हासिल करने के लिए शेष लाभुकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इसके लिए जीविका में कार्यरत दीदियों से समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। जीविका दीदियों के सहयोग से 100 फीसदी लाभुकों को मिजिल्स, रूबैला का टीकाकरण से आच्छादित करना ही लक्ष्य है। उपस्थित कर्मियों ने इसके लिए रणनीति बनाई। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, डब्लू एच ओ प्रतिनिधि अमरेश कुमार, बीएमसी गोपाल शर्मा, बी सीएम उषा कुमारी मौजूद थे।

### आशा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पीएचसी नावकोठी के अधीनस्थ आशा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मगलवार को पीएचसी के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डा हिमांशु कुमार ने की। बीसीएम उषा कुमारी ने उपस्थित आशा को एम आशा एप के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य तथा कार्य के दौरान आने वाली दिक्कत के समाधान के बारे में भी माँकड्रील कर बताया। उसने बताया कि आशा को अपने पोषक क्षेत्र के प्रत्येक घरों का भ्रमण कर सभी परिवारों का अद्यतन जनगणना करनी है। इस क्रम में लिये गए टीका, वंचित टीका का भी जिक्र करनी है। इससे अद्यतन सर्वे तथा ड्यू लिस्ट भी तैयार हो जाएगा। इसके अनुसार आरोग्य दिवस पर सतत टीकाकरण कार्य सपादित करने में सहुलियत होगी। मौके पर संगीता कुमारी, कंचन कुमारी, अंजु कुमारी, रूक्मिणी देवी, लक्ष्मी देवी, किरण कुमारी आदि ने शिरकत की।

### तिलक में आये वृद्ध का शव बरामद

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चकिया थाना क्षेत्र रूपनगर गंगा घाट में तैरती हुई एक वृद्ध का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसकी पहचान शगुन- तिलक में सिमरिया वार्ड संख्या 2 आए 75 वर्षीय वृद्ध मनसेरपुर निवासी रतन पंडित के रूप में की गई है। पहचान होने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना संदिग्ध नजर आती है। क्योंकि नहाने के क्रम में कपड़े खोलकर लोग नहाता है। लेकिन मृतक के शरीर पर सभी कपड़े बदन पर ही है।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गढ़हरा थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम कल बोर्ड रोड पर मोटरसाइकिल और टेंपो में हुई जोरदार टक्कर में घायल हो गए। टेंपो जीरोमाइल की तरफ से बरौनी जा रहा था। और मोटरसाइकिल बरौनी से जीरोमाइल की तरफ जा रहा था। दोनों में आमने-सामने की टक्कर हुई। जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए। इसकी सूचना थाना अध्यक्ष सुमंत चौधरी सूचना मिलने के बाद गस्ती की गरीब शस्त्र बल के साथ वहां पहुंचे तो तीनों को निजी अस्पताल लाइफ लाइन में भर्ती करवाई है।

### स्वच्छता पर्यवेक्षकों की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में तैनात स्वच्छता पर्यवेक्षक की वीडियो कन्फ्रेंसिंग हल में वर्चुअल मीटिंग मंगलवार को आयोजित की गयी। जिला स्वच्छता समन्वयक विश्वजीत कुमार ने स्वच्छता पर्यवेक्षक को स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ ग्रामीण बिहार के तहत सभी पंचायत में स्वच्छता कार्यक्रम नियमित संचालित करने का निर्देश दिया। इस अभियान के तहत प्रत्येक घरों से कचरा उठाव नियमित करने तथा इसे स्वच्छता मित्र एप पर इंट्री करने का निर्देश दिया। महादलित टोला में प्राथमिकता के आधार पर शौचालय निर्माण करने एवं सामुदायिक शौचालय के क्रियाशीलता पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डब्लू पी यू पर संग्रह कचरा से वर्मिंग कम्पोस्ट बनाने के कार्य में गति लाने, प्लास्टिक बिक्री करने तथा राशि को खाते में जमा करने का निर्देश दिया.प्रत्येक घरों से प्रति दिन एक रूपये की दर से 30 रुपये प्रति माह यूजर चार्ज वसूलने, इसके लिए स्वच्छता पर्यवेक्षक रसीद लेकर प्रत्येक घरों से शुल्क वसूलने का सख्त निर्देश दिया। यह कार्यक्रम जनभागीदारी आधारित है। इस अवसर पर पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, फूलेन सहनी, रूपेश कुमार, अशोक ठाकुर, रेखा कुमारी, बीरबल कुमार, नवीन कुमार आदि मौजूद थे।

### पीसीसी निर्माण कार्य शुरू

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पार्षद क्षेत्र संख्या 01 सोमनहा पंचायत अंतर्गत रामचंदरी बांध से बिरौली पुल के पीछे तक पीसीसी निर्माण कार्य शुरू हो गया। मंगलवार को सडक निर्माण कार्य का विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ करते हुए जिला पार्षद ई रवि कुमार रौशन ने बताया कि समस्तीपुर से दिल्ली तक निरंतर प्रयास के बाद इस सडक के निर्माण का कार्य आरंभ हो सका है। श्री रौशन ने कहा कि कहते है असंभव कुछ भी नहीं है अगर मन में कार्य करने की जिद हो। वर्षो से पड़ी इस सड़क का पूर्व सांसद स्व रामचंद्र पासवान उद्घाटन कर गए थे, मगर आज तक यह सड़क नहीं बनी। यह सड़क दो दिनों बनकर तैयार हो जायेगी। बताते चलें कि यह सड़क सोमनहा, गोराई, बलहा, सिमरी, हरिहरपुर, बख्तियारपुर, कुशियारी, हजपुरवा, डरोरी, रतनपुर, मालीनगर सहित कई गांव के लोगों केलिए यह सडक जीवन रेखा है।

### पूर्व विधायक का किया गया स्वागत

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा 26 मार्च को एन डी ए के शीर्ष नेताओं की बैठक मे आगामी बिहार विधानसभा चुनाव मे 243 मे से 225 सीट के जीतने का लक्ष्य तय करने के बाद बिहार मे भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव मे उतरने को तैयार दिख रही है। इसी क्रम में मंगलवार को राघोपुर के पूर्व विधायक सतीश रॉय अपने 3 दिवसीय प्रवास पर समस्तीपुर पहुंचे। जिनका भाजपा जिला कार्यालय पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील गुप्ता और बीरेंदर यादव के साथ अन्य कार्यकर्ताओ ने उनका मिथिला की परंपरा के अनुसार शॉल आदि से स्वागत किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि स्वागत सम्मान के बाद कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करते हुए श्री राय ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। बैठक मे विधान पार्षद डॉ तरुण चैधरी, सहित कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जहानाबाद पहुंची खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की टॉर्च यात्रा

## जिला पदाधिकारी ने की खेलों में युवाओं से सहभागिता एवं भागीदारी की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वावधान में बिहार में पहली बार आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन दिनांक 4 से 15 मई, 2025 तक राज्य के पांच जिलों - पटना, गया, नालंदा (राजगीर), बेगूसराय एवं भागलपुर में किया जा रहा है। इसी क्रम में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं खेलों के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु आयोजित टॉर्च यात्रा मंगलवार को गया से होकर जहानाबाद पहुंची। इस अवसर पर ग्राम प्लेक्स सभागार में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।





कार्यक्रम की शुरुआत टॉर्च यात्रा दल के आगमन के साथ हुई, जिसे विनय कुमार, वरीय पदाधिकारी, खेल विभाग-सह-अपर समाहर्ता, जहानाबाद के नेतृत्व में मुख्य मंच तक लाया गया। स्काउट एंड गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा यात्रा दल का खेलो इंडिया थीम धुनों के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार एवं अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार द्वारा यात्रा दल को वाणावर गुफा की प्रतिकृति स्वरूप मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे को टॉर्च सौंपी गई। उन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन हेतु जिलेवासियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को बधाई देते हुए युवाओं से इस खेल महाकुंभ में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। साथ ही जिले से प्रतिभागी खिलाड़ियों को इस खेल में सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार ने अपने संबोधन में खेलों के प्रति जिले में जागरूकता एवं उपलब्धियों की सराहना की और सभी को इसके लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, साथ ही खेलो इंडिया विषयक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व प्लस टू उच्च विद्यालय उमता, मध्य विद्यालय धरनई और मखदुमपुर के छात्रों एवं खिलाड़ियों ने भी टॉर्च यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान टॉर्च यात्रा दल राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, जहानाबाद भी पहुंचा, जहां छात्राओं की भारी उपस्थिति रही।

अंत में उप समाहर्ता विनय कुमार ने उपस्थित बच्चों, खिलाड़ियों एवं आम जनों से खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और खेल भावना को आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने हेतु बधाई दी।

# एनडीआरएफ की दो टीमें जहानाबाद पहुंची आपदा प्रबंधन के लिए अभ्यास शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की दो टीम मंगलवार को कुल 64 सदस्यों के साथ जहानाबाद पहुंची। यह एक्सरसाइज गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर आकस्मिक सूचना के आधार पर आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य एनडीआरएफ की आपातकालीन तैयारी तथा जिला प्रशासन के साथ समन्वय की जांच करना है। एनडीआरएफ कि टीम में महिला एवं पुरुष जवान दोनों शामिल हैं। जहानाबाद शहर के गांधी मैदान में इन टीमों द्वारा संचालन का आधार बनाया गया है। एनडीआरएफ कैंप में अपर समाहर्ता (राजस्व-सह-आपदा प्रबंधन), अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), प्रभारी पदाधिकारी (जिला आपदा प्रबंधन शाखा) एवं पाली प्रभारी-सह-प्रोग्रामर (जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, जहानाबाद) द्वारा पहुंच कर टीम से संपर्क स्थापित किया गया एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान एनडीआरएफ द्वारा आपदा के समय उपयोग होने वाली जरूरी चीजों को प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान आपदा से निपटने और राहत तथा बचाव के लिए जरूरी योजनाओं के बारे में भी एनडीआरएफ की टीम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इनका प्रदर्शन किया।



# गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों का किया मूल्यांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का मूल्यांकन किया गया। जहानाबाद प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र सिकरिया, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परसबीघा तथा काको प्रखंड के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बरावां का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत राज्य स्तरीय दल द्वारा मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के उपरांत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परसबिगहा को 87 प्रतिशत तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बरावां को 73 प्रतिशत स्कोर प्राप्त हुआ। दोनों ही स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन हेतु सक्षम पोर्टल पर आवेदन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में, लक्ष्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काको एवं रेफरल अस्पताल, मखदुमपुर के प्रसव कक्षों का भी राज्य स्तरीय टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काको को 62 प्रतिशत एवं रेफरल अस्पताल, मखदुमपुर को 53 प्रतिशत स्कोर प्राप्त हुआ। इस संबंध में बताया गया कि राज्य स्तर से यह निर्देश प्राप्त हुआ है कि दोनों संस्थानों द्वारा राज्य स्तरीय मूल्यांकन के दौरान चिन्हित कमियों को एक माह के भीतर पूर्णतः दूर किया जाए तथा तत्पश्चात पुनर्मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाए।

# शुभता और संवर्द्धन का पर्व है अक्षय तृतीया

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

अक्षय तृतीया सनातन धर्म को मानने वालों के लिए एक शुभ दिन के रूप में माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किये गए कार्य मनुष्य को अक्षय फल देते हैं, अर्थात उनका फल कभी समाप्त नहीं होता। यह तिथि सतयुग, त्रेतायुग की शुरुआत, परशुराम का जन्म, और महाभारत की शुरुआत से जुड़ी है। इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का महत्व काफी ज्यादा माना जाता है, क्योंकि इस तिथि से कई पौराणिक घटनाएं जुड़ी हुई हैं। देखा जाए तो अक्षय तृतीया हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन विवाह, गृह प्रवेश और सोने - चांदी, वाहन, कपड़ा आदि की खरीदारी करना बहुत शुभ माना जाता है।



**अक्षय तृतीया क्यों है खास**

अक्षय तृतीया को एक अबूझ मुहूर्त माना जाता है, यानी इस दिन किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती है। यह भी माना जाता है कि इस दिन किए गए दान, पूजा और शुभ आरंभ का फल अक्षय होता है, अर्थात कभी खत्म नहीं होता। शास्त्रों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि इसी दिन भगवान परशुराम का जन्म भी हुआ था।

भगवान परशुराम को भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में माना जाता है।परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिए यह दिन परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।

**सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत**

कुछ मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन ही सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। साथ ही यह दिवस महाभारत की शुरुआत का दिवस भी माना जाता है वहीं एक मान्यता ऐसी भी है कि इसी दिन महर्षि वेद व्यास ने महाभारत लिखना शुरू किया था। साथ ही कुछ लोग यह भी मानते हैं कि इस दिन मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं। राजा भागीरथ ने गंगा को धरती पर अवतरित करने के लिए तप किया था, और माना जाता है कि यह अक्षय तृतीया के दिन हुआ था।

**अक्षय तृतीया को युधिष्ठिर को मिला था अक्षय पात्र**

अक्षय तृतीया को सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत से जोड़ा जाता है। इस दिन धर्मराज युधिष्ठिर को अक्षय पात्र प्राप्त हुआ था।एक पौराणिक कथा के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन पांडव पुत्र युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था, जिसमें कभी भी भोजन समाप्त नहीं होता था। आचार्य डॉ श्रीनिवास शर्मा बताते हैं कि अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो शुभता, दान, और पुण्य कार्यों के लिए जाना जाता है। सच्चे भाव से ईश्वर के सामने प्रायश्चित करने से प्राणी में अवगुणों का नाश होता है तथा ईश्वर सद्गुण का वरदान देते हैं।

# जहानाबाद में नरेश टिकैत के खिलाफ बीजेपी किसान मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** भारतीय किसान यूनियन के नेता नरेश टिकैत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले पर दिए गए कथित विवादास्पद बयान को लेकर मंगलवार को जहानाबाद के अरवल मोड़ पर भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेश टिकैत का पुतला दहन कर उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बीजेपी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने टिकैत के बयान को शहीदों के बलिदान का अपमान बताया। उन्होंने कहा, पहलगाम हमले में हमारे देश के वीर जवान शहीद हुए और ऐसे समय में इस प्रकार का बयान देना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह सीधे-सीधे राष्ट्रविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। विनोद कुमार ने सरकार से मांग की कि नरेश टिकैत के खिलाफ तत्काल देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा शहीदों के सम्मान के लिए राज्यव्यापी आंदोलन करेगा और जब तक टिकैत माफ़ी नहीं मांगते, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और कहा कि वे शहीदों के अपमान को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी।

# तालाब में डूबने से छात्र की मौत, गांव में पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिंहवाड़ा (दरभंगा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के निस्ता पंचायत अंतर्गत घोड़दौड़ भगवतीपुर गांव में सोमवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय छात्र विक्रम कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह कमलेश साह का पुत्र था और चार भाइयों में एक था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विक्रम शाम को शौच के लिए गांव के पास स्थित पोखर (तालाब) की ओर गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोगों ने जब तक कुछ समझा, तब तक वह तालाब की गहराई में समा चुका था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर सिंहवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।



घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। नगर पंचायत सिंहवाड़ा के मुख्य पार्षद सुनील भारती, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम साह, सूरज कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य ग्रामीणों ने मृतक के घर पहुंचकर शोक-संवेदना व्यक्त की।

# लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम चरित्र निर्माण हेतु आवश्यक: डीडीसी

**दो दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप का समापन प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** लायंस क्वेस्ट इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे आर्य विद्यापीठ में दो दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप का समापन प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए किया गया, जिसके मुख्य अतिथि पूर्वी चम्पारण के उप विकास आयुक्त शम्भू शरण पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि डीआरडीए के निदेशक जयराम चौरसिया रहे। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र, प्रतिक चिन्ह एवं पौधा से विद्यालय की प्राचार्या पारमिता सरकार ने किया। मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में प्रशिक्षित शिक्षकों और आयोजनकर्ता ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब के सदस्यों को बधाई देते हुए क्वेस्ट को एक सकारात्मक योजना बताते हुए कहा की छात्र युवाओं में भावात्मक ज्ञान से ही चरित्र निर्माण संभव है जिस दिशा में लायंस क्वेस्ट इंडिया फाउंडेशन एक अग्रिम भूमिका विश्व स्तर पर संचालित कर रही है। डीडीसी ने बिहार क्वेस्ट चेयरपर्सन लायन सत्यम वत्स के उत्कृष्ट शिक्षण व सामाजिक कार्यो को सराहते हुए अंतराष्ट्रीय प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया वहीं क्वेस्ट कोऑर्डिनेटर के रूप में जोन चेयरपर्सन -12 लायन सुजीत सिंह ने विद्यालय प्रबंधन को यथा शीघ्र क्वेस्ट पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने की सलाह देते हुए कहा की क्वेस्ट जैसा विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट चम्पारण क्षेत्र में पहली बार हुआ है जो चम्पारण के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन विद्यालय के प्रबंध निदेशक लायन रंजीत कुमार द्वारा किया गया एवं आयोजन में शामिल क्वेस्ट कोऑर्डिनेटर सुजीत सिंह, क्लब अध्यक्ष चन्दन कुमार, सचिव पवन पुनीत चौधरी, आर्य विद्यापीठ के निदेशक रंजीत कुमार, प्राचार्या पारामिता सरकार को क्वेस्ट के सफल संचालक के उपलक्ष्य में डीडीसी व इंटरनेशनल ट्रेनर मनीषा घंटी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया वहीं सभी शिक्षकों को सफल प्रशिक्षण के उपलक्ष्य में टीटीडब्लू प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब ऑफ़ चकिया के संरक्षक अनिल यादव, सचिव कुंवर संदीप, निदेशक दिपक कुमार सिंह एवं ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब के लायन सुधांशु रंजन उपस्थित रहे। क्वेस्ट में शामिल अतिथियों प्रशिक्षित शिक्षकों व विद्यालय प्रबंधन को क्लब अध्यक्ष लायन चन्दन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



# महिला संवाद में दीदियों ने साझा की अपनी सफलता की कहानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** मधुबनी पंचायत में मंगलवार को ओम जीविका महिला ग्राम संगठन की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम में 200 से अधिक जीविका दीदियों और स्थानीय महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं से मिले लाभ और उनके सामाजिक-आर्थिक जीवन में आए बदलाव पर महिलाओं ने खुलकर अपनी बात रखी। प्रखंड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार ने बताया कि गुड़िया देवी ने जीविका से मिले सहयोग की सराहना की, प्रमिला देवी ने अपने पुत्र के अर्धसैनिक बल में चयन की खुशी साझा की, जबकि रंजु देवी ने सतत जीविकोपार्जन योजना के जरिए मिली स्थिर आय पर संतोष व्यक्त किया। महिलाओं ने स्वरोजगार, पेंशन, साइकिल योजना, चिकित्सा शिविर, सड़क, जीविका पुस्तकालय व भवन निर्माण सहित कई मुद्दों पर अपनी आकांक्षाएं जताईं। उन्होंने महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और सभी वर्गों को सतत जीविकोपार्जन योजना से जोड़ने की भी मांग की। संवाद कार्यक्रम में टीम लीडर मुस्कान कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक राकेश कुमार, सूर्यकांत, स्वास्थ्य विभाग से बागेश्वर चौधरी, पूनम देवी, कंचनमाला देवी, सुधा देवी, रानी देवी, सबिता देवी व दीपक कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।



# ग्रामीण विकास मंत्री के आगमन की तैयारी तेज जदयू प्रदेश सचिव ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**कहा- विकास की गूंज से विरोधियों की हवा होगी फुस्स**

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** ग्रामीण विकास मंत्री के संभावित आगमन को लेकर भेलाही स्थित नथुनी साह दुर्गा उच्च विद्यालय का निरीक्षण जदयू प्रदेश सचिव मदन पटेल के नेतृत्व में किया गया, जहां उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की सच्ची तस्वीर ग्रामीणों के बीच रखी जाएगी और आने वाले चुनाव में विपक्ष की हवा निकाल दी जाएगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारी सरकार ने महिला, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग को समान अवसर और प्रोत्साहन दिया है, और एक बार फिर एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी। निरीक्षण के दौरान जदयू के राज्य कार्यकारिणी सदस्य भुवन पटेल, कुंदन कुमार, चंदन पटेल, संदीप प्रजापति, अवध बिहारी पटेल, विशाल कुशवाहा, वीरेंद्र पटेल, नागेंद्र साह, बालिस्टर सहनी, बिजकिशोर सहनी, हजरत मियां, अनिल कुशवाहा, संतोष कुमार, सुमित कुशवाहा सहित कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कटासा बाजार में नाला निर्माण बना जाम का कारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिंहवाड़ा (दरभंगा)।** कटासा बाजार के निकट नाला निर्माण कार्य अव्यवस्थित तरीके से किए जाने के कारण सोमवार से लगातार सड़क जाम की स्थिति बनी हुई है। मुख्य सड़क के किनारे बनाए जा रहे पक्के नाले के लिए खोदी गई मिट्टी को सीधे सड़क पर ही डंप कर दिए जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है।

स्थानीय दुकानदार संजय साह, मनोज साह, नंदकिशोर साह आदि ने बताया कि पहले ही सड़क की चौड़ाई सीमित है, ऊपर से सड़क पर मिट्टी डाल देने के कारण निर्माण कार्य के दौरान राहगीरों और दुकानदारों को भीषण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को हाट के दिन स्थिति और विकट हो गई। खरीदारी के लिए पहुंचे लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ा। वहीं, ट्रैफिक नियंत्रित करने में पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



स्थानीय लोगों का कहना है कि हाट के दिन मुख्य सड़क पर टेंपो चालकों की मनमानी और अव्यवस्थित पार्किंग से जाम की समस्या और बढ़ जाती है। अतरबेल-भरवारा मुख्य सड़क, नगर पंचायत सिंहवाड़ा और भरवारा क्षेत्र में आए दिन इस समस्या को लेकर जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगर पंचायत भरवारा के मुख्य पार्षद द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को कई बार लिखित रूप में जाम से निजात दिलाने की मांग की जा चुकी है, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आम लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** सोमवार को कस्तुरबा बालिका उच्च विद्यालय रक्सौल के प्रांगण में छात्राओं के बीच अक्षय तृतीय पर होने वाले बाल विवाह रोक थाम हेतु जागरूगता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एस एस बी 47वी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इंस्पेक्टर विकास कुमार के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गईद्य प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी ने कहा, धर्मगुरुओं व स्कूली छात्राओं से मिली सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) पूर्वी चम्पारण में सहयोगी प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मो के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को चलाया गया। आरती कुमारी ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा।

# आतंकी हमले के विरोध में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने निकाला कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में कैंडल मार्च निकाल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व सभापति पवन सर्राफ ने की। कैंडल मार्च की शुरुआत बाजार समिति के मुख्य द्वार से हुई। पाकिस्तान के विरोध में नारे लगाते हुए कैंडल मार्च गांधी मैदान के दक्षिणी द्वार होते सुभाष चौक पहुंची। वहां पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का पुतला दहन किया तथा आतंकियों द्वारा मारे गए बेगुनाह पर्यटकों के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उप सभापति सुभाष कुमार, लखींद्र प्रसाद गुप्ता, अशोक गुप्ता, श्यामा तोदी, सुशील पोद्दार, भरत तुलस्यान, मनोहर कुमार, प्रवीण सम्राट, शंभू तुलस्यान, ओम प्रकाश सहित अन्य मौजूद थे।



# जिले में अबतक 477 हाइड्रोसील मरीजों की हुई सर्जरी

**सदर अस्पताल मोतिहारी में मंगल, बुध, शुक्रवार क़ो होता है निःशुल्क ऑपरेशन**

**बचाव हेतु वर्ष में एकबार डीईसी, एवं अल्बेण्डाजोल की गोली का सेवन जरुरी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** फाइलेरिया के कारण पुरुषो का हाइड्रोसील बड़ा हो जाता है, इसमें सूजन हो जाता है। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के सदर अस्पताल मोतिहारी में मंगल, बुध, शुक्रवार क़ो निःशुल्क ऑपरेशन किया जाता है। वहीं जिले के छह अनुमण्डलीय अस्पताल में भी इसका ऑपरेशन चिकित्सकों के द्वारा किया जाता है। जिले में सबसे ज्यादा सर्जरी सदर अस्पताल मोतिहारी में एवं अनुमण्डलीय अस्पताल चकिया में हुई है। अबतक कुल 477 हाइड्रोसील फाइलेरिया मरीजों की सर्जरी हुई है, वहीं वर्ष 2025 में 42 मरीजों का ऑपरेशन हुआ है।इस सम्बन्ध में भीडीसीओ सत्यनारायण उरांव, रविंद्र कुमार ने बताया की सभी पीएचसी, अनुमण्डलीय अस्पताल में फाइलेरियारोधी दवाई उपलब्ध है। जिले के डीवीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की हाइड्रोसील के उपचार के लिए निःशुल्क ऑपरेशन किया जाता है, जो बहुत ही आसान होता है। हाइड्रोसील फाइलेरिया की समस्या मरीज के लिए तकलीफदेह होती है, हलांकि इसका ऑपरेशन व इलाज उपलब्ध है वहीं हाथी पाँव का कोई ईलाज नहीं है इससे बचने के लिए वर्ष में एकबार डीईसी, एवं अल्बेण्डाजोल की गोली का सेवन जरुर करना चाहिए। ध्यान रखना चाहिए फ़रवरी माह में ज़ब भी आशा व स्वास्थ्य कर्मी घर आकर दवा खिलाए तो दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए। हाथी पांव के मरीजों क़ो अंगों की साफ सफाई व व्यायाम स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा सिखाई जाती है। विभागीय स्तर पर किट का वितरण भी किया जाता है। जिसमें एक टब, मग, तौलिया, साबुन, विशेष चप्पल और दवा सहित कई अन्य प्रकार की सामग्रियां रहती हैं। डीवीडीसीओ ने अपील किया की अगर आसपास किसी व्यक्ति में हाइड्रोसील फाइलेरिया का मरीज मिले तो सदर अस्पताल या अनुमण्डलीय अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन कराकर इसका लाभ उठायें।

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराना पड़ा भारी, एक गिरफ्तार, चार पर केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिंहवाड़ा (दरभंगा)।** सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने की नीयत से हथियार के साथ फोटो अपलोड करना अब युवकों को भारी पड़ रहा है। सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के शेहराटोला में पांच युवकों द्वारा हथियार लहराते हुए सोशल साइट्स पर फोटो डालना उन पर कानूनी शिकंजा कसने का कारण बन गया। इस मामले में पुलिस ने शेहराटोला निवासी गुड्डू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चार अन्य की पहचान कर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार चौधरी ने बताया कि सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वायरल हुए फोटो की जब गहराई से जांच की गई, तो उसकी सत्यता प्रमाणित पाई गई।

# बाइक में दुपट्टा फंसने से आंगनबाड़ी प्रर्यवेक्षिका की गिरकर मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया।** प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत महिला प्रर्यवेक्षिका मनीषा कुमारी की सोमवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत चकिया कल्याणपुर पथ पर लौकाहां गांव के निकट की बताई गई है। बताया जाता है कि मृतका का घर पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के चोरमा पंचायत के दास टोला वार्ड एक में है। वहीं से ड्यूटी आना जाना था। बताया जाता है कि बाइक से मधुरापुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर दूसरे केंद्र पर जा रही थी। इसी क्रम में उक्त स्थान पर बाइक के रिंग में दुप्पटा फसने से प्रवेक्षिका नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत बता दिया। वहीं मौत की सूचना पर बीडीओ रोशनी कुमारी, सीडीपीओ श्वेता, श्रीराम सहित अन्य प्रवेक्षिका, सेविका व कर्मी अस्पताल पहुंचे। शव को देख सभी की आंखे नम हो गई। उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सीडीपीओ ने बताया कि मनीषा कुमारी मृदुलभाषी व कर्तव्यपरायण महिला थी। उन्होंने चकिया कार्यालय में जुलाई 2023 कार्यभार संभाली थी। इसके पूर्व मधुबन में कार्यरत थी। मृतका के पति उपेंद्र दास समस्तीपुर स्थित कॉलेज में किरानी है।

# डीएम ने गांव की महिलाओं से की सीधी बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के सभी ग्यारह प्रखंडों के चयनित 30 ग्राम संगठनों में मंगलवार को महिला संवाद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हसपुरा प्रखंड के डुमरा, सदर प्रखंड के पटनवां, बारून के टेंगरा, देव प्रखंड के पवई, कुटुंबा के परता तथा नवीनगर के बसडीहा सहित अन्य स्थानों पर आयोजित किया गया। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के साथ सीधा संवाद करने की अनूठी पहल है। इस क्रम में महिला सशक्तीकरण संबंधी योजनाओं की जानकारी महिलाओं के साथ साझा की जा रही हैं। महिलाएं इन योजनाओं से हुए सीधे लाभ की बात करती हैं और योजनाओं को और बेहतर बनाने की बात भी संजीदगी के साथ करती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब अपने सपनों और आकांक्षाओं को खुलकर व्यक्त कर रही हैं। राज्य सरकार की पहल, महिला संवाद कार्यक्रम, उनके लिए उम्मीदों का एक ऐसा मंच साबित हो रहा है, जहां वे न केवल अपनी समस्याओं को उजागर कर रही हैं, बल्कि विकास की नई संभावनाओं की ओर भी इशारा कर रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं अपनी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को सीधे सरकार तक पहुंचा रही हैं, वहीं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में हुए बदलाव को साझा कर दूसरों को प्रेरित भी कर रही हैं। राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं- अंजली कुमारी, कांति देवी, लक्ष्मी देवी, सिया मनी देवी, अदि ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे इन योजनाओं का लाभ उठाकर उन्होंने अपने परिवार के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है और गांव की अन्य



महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से बिहार राज्य के विकास में आधी आबादी ने अपनी भागीदारी देनी प्रारंभ कर दी है। इसकी बानगी राज्य सरकार द्वारा जीविका के माध्यम से आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में दिख रही है। पिछले 20 सालों में राज्य में हुए विकास को उत्तरोत्तर गति प्रदान करने के उद्देश्य से महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो रही हैं। जहां गांव की महिलाएं गांव के विकास के लिए अपनी इच्छाएं एवं आकांक्षाओं को सूचीबद्ध करा रही हैं। ग्राम संगठन स्तर पर राज्य के सभी जिलों में महिला संवाद आयोजित किये जा रहे हैं। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना की सफलता पर आधारित फिल्मे भी महिला संवाद रथ में प्रदर्शित की जा रही है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए राज्य में संचालित योजनाओं से संबंधित लीफलेट महिलाओं के बीच वितरित किया जा रहा है ताकि अब तक अगर कोई भी महिला योजनाओं का लाभ नहीं ले पाई है तो उससे जुड़कर अपने जीवन में बदलाव लाये। संवाद कार्यक्रम में दौरान बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रियानवित महत्वकांक्षी योजनाओं, जिसमें महिला के लिए आरक्षण, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), नशामुक्ति अभियान, बाल-विवाह, दहेज़ प्रथा उन्नमूलन अभियान, मुख्यमंत्री मेधावृति योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना आदि से सम्बंधित जानकारी महिलाओं को वीडियो फिल्म के माध्यम से दी जा रही है। इस संवाद कार्यक्रम का प्रतिफल यह है कि राज्य की विकास योजनाओं के नीति निर्धारण में महिलाओं की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को स्थान मिल रहा है। सावन ग्राम संगठन पटनवा, औरंगाबाद के महिला संवाद मे जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका के पवन कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक के श्रुतिकांत पाठक, जीविका एवं सभी महिलाओं ने भाग लिया। संवाद के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि महिला संवाद का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, आत्मनिर्भर बनाना एवं गांवों की आकांक्षाओं को समझना है। महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के माध्यम से कई योजनाएं का संचालन किया जा रहा है। सरकार द्वारा बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना एवं अन्य बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, नली गली, नल जल योजना एवं अन्य सरकारी योजना का लाभ आपको, आपके पास रहने वाले लोग एवं मोहल्ला वासी को नही मिला है और वो पात्र है तो जिला प्रशासन द्वारा दिलवाया जायेगा और उपस्थित दीदियों से कहा कि आप अपनी आकांक्षा को बताएं ताकि आपकी बात को सरकार तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान महिला संवाद रथ पर लगे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बिहार सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को लघु फिल्म का सूचनात्मक वीडियो प्रसारित किया गया, जिसे महिलाएं द्वारा पूरे उत्साह और तन्मयता से देखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री का संदेश पत्र और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाले लीफलेट भी वितरित किए गये।

## मुआवजा के बगैर जमीन अधिग्रहण गैर कानूनी

### जबरन जमीन कब्जा करने का प्रयास प्रशासन की गुंडागर्दी : किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन वाराणसी कोलकाता ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे में अधिग्रहित जमीन पर कब्जा करने पहुंची प्रशासन को किसानों के विरोध के पश्चात बैरंग वापस लौटना पड़ा। यह मामला दरियापुर गांव का है। मंगलवार को अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश सैकड़ों पुलिस बल के साथ दरियापुर गांव पहुंचे और सुरक्षा बलों के बल पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कराना चाहा। मौके पर उपस्थित भाजपा नेता प्रवीण सिंह एवं ग्रामीणों के विरोध के बाद निर्माण कार्य शुरू किये बगैर उन्हें वापस लौटना पड़ा। प्रवीण सिंह ने बताया कि कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि किसानों को मुआवजा दिए बगैर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। सरकार भी ऐसा नहीं चाहती है। किसानों के आग्रह पर जब मैं यहां पहुंचा तो पाया कि मुआवजा दिए बगैर प्रशासन किसाने की जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करना चाहती है। किसानों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का संवैधानिक अधिकार दिया गया है। किसानों का कहना है कि जान दे देंगे लेकिन मुआवजा के बगैर जमीन नहीं देंगे। मैं किसानों की बात को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। मौके पर उपस्थित महसू गांव के किसान अरविंद सिंह ने बताया कि प्रशासन गुंडागर्दी कर रही है। वह सुरक्षा बलों का भय दिखा कर जबरन हमारी जमीन पर कब्जा करना चाहती है। लेकिन हम लोग जान दे देंगे जमीन नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने हमारे खेतों में जबरन निर्माण कार्य कराया है। इस गैर कानूनी कार्य के लिए प्रशासनिक गुंडो को कोर्ट में सबक सिखाएंगे। कमिश्नर द्वारा निर्धारित किए गए दर के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाए। अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश के अनुसार कार्य किया जाएगा।

## पुत्र की हत्या में शामिल पिता गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने सोमवार की रात्रि सैदपुर नौघड़ा गांव में छापेमारी कर पुत्रहंता पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान उक्त गांव निवासी निशार अंसारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि कुछ माह पूर्व निसार अंसारी के बेटे की हत्या हुई थी?। उसने न्याय के लिए थाने में आवेदन दिया था। जांचोंपरांत दोषी पाए जाने पर निसार अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## आम जमीन पर किसी एक पक्ष का अधिकार न्यायोचित नहीं : प्रमोद सिंह

### कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर उपजे विवाद पर लोजपा नेता प्रमोद सिंह ने किया हस्तक्षेप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कजपा पंचायत अंतर्गत ग्राम जाखिम में गरमनजुरवा आमस्थान पर हो रही कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर गहरी नाराजगी और असंतोष व्याप्त है। यह स्थान वर्षो से सार्वजनिक उपयोग में रही साझा भूमि रही है, जिसे अब एकपक्षीय निर्णय के तहत कब्रिस्तान घोषित कर घेरने का कार्य आरंभ कर दिया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के बीच लोजपा प्रदेश महासचिव एवं रफीगंज विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामवासियों से संवाद कर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गरमनजुरवा एक आमजमीन है, जिस पर सभी समुदायों का समान अधिकार है। बिना विधिक प्रक्रिया और आपसी सहमति के, किसी एक पक्ष द्वारा इस पर कब्जा करने का प्रयास अनुचित और असंवैधानिक है। नेता प्रमोद सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि गांव में सौहार्द बना रहे। कोई भी कार्य प्रशासनिक अनुमति और दस्तावेज़ीय पुष्टि के बाद ही हो। हमने संबंधित अंचलाधिकारी रामकुमार रमन से दूरभाष पर बात कर गए रद्द करने और कार्य रोकवाने की मांग की है। ठेकेदार से भी चर्चा कर कार्य फिलहाल रोकने का आश्वासन लिया गया है।

उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर एकतरफा नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक नेहालुद्दीन केवल एक समुदाय विशेष को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे गाँव में विघटन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सभी हिंदू समाज से एकजुट रहने की अपील की। इस दौरान महादलित समुदाय की महिलाओं और पुरुषों ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त की। उनका आरोप था कि उनके पास केवल एक सार्वजनिक चापाकल है, जिसे कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि धमकी दी जा रही है कि घेराबंदी पूर्ण होने के बाद उन्हें गाँव से खदेड़ दिया जाएगा।

प्रदर्शन में अनिल मिश्रा, सरपंच समदर्शी सिंह, शशिभूषण मिश्रा, संजय सिंह, सुनीता देवी, नदिया देवी, द्वितीया देवी, बसंती देवी, कौशल्या देवी, जवाहर यादव, रविंद्र मेहता, हसन पासवान, शमशेर महतो, राहुल कुमार, राकेश कुमार, दीप नारायण पासवान, गुड्डू साव, श्रुति देवी, ज्ञांती देवी, रामरती देवी, मुनर्वा कुंवर सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## उचित मुआवजे की मांग पर किसानों ने रोका पुनपुन बराज परियोजना का कार्य





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** हमीदनगर स्थित पुनपुन बराज परियोजना का कार्य मंगलवार को एक बार फिर किसानों ने रोक दिया, कारण–उन्हें अब तक जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिला। कार्यस्थल पर खड़ी ट्रैक्टरों के बीच किसान एकजुट होकर विरोध में खड़े रहे। किसानों का कहना है कि बिना मुआवजा दिए जबरन तटबंध निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण है। दूसरी ओर, कार्यपालक अभियंता राजू कुमार ने महेश परासी इलाके के किसानों पर कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराने की बात कही, जबकि जिप प्रतिनिधि सह राजद नेता श्याम सुंदर ने दो टूक कहा–ङ्ककिसान फर्जी मुकदमे झेल लेंगे, जेल चले जाएंगे, पर मुआवजा लिए बिना काम नहीं होने देंगे।ङ्क किसानों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने न केवल धमकाया, बल्कि दस किसानों के नाम भी अपनी डायरी में दर्ज कर लिए हैं। अब तक हुई तीन बैठकें बिना निष्कर्ष समाप्त हो चुकी हैं, जबकि मीरपुर में हुई पिछली बैठक में भू-अर्जन अधिकारियों के पास कोई भी दस्तावेज मौजूद नहीं था, जिससे सरकार की गंभीरता पर सवाल उठे हैं। किसान वर्तमान बाजार दर पर मुआवजे की मांग कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि कहीं भुगतान गलत व्यक्ति को किया गया है, तो कहीं बाग-बगीचों का मूल्यांकन ही नहीं हुआ। बराज परियोजना का कार्य पिछले 15 वर्षों से लंबित है, और किसानों का कहना है कि जब तक सभी विवाद पारदर्शी ढंग से नहीं सुलझते, तब तक कोई कार्य नहीं होने देंगे। किसान विरोध के चलते कार्य तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है, वहीं कार्यपालक अभियंता ने उपहारा थाने में कार्य में बाधा डालने की शिकायत दी है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने पुष्टि की है कि आवेदन मिला है और मामले की जांच की जा रही है।

## बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक, योजनाओं की प्रगति पर हुई विस्तृत समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में मंगलवार को बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री समिति अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने की, जबकि संचालन का दायित्व भी उन्होंने ही निभाया। बैठक में प्रखंड स्तर के सभी प्रमुख विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसमें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं–जैसे मनरेगा, कृषि, आंगनबाड़ी, जल-स्वच्छता, शिक्षा, पेंशन योजनाएं (विधवा, वृद्धा, विकलांग), पंचायती राज, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरईपी, श्रम, सीएससी, और बैंकिंग सेवाओं– की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई। अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की बात कही, और यह भी जोड़ा कि लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंदों को ही मिले। शहरी क्षेत्र में बढ़ते जाम की समस्या पर भी गंभीर चिंता जताई गई। उन्होंने थाना प्रतिनिधि एएसआई संजय कुमार से आग्रह किया कि भारी वाहनों के प्रवेश के समय का निर्धारण कर यातायात को सुगम बनाया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। बैठक में बीडीओ सह सचिव उपेंद्र दास, उपाध्यक्ष संतोष कुमार साव, कौशल चंद्रवंशी, सुबोध कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार चक्रवर्ती, दिल्लू सिंह, शाहबाज आलम, प्रभा देवी, सुनील पाल, बबलू सिंह, रामकुमार सिंह, मनोज यादव, राजकुमार चंद्रवंशी, उर्मिला पासवान, संजय यादव सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

विभागीय अधिकारियों में अंचलाधिकारी रामकुमार रमन, कृषि पदाधिकारी अजय सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी मिलन, कल्याण पदाधिकारी आनंद कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, बिजली विभाग से दीपक भारती, शिक्षा विभाग से पवन मिश्रा, बीपीआरओ अमर कुमार, बीसीओ अरुण कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, बैंक प्रतिनिधि चिंजीव कुमार, और स्वास्थ्य विभाग से सन्नी कुमार मौजूद रहे।

## अभियंत्रण महाविद्यालय में पेरेंट्स-टीचर्स मीटिंग का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता/सुखेन्द्र कुमार**

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद में आज पैरेंट टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने इस मीटिंग में उपस्थित सभी अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए इस मीटिंग के उद्देश्य से अवगत कराया, उन्होंने बताया कि इस मीटिंग के माध्यम से छात्रों के परफॉर्मेंस एवं उनकी उपस्थिति में काफी सुधार होगी जिससे छात्रो के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। महाविद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज प्रो चन्दन कुमार ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के रिपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, लैब, प्लेसमेंट, स्टार्टअप एवं अन्य सेलों की उपलब्धि को प्रेजेंटेशन के माध्यम से




उनके समक्ष प्रस्तुत किया। सभी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राय चन्द्रशेखर प्रसाद, डॉ सचिन माहेश्वर, प्रो. कृष्णकांत चौबे, प्रो. निर्भय कुमार एवं कोऑर्डिनेटर प्रो अमित भारद्वाज, प्रो आलोक कुमार, प्रो धर्मेंद्र कुमार, प्रो राजू रंजन एवं अन्य मौजूद थे। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ राय चंद्र शेखर प्रसाद ने इस मीटिंग में अभिभावकों के समक्ष अपना अनुभव साझा किया। इसके बाद प्राध्यापक जो बच्चों को रोजाना पढाया करते है उन्होंने उनके बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावकों के समक्ष रखा साथ ही अभिभावकों से फ़ीडबैक फॉर्म भी भरवाया गया, जिसमे उनसे महाविद्यालय के विकास एवं उत्तम शिक्षण व्यवस्था हेतु राय ली गई। महाविद्यालय में उपस्थित अभिभावकों ने इस कार्यक्रम को काफी सराहा और बताया कि इस तरह के रेगुलर पैरेंट टीचर मीटिंग से बच्चों के परफॉर्मेंस में निश्चित ही सुधार होगी। इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस के साथ स्कूली छात्रों ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** यातायात पुलिस द्वारा शहर के रमेश चौक एवं जामा मस्जिद के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी सड़क पर उतरकर लोगों से सुरक्षा के जरूरी उपायों को अपनाने की अपील की। यह जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में गई। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों को सड़क सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर कैसे चलें, दुर्घटना से कैसे बचाव किया जाए सहित अन्य जानकारियां दी गई। ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस






जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात संकेतो, विद्युत सिग्नल, यातायात जवानों के हाथों के संकेत, चालकों के संकेतों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इन दोनों जिलों में सड़क दुर्घटना की घटनाएं बढ़ी हुई है। सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण के आधार पर दुर्घटना के प्रमुख कारणों की जानकारी देकर उसे कैसे निदान पाया जाए मुख्य रूप से इस पर चर्चा करते हुए छात्रों को उपाय बताया गया। बताया कि बाइक पर सवार होकर जब भी अपने घर से निकले तो हेलमेट जरूर लगाए। वहीं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग कभी न करें, और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएं, नहीं तो समस्याएं हो सकती है। वाहन में स्पष्ट नंबर अंकित करने के बारे में भी समझाया गया। इसके साथ-साथ वाहन में आवश्यक दस्तावेज जैसे चालक लाइसेंस, बीमा, आरसी बुक, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट आदि की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि शहर में शाम होते ही लहरिया कट व बाइक रेसिंग करने वालों की टीम निकलती है ऐसे लोगों पर यातायात विभाग की नजर है। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वाहन चलाने के दौरान नशा नहीं करना चाहिए। तेज रफ्तार, ओवरलोड, असुरक्षित, ओवरटेक, थकान महसूस होने पर वाहन न चलाना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी न करना, बगैर इंडिकेटर वाहन को दाहिने और बाएं तरफ मुड़ने से होने वाली दुर्घटना व क्षति के बारे में जानकारी भी दी गई। इस दौरान वाहन चलाने वालों व छात्रों को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए नियम भी बताया गया। छात्रा रिया कुमारी, रिद्धि कुमारी, सोनम कुमारी आदि ने बताया कि औरंगाबाद यातायात पुलिस विभाग द्वारा स्कूली छात्र व स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई है। जानकारी मिलने के बाद इस पर अमल करने की जरूरत है। निश्चित तौर पर सभी लोग इसका पालन करेंगे। दिन प्रतिदिन हो रहे सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। पुलिस विभाग की टीम द्वारा छात्रों को बताया गया की 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन ना चलाएं जिस रास्ते से आप जा रहे है, अगर उस रास्ते पर सिग्नल है तो उसका पालन करते हुए आगे बढ़े।

## गर्मी में नगर पंचायत फॉगिंग कर पैसा कर रहा बर्बाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी/भोजपुर।** स्थानीय नगर पंचायत में भीषण गर्मी के दौरान मच्छड़ भगाने को ले नगर पंचायत के द्वारा फॉगिंग किया जा रहा है। फॉगिंग करने पर जनता का कहना है कि जब भीषण गर्मी पड़ रही है तो नगर पंचायत के द्वारा फॉगिंग कराया जा रहा है। जो पैसे का बेवजह खर्च किया जा रहा है। वही वार्ड 1 के सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश कुमार ने कहा कि वर्षात व ठंढ़ के दिनों में मच्छड़ का ज्यादा प्रकोप होता है। उस समय फॉगिंग नही किया जाता है। लेकिन जब गर्मी में मच्छड़ लू से मर जाते है, इस समय गढ़ा में



पानी भी इकठ्ठा नही रहता तो फॉगिंग कराया जा रहा है। नगर पंचायत में जो जरूरी कार्य है बाजार पर शौचालय नही बन रहा है लेकिन फॉगिंग कर पैसा को बर्बाद किया जा रहा है। वही वार्ड 4 के मो रमीज़ ने बताया कि गड़हनी में एक यात्री सेड का निर्माण तीन वर्षो में नही हुआ और इस समय फॉगिंग कर जनता की पैसे को धुंआ धुंआ कर उड़ाया जा रहा है। तीन तीन दिनों पर सफाई कर्मी कूड़ा उठाने आते है। उन्हे कुड़ा व गंदगी नही दिखता। जो जरूरी नही है वह कराया जा रहा है। दुकानदारों से रोज चुंगी वसूली होती है। लेकिन उसकी कोई ब्यवस्था नही है। सवाल जब जनता नगर पंचायत से पूछती है तो वह विरोधी बन जाता है।

## मंदिर नव निर्माण के पूर्व पौधारोपण कर किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बिहिया प्रखंड के बिलौना गांव स्थित श्री रामजानकी मंदिर निर्माण भुमि पूजन के अवसर पर पौधारोपण किया गया। जिसमें मंदिर के पुजारी समेत अन्य ने भाग लिया। इस मौके पर पर्यावरणविद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि सनातनी प्रकृति पूजक होते हैं। इसलिए हर मंदिर में वृक्ष रहता है। मंदिर निर्माण से पहले पौधारोपण पुण्य का कार्य है। जिस तरह गौ दान महादान है इस प्रकार पौधा दान महादान है। बता दे कि भोजपुर के बिलौना ग्राम स्थित 'रामेश्वरनाथ' शिव मंदिर प्रांगण में श्री राम जानकी हनुमान मंदिर के नव निर्माण के लिए भूमि पूजन के साथ देव वृक्ष आंवला का पौधारोपण कर शुभ कार्य आरंभ हुआ। जिसमें मंदिर पुजारी पाण्डेय जी, राकेश ओझा, अजय ओझा, रवि पाण्डेय एवं समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## खड़ेश्वरी बाबा के 21 दिवसीय धुनी साधना का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** थाना गली स्थित नवनिर्मित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार को खड़ेश्वरी बाबा की 21 दिवसीय धुनी साधना का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह साधना आगामी 19 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चलेगी।

इस विशेष साधना के माध्यम से शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा और शिव पंचायत महायज्ञ की आध्यात्मिक भूमिका तैयार की जा रही है। आयोजक मंडली के सदस्य राजू गुप्ता ने बताया कि 18 मई से




23 मई तक भव्य महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी अपेक्षित है। धुनी साधना के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और बाबा के तपोबल से आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने हेतु दर्शन लाभ लिया। आयोजन स्थल पर धर्म, भक्ति और आस्था का वातावरण पूरी तरह व्याप्त रहा।

# इमामगंज में बदमाशों ने जूही वस्त्रालय संचालक को मारी गोली

## दुकान में ग्राहक बनकर आए थे बदमाश



नवबिहार टाइम्स संवाददात

**पालीगंज।** मंगलवार को इमामगंज बाजार स्थित जूही वस्त्रालय में कपड़ा खरीदने के बहाने आए दो बदमाशों ने दुकान संचालक नागेंद्र गुप्ता को गोली मार दी जिसमें दुकानदार नागेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए अरवल सदर अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। दिनदहाड़े घटित इस घटना से बाजार में हड़कंप मच गया तथा दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे भागने में कामयाब हो गए। मिली जानकारी के अनुसार इमामगंज बाजार निवासी नागेंद्र गुप्ता ने इमामगंज बाजार में जूही वस्त्रालय नाम से कपड़ा का दुकान खोल रखा था। मंगलवार की दोपहर दो बदमाशों ने ग्राहक बनकर कपड़ा खरीदने के बहाने दुकान के अंदर गया और कपड़ा दिखाने को बोला। दुकानदार नागेंद्र ने कपड़ा निकालकर दिखाने लगा इसी बीच बदमाशों ने नागेंद्र के हत्या करने की नीयत से कट्टा निकलकर नागेंद्र के ऊपर गोली चला दी गोली नागेंद्र के बांह में लग गई। बदमाशों ने वहां से कट्टा लहराते अपाची मोटरसाइकिल से भाग निकला। घटना की सूचना इमामगंज थाने को देते हुए लोगों ने तत्काल नागेंद्र को लेकर अरवल सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दीपू मंडल ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर इमामगंज बाजार में खड़ी इमामगंज पुलिस के 112 पेट्रोलिंग गाड़ी ने बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन बदमाश अपाची से था वह बाजार के पतली गलियों के सहारे भाग निकला। थानाध्यक्ष ने बताया कि नागेंद्र खतरे से बाहर है। उसके परिजन ने बेहतर इलाज के लिए पटना लेकर चले गए हैं। दुकान एवं आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकालकार लिया गया है जिसमें अपराधी की तस्वीर कैद हो गई है। अपराधियों की पहचान कर करवाई की जाएगी।

# शैक्षिक सेवा का उदाहरण है इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. एम. मुशाहिद आलम रिजवी ने इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। उनका स्वागत चेयरमैन डॉ. खुर्शीद हसन और जॉइंट सेक्रेटरी मौलाना इफ्तेखार अहमद निजामी ने किया. इस्लामिया बी.एड. कॉलेज में प्रो. रिजवी का स्वागत प्रिंसिपल आर. के. अरुण और संस्थान से जुड़े कई शिक्षकों व प्रबंधकों ने किया। सितार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन और इस्लामिया हाई स्कूल में भी उनका भव्य स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रो. रिजवी ने शैक्षणिक माहौल, अनुशासन, स्वच्छता और छात्रों-शिक्षकों के व्यवहार की सराहना की. उन्होंने कहा कि ये संस्थान केवल शिक्षा केंद्र नहीं हैं, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिकता और सामाजिक चेतना के केंद्र बन चुके हैं. प्रो. एम. मुशाहिद आलम रिजवी ने कहां की समाज के हर क्षेत्र के लोगों का ध्यान इस्लामिया ग्रुप ने अपनी ओर खींचा है. उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाला इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस आज बिहार ही नहीं, देशभर में अपनी अलग पहचान बना चुका है. उन्होंने इस्लामिया ग्रुप की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ. खुर्शीद हसन का नेतृत्व इन संस्थानों को ऊँचाई तक ले गया है. यहाँ शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और नेतृत्व विकास को समान महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस ग्रुप के शिक्षक, छात्र और प्रबंधक जिस ईमानदारी और लगन से काम कर रहे हैं, वह प्रशंसा के योग्य है. राष्ट्र को इन संस्थानों से बड़ी अपेक्षाएं हैं और ये संस्थान ज्ञान व नैतिकता के दीपक जलाते रहेंगे.इस ग्रुप के अंतर्गत इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सितार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन और इस्लामिया हाई स्कूल (+2) जैसे प्रतिष्ठित संस्थान संचालित हो रहे हैं।

## एक नजर

### 17 वर्षीया किशोरी बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना के एक गांव से बीते दिनों बहला-फुसलाकर अगवा की गई 17 वर्षीया एक किशोरी को पुलिस ने मंगलवार को उसके चाचा के घर से बरामद कर लिया। बताया जाता है कि बरामद किशोरी का बयान बुधवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय में दर्ज कराया जाएगा। गौरतलब है कि किशोरी को बीते दिनों अगवा कर लिया गया था। इसके बाद बीते 19 अप्रैल को उसके पिता ने गांव के ही रॉकी कुमार पर बहला फुसलाकर अपनी पुत्री का अपहरण कर लेने का आरोप लगा उसके खिलाफ थाना में कांड संख्या- 312/25 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसबीच पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर किशोरी को उसके चाचा के घर से मंगलवार को बरामद कर लिया। अगवा किशोरी अपने चाचा के घर कैसे पहुंची फिलहाल इसका पता नहीं चल सका था। इस बाबत पुलिस ने बताया कि बुधवार को किशोरी का बयान न्यायालय में दर्ज कराया जाएगा।

### पुलिस से उलझे पिता-पुत्र

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी पुलिस बीते मंगलवार की रात नगर के लखीबाग मुहल्ले में स्थित अशोक केसरी के घर न्यायालय से निर्गत बारंट के आलोक में पिता अशोक केसरी व पुत्र मनीष कुमार को ढूंढने पहुंची। आरोप है कि इसी दौरान पिता व पुत्र दोनों पुलिस से उलझ गये। बाद में पुलिस की सख्ती के बाद जब पिता व पुत्र पुलिस से निर्गत बारंट के आलोक में न्यायालय से मिली जमानत की कॉपी (रिकॉल) को दिखाया और बताया कि हम इस मामले में जमानत ले चुके है। पुलिस कागजात देख वापस लौटने वाली ही थी कि इसी बीच एक पुलिसकर्मी को पिता व पुत्र के द्वारा शराब का सेवन करने की आशंका हुयी और उसने पिता व पुत्र दोनों से इस संबंध में पूछताछ की। आरोप है कि इसबार फिर से दोनों पुलिस से उलझ गये.बाद में पुलिस दोनों पिता अशोक केसरी व पुत्र मनीष कुमार को लेकर थाना आयी और मध निषेध कार्यालय में ले जाकर ब्रेथ एनेलाइजर से दोनों की जांच की जिसमें दोनों पिता व पुत्र के शराब का सेवन करने की पुष्टि हो गयी। पुलिस इसके बाद बुधवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### चार फरार वारंटी धराए

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार वारंटियों की धर-पकड़ अभियान के तहत मसौढ़ी अनुमंडल में चार वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि थाना क्षेत्र के मेन रोड इलाके से बेल ब्रीच (जमानत की शर्तों का उल्लंघन) मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, केवड़ा ओपी प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि कलावनचक में आपसी विवाद के दौरान मारपीट के एक पुराने मामले में फरार चल रहे दो वारंटी छोटे मांझी और रिपु कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### आवास निर्माण नहीं कराने वाले 27 लाभुकों से रिकवरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाली धनराशि का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। धनरूआ प्रखंड में ऐसे 60 लाभुक चिन्हित किए गए हैं जिन्होंने दो-दो किस्तें मिलने के बावजूद आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सीमा कुमारी के अनुसार, अब तक 27 लाभुकों से 7.80 लाख रुपये की राशि वसूल की जा चुकी है। फरवरी में भी 90 हजार रुपये की रिकवरी हुई थी। बीडीओ ने बताया कि कुल करीब 36.50 लाख रुपये की रिकवरी की जानी है। फिलहाल 45 मामलों में कार्रवाई लंबित है। पंचायत स्तर पर आवास सहायकों की मदद से शेष लाभुकों की पहचान कर रिकवरी और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### दो पक्षों में भिड़ंत, छह राउंड फायरिंग

**मसौढ़ी (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के डेवां पंचायत स्थित अगरपुर गांव में सोमवार को खेत में सूअर चले जाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान जमकर मारपीट हुई और छह राउंड फायरिंग की गई। इस संबंध में जिकेंद्र कुमार ने कादिरगंज थाना में अशोक प्रसाद समेत दो नामजद और छह अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वादी का आरोप है कि अशोक प्रसाद उनके घर चढ़कर मारपीट करने लगे और कहा कि अपने सूअर को घर में बंद रखो। इसके बाद उनके बेटे ने मौके पर पहुंचकर छह राउंड फायरिंग कर दी। मामले की पुष्टि करते हुए कादिरगंज थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

### धूमधाम से मनी परशुराम जयंती

**मसौढ़ी (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम की जयंती मंगलवार को मसौढ़ी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। लिटिल फ्लावर कॉन्वेंट स्कूल परिसर में आयोजित समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद् कृष्णा सिंह ने की, जबकि संचालन आर्यभट्ट चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सुनील कुमार गावस्कर ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम को आज्ञापालन, तपस्या और धर्म रक्षा का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में भाजपा एसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुन्ना पासवान, अशोक शर्मा, मदन शर्मा, सुजीत पासवान, सुदामा पासवान, रोहित पटेल, चंद्रकला देवी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भगवान परशुराम के विचारों से प्रेरणा लेने और सभी समुदायों में सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई।

# भारत में आरएसवी से सुरक्षा के लिए डॉ. रेड्डीज और सनोफी की नई पहल



नवबिहार टाइम्स संवाददात

**हैदराबाद।** विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर, डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़ और सनोफी हेल्थकेयर इंडिया प्रा. लि. ने भारत में रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस से सुरक्षा के लिए बेफ़ोर्टसरु (निर्सेविमैब) के लॉन्च की घोषणा की है। यह साझेदारी पिछले साल सनोफी के वैक्सीन ब्रांड्स के लिए हुई डिस्ट्रीब्यूशन डील का विस्तार है। बेफ़ोर्टसरु एक मोनोक्लोनल एंटीबॉडी है, जो जन्म के समय या आरएसवी सीज़न में प्रवेश कर रहे शिशुओं को गंभीर संक्रमण से बचाने के लिए तैयार किया गया है। यह दवा 24 महीने तक के बच्चों को दी जा सकती है, जो आरएसवी के प्रति संवेदनशील होते हैं। सनोफी की नित्या पद्मनाभन ने कहा कि यह पहल बच्चों को प्रारंभिक सुरक्षा देने की दिशा में एक अहम कदम है। वहीं, डॉ. रेड्डीज़ के एम.वी. रमना ने इसे नवाचार और टीकाकरण पोर्टफोलियो के विस्तार का संकेत बताया। बेफ़ोर्टसरु को पहले ही अमेरिका, यूरोप, चीन और जापान जैसे देशों में स्वीकृति मिल चुकी है, और भारत में इसे जून 2024 में सीडीएससीओ से मंजूरी मिली थी।

# मसौढ़ी में पाकिस्तान के खिलाफ मुस्लिम महिलाओं का प्रदर्शन, बदला लेने की उठी मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी (पटना)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में आक्रोश है। मसौढ़ी में भी लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। मंगलवार को मसौढ़ी के पुरानी बाजार मुस्लिम मोहल्ले में सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं ने सड़क पर उतरकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और केंद्र सरकार से बदले की मांग की। प्रदर्शन में शामिल नाजिया आफरीन, संता खातून, रूबी खातून, रौनक परवीन, शहनाज खातून और कई अन्य महिलाओं ने कहा कि पाकिस्तान अब आतंकियों की फैक्ट्री बन चुका है और उसे उसकी ही भाषा में जवाब देना जरूरी है। दिल्ली निवासी नाजिया आफरीन, जिनकी शादी मसौढ़ी में हुई है ने कहा कि अब पाकिस्तान का सफाया जरूरी है। भारत को हर हाल में जवाब देना होगा। शबनम खातून ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत कभी पाकिस्तान के नापाक इरादों को कामयाब नहीं होने देगा। महिलाओं ने आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा और केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# अति पिछड़ा समाज के उत्थान का संदेश लेकर पहुंचा कर्पूरी रथ



नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** पटना जिला अंतर्गत फुलवारी शरीफ प्रखंड के फुलवारी सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को कर्पूरी रथ का भव्य आगमन हुआ है। 'बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में अति पिछड़ा समाज के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। न्यायपालिका, पंचायती राज, छात्रावास योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाएं विशेष रूप से अति पिछड़ा समाज के लिए चलाई जा रही हैं। यह कर्पूरी रथ इन योजनाओं की जानकारी देने के लिए गाँव-गांव पहुंच रहा है। फलवारी शरीफ के ग्रामीण इलाके में कपूरी रथ के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। फुलवारीशरीफ में कर्पूरी रथ का स्वागत बल्लमीचक मोड़, ब्रह्मपुर बाजार, चिल्लबिली मोड़, गंजपर, हिन्दुनी, बभनपुरा मोड़, जानीपुर पुल तथा दोपहर 2 बजे अधपा में स्थानीय अति पिछड़ा समाज के लोगों द्वारा बेहद उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्याम रजक और जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता तथा जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी समेत कई अन्य नेता उपस्थित रहे। उन्होंने कर्पूरी रथ को ऐतिहासिक पहल बताते हुए अति पिछड़ा समाज के अधिकार और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर अपने विचार रखे। जदयू सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा क्री फुलवारीशरीफ के ग्रामीण इलाके में यह रथ पहली बार आया है, जहां लोगों में भारी उत्साह देखा गया। हम अति पिछड़ा समाज के लोगों से अपील करते हैं कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। यह रथ पूरे बिहार में भ्रमण करते हुए अति पिछड़ा समाज को जागरूक करने और सरकार की योजनाओं की जानकारी देने हेतु चलाया जा रहा है। पटना 39वां जिला है जहां यह रथ पहुंचा है। कपूरी रथ का उद्देश्य मुख्य रूप से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा अति पिछड़ा समाज को उत्थान के लिए जो काम किया गया है जो योजनाएं चलाई जा रही है दूर दराज के इलाके में कर्पूरी रथ जा रहा है लोगों को योजनाओं के लाभ उठाने के लिए जागरुक कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि '2005 से पहले जब उन्हें काम करने का अवसर मिला, तो उन्होंने कुछ नहीं किया। उनकी पार्टी ने अति पिछड़ा समाज के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। अब वह फिर सत्ता में आने का सपना देख रहे हैं, लेकिन जनता जानती है कि किसने काम किया और किसने नहीं।

पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि कर्पूरी रथ का उद्देश्य अति पिछड़ा समाज के बीच जाकर उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस समाज के लिए जो काम किया है, वह ऐतिहासिक है। छात्रावास, स्कॉलरशिप, आरक्षण जैसी योजनाएं धरातल पर काम कर रही हैं। यह रथ पूरे बिहार का भ्रमण कर रहा है और आज फुलवारी शरीफ के दुर्गम इलाकों में पहुंचा है, जहां बड़ी संख्या में अति पिछड़ा समाज के लोगों ने इसका स्वागत किया। इस कार्यक्रम में फुलवारी शरीफ विधानसभा जदयू प्रभारी प्रिय रंजन पटेल, जदयू पटना ग्रामीण उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, बीस सूत्री सदस्य राजू रजक, जदयू महानगर अध्यक्ष मो0 मिनहाज, भीम पंडित, अरविन्द कुमार दांगी, लाल बाबू पंडित, उपेंद्र प्रसाद वर्मा, डॉ0 अनीस कुमार गुप्ता, जदयू महानगर सचिव राकेश यादव, डॉ0 अजय कुमार सिन्हा, पैक्स अध्यक्ष विनोद सिंह, गुड्डू रजक, अरविंद शर्मा सहित हजारों की संख्या मे जदयू नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आइए स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं : आनन्द माधव



नवबिहार टाइम्स संवाददात

**भागलपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनुसार व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो स्वस्थ नहीं रह सकता है। स्वच्छता से हम बीमारियों से बच सकते हैं और स्वस्थ जीवन जीने के लिए यह आवश्यक है। ये बातें बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता सह रिसर्च विभाग के अध्यक्ष आनन्द माधव ने शाहकुंड प्रखंड में सरकारी स्कूलों में स्वच्छता अभियान के दौरान कही। मंगलवार को शैल प्रद्युम्न सोसाइटी फॉर डेवलपमेंट एंड चेंज ने डेटॉल इंडिया के सहयोग से शाहकुंड प्रखंड के भुलनी, सजौर एवं हाजीपुर पंचायत के मध्य विद्यालय, डरहा, आदर्श मध्य विद्यालय, नारायणपुर, केहरलाल उच्च विद्यालय, नारायणपुर, मध्य विद्यालय, बंधाव एवं मध्य विद्यालय रब्बीचक में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बच्चों के बीच डीटॉल साबुन का वितरण किया। इस अवसर पर बच्चों को आनन्द माधव नें साफ-सफाई के बारे में बताते हुए कहा कि इसे अपनी आदत में डालना होगा क्योंकि स्वच्छता ही सफलता की कुंजी है। उन्होनें कहा कि साफ सफाई हमसे बीमारी को दूर रखता है अतः स्वयं साफ रहें, अपने आस पास को भी स्वच्छ रखें तथा स्वच्छता का संदेश जहां तक हो सके लोगों तक पहुंचायें। उन्होंने कहा कि अगर हम स्वस्थ रहते हैं तो अपने जीवन के लक्ष्य के प्रति इमानदारी पूर्वक आगे बढ़ सकते हैं, क्योंकि शरीर अगर साथ देगा, तभी मन भी साथ देगा। इस अभियान में भागलपुर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमेंद्र कुमार एवं पूर्व मुखिया उचित लाल सिंह आदि उपस्थित रहे। विधालयों के प्रधानाध्यापक क्रमशः जयप्रकाश शर्मा, नीरज कुमार, एम ए इमरान आजाद, कुमारी सविता, विनोद कुमार राय, मुकुल रंजन एवं चक्रधर मंडल इन विद्यालयों के शिक्षकों ने इस अभियान में अपना पूरा-पूरा सहयोग दिया।

# प्रोग्रेशन रिपोर्ट में लापरवाही पर 36 प्रधानाध्यापकों को नोटिस

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी (पटना)।** प्रोग्रेशन रिपोर्ट कार्य में शिथिलता बरतने पर मसौढ़ी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने 36 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को स्पष्टीकरण जारी किया है। साथ ही बीआरसी के डाटा ऑपरेटर और लेखा सहायक को भी नोटिस भेजा गया है। बीईओ ने पत्र में लिखा है कि बार-बार निर्देश के बावजूद प्रोग्रेशन रिपोर्ट कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे मसौढ़ी प्रखंड पटना जिले में सबसे नीचे के स्तर पर पहुंच गया है। यह रवैया विभागीय जिम्मेदारी के प्रति असंवेदनशीलता दर्शाता है। सभी से 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जिला कार्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। साथ ही सभी नामित प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि वे 30 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे बीआरसी में उपस्थित होकर डाटा एंट्री ऑपरेटर से समन्वय कर शत-प्रतिशत प्रोग्रेशन रिपोर्ट पूर्ण करें।

## एमडीएम में प्लास्टिक के बर्तनों का हो रहा उपयोग

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढ़ी प्रखंड के कई ग्रामीण विद्यालयों में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। समस्तीचक मध्य विद्यालय की तस्वीरों में यह साफ देखी जा सकता है कि बच्चों को प्लास्टिक के बर्तनों में गर्म सब्जी परोसी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्लास्टिक के बर्तनों में गर्म भोजन देने से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। चिकित्सकों के अनुसार, प्लास्टिक के बर्तनों में उपयोग होने वाले बिस्फ़ेनॉल ए और फ्थैलेट्स जैसे रसायन गर्म भोजन में मिल सकते हैं, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। जबकि शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में स्टील की थालियाँ, गिलास और अन्य बर्तन पहले से ही उपलब्ध कराए गए हैं, फिर भी प्लास्टिक का उपयोग होना चिंताजनक है। इस मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि बच्चों की सेहत से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। संबंधित विद्यालय प्रशासन से जवाब तलब किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कुलपति ने शोध एवं विकास कार्यों के बारे में दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददात



**पूसा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के महानिदेशक एवं सचिव डेयर डॉ. एम एल जाट से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, कुलपति ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न शोध एवं विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया। बता दें कि महानिदेशक डॉ जाट और कुलपति डॉ पांडेय मोदीपुरम में काफी दिनों तक साथ में काम भी कर चुके हैं। वहीं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के महानिदेशक डॉ. एम एल जाट ने विश्वविद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य संस्थानों में भी इसकी चर्चा होती रहती है। उन्होंने विशेष रूप से नमो दीदी ड्रोन योजना एवं डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान को उल्लेखनीय बताया। नमो दीदी ड्रोन योजना के तहत, विश्वविद्यालय ने कई राज्यों के किसानों को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया है, जिसमें महिला किसान की संख्या काफी अधिक है। भारत सरकार की ओर से नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत इन किसानों को ड्रोन भी उपलब्ध करवाया गया है। जिसकी मदद से एक तरफ महिला किसान आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ रही हैं। वहीं ड्रोन के उपयोग से किसानों को फसलों की निगरानी और प्रबंधन में भी मदद मिल रहा है। कुलपति डॉ पांडेय और महानिदेशक डॉ जाट के बीच हुई इस मुलाकात के दौरान भविष्य की योजनाओं एवं सहयोग व साझेदारी के अवसरों पर भी चर्चा हुई और 2047 तक भारत को विकसित बनाने को लेकर विश्वविद्यालय की तैयारियां पर भी गंभीर विचार विमर्श किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में 27,375 आशा...

इमरजेंसी केयर, पैथोलॉजी जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की अद्यतन जानकारी ली एवं यह निर्देश दिया कि सूबे के सभी अस्पतालों में आनेवाले मरीजों को तमाम चिकित्सकीय सुविधाएं सुविधाजनक तरीके से दी जाए। बैठक के दौरान राज्य के जिला एवं अनुमंडल अस्पताल सहित क्रिटिकल केयर यूनिट में बेडों की संख्या बढाने का निर्देश देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य में संचालित बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह, कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, बीएमएसआइसीएल के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र कुमार, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह सहित कई विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहें।

### रिश्वत लेते कार्यपालक...

रुपए गिनते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग के पुलिस उपाधीक्षक श्यामबाबू प्रसाद ने बताया कि ठेकेदार संतोष प्रसाद यादव ने शिकायत की थी कि 3 करोड़ के प्रोजेक्ट के एवज में पहली किस्त में 60 लाख रुपए का भुगतान किया जाना है। इसके लिए अजय कुमार ने 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

### चयनित शिक्षकों की ...

का ऐलान किया था। छात्र नेता दिलीप कुमार ने बताया था कि फरवरी 2024 में टीआरइ-3 का विज्ञापन जारी हुआ था और 9 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित समारोह में 51,000 से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए थे। लेकिन, डेढ़ महीने बीतने के बाद भी कई शिक्षकों को स्कूल आवंटन और जॉइनिंग का इंतजार था, जिस कारण अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। दिलीप कुमार ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा था कि जिस गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बांटे गए, उसी स्थान पर अब आंदोलन की घोषणा करनी पड़ी।

## संक्षिप्त समाचार

### ढाई करोड़ का चरस जब्त, एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में करीब ढाई करोड रुपए मूल्य के स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर पूर्वी चंपारण जिले के भेलाही थाना क्षेत्र के पुरंदरा परसवा का तैयब मियां (22) है। जानकारी के अनुसार एसएसबी और पुलिस को सूचना मिली कि एक तस्कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया है। सूचना पर एसएसबी और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्कर को बाइक के साथ वरदहीं के समीप गिरफ्तार किया है। तस्कर की तलाशी ली गई तो इसके पास से 234 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। जब्त स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ चालीस लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।


### महर्षि परशुराम की जयंती समारोह का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया प्रखण्ड के पूर्वी तुरहापट्टी के शाही राय उत्सव भवन में भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के संयोजन मे परशुराम जयन्ती ससमारोह मनाया गया ।भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा उर्फ बब्लू मिश्रा ने कहा दुष्टों के संहारक भगवान परशुराम जी थे इसलिए पृथ्वी को दुष्टों के मुक्त रखने और विश्व के कल्याण हेतु भगवान परशुराम जी का अराधना करना चाहिए। इस समारोह मे अन्य उपस्थित लोगो ने भी अपना विचार प्रकट किया जिसमें संजय ठाकुर , विनय ठाकुर, संजय राय , मनीष कुमार ,परमेश्वर तिवारी , मुन्ना तिवारी मुखिया ,नवीन राय,चंदन कुमार, प्रमोद त्रिपाठी, राघवेन्द्र त्रिपाठी, प्रेम नंदन तिवारी,नवनीत तिवारी, सुमत तिवारी, संतोष दुबे अमित त्रिपाठी सुजीत मिश्रा इत्यादी उपस्थित थे ।सभी ने सनातन के मजबूती पर बल दिया और धर्म का रक्षा करने का संकल्प लिया स इस कार्यक्रम मे अतिथियों का स्वागत चन्द्रशेखर तिवारी संचालन शाही राय एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार मिश्रा उर्फ बब्लू मिश्रा ने किया ।



### शिविर में दो सौ मरीजों की हुआ स्वास्थ्य जांच

**हसनपुरा /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के रजनपुरा स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को रजनपुरा निवासी व समाजसेवी दिवंगत ध्रुवनंदन सिंह के तृतीय पुण्यतिथि पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह निःशुल्क जांच शिविर रोटरी क्लब आफ सीवान 'संकल्प' के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में डॉ पंकज कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ नूरनेहा सिद्दीकी, डॉ साजिद व डॉ मोहित कुमार द्वारा करीब दो सौ मरीजों को निःशुल्क सुगर, बीपी व इसीजी आदि कराने के पश्चात दवा का वितरण किया गया। वहीं गंभीर बीमारी वाले मरीजों को समाजसेवी विपीन कुमार सिंह द्वारा बेहतर इलाज के लिए सीवान भेजा गया। इस दौरान कहा कि इलाज में पूरा सहयोग किया जाएगा। शिविर में मुख्य रुप से विमल सिंह, बीरेंद्र सिंह, शेखर सिंह, पप्पु सिंह, राहुल सिंह, जयनारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह,अनीस सिंह, रमेंद्र सिंह व महंत बिनोद गिरि व सुरेश सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



### रघुनाथपुर में भगवान पशुराम जन्मोत्सव मना

**रघुनाथपुर/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय के रघुनाथपुर में मंगलवार को श्री त्यागी जी की मठिया परिसर में महंथ बालक दास जी महाराज के नेतृत्व में भगवान परशुराम की जयंती धूम धाम से मनाई गई।इस दौरान उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया। और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। उनके जीवन से कुछ सीख लेने की जरूरत बताई गई। वह भगवान विष्णु की अवतार के रूप में भारत की धरती पर अवतरित हुए थे। जिससे पूजनीय हैं। बालक दास जी महाराज ने कहा की धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम की पूजा करने से साधक के जीवन में खुशियों का आगमन होता है। साथ ही सभी तरह के संकटों से छुटकारा मिलता है। इस शुभ अवसर पर लोग एक-दूसरे को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं भी देते है। इस मौके पर अविनाश पांडेय, गोधन चौबे ,समीर दुबे, कुंदन मिश्र , शिवम मिश्रा ,बनमाली तिवारी, छोटन पांडेय अखिलेश पांडे उर्फ झंपू पांडेय, प्रशांत तिवारी, मनीष चौबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### बालिकाओं को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनर व्हील क्लब छपरा की ओर से सोमवार को राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, छपरा में छात्राओं के लिए साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को इंटरनेट उपयोग में सावधानी और सुरक्षा के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता साइबर क्राइम प्रभारी श्रीमती मधुबाला ने की। उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराध के प्रकार, बढ़ते मामलों और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड रखने तथा सोशल मीडिया पर निजी फोटो और जानकारी साझा करने से बचने की सलाह दी। साथ ही कार्यक्रम में छात्राओं को घरेलू हिंसा, सामाजिक हिंसा, बाल विवाह तथा व्यक्तिगत सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी जागरूक किया गया। श्रीमती मधुबाला ने कहा, साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्कता और जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक होना आवश्यक है। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष बीना शरण, सचिव अर्पणा मिश्रा, शशि प्रभा सिन्हा और अनुराधा सिन्हा भी उपस्थित रहीं।



### शराब पीकर पत्नी से मारपीट, पुलिस ने भेजा जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने शराब के नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करने को लेकर एक युवक को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान पुरानी बाजार निवासी शंकर जायसवाल के रूप में हुई है। वह शराब के नशे में अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा था। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शराबी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित शराब के नशे में अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा था। जिसकी सूचना पुलिस को मिली सूचना के आलोक में उसे गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बीजेपी बाबा साहब के प्रति सदैव रहती है कृतज्ञ: मंगल पांडेय

## भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय, अनुसूचित जनजाति मंत्री जनक चमार, पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह एवं गोरियाकोठी के विधायक देवेश कांत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया.कार्यक्रम कु अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी पश्चिम अध्यक्ष राहुल तिवारी ने किया. कार्यक्रम के संयोजक भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सवार्नंद राम द्वारा आए हुए अतिथियों का अंगवस्त्र डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का चित्र और पगड़ी देकर सम्मानित किया गया. स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि यह कार्यक्रम बाबा साहब के लिए समर्पित है .भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब द्वारा बताए हुए कार्यों को करने का संकल्प लेती है. आजादी के समय इस वर्ग की जो स्थिति थी, वह आज भी कमोवेश वैसी ही है.इसके पीछे कांग्रेस द्वारा बाबा साहब के प्रति दोहरी नीति का दुष्परिणाम है. भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के प्रति सदैव कृतज्ञ रहती है और उस समाज का सर्वांगीण विकास कैसे हो उसके लिए योजनाएं लाती है एवं उसको क्रियान्वित करती है. अनुसूचित जनजाति मंत्री जनक राम ने कहा कि बाबा साहब शिक्षा के महत्व को समझा था और उनका यह प्रयास था कि समाज के सभी लोग शिक्षित हो.ताकि अपने अधिकारों को वह समझ सके और बाबा साहब की यह देन थी कि भारत में लोकतंत्र इतना मजबूत हुआ कि केवल राजा का बेटा राजा नहीं होगा.रानी का बेटा राजा नहीं होगा. बल्कि समाज में जो शिक्षित होगा, जो समाज में सक्रिय होगा, जो समाज की भलाई सोचेगा वही राजा होगा.पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान ने कहा कि सभी दलित बंधुओ से आग्रह है कि वह आपस में एकजुट रहे.आज देश के आजाद हुए 75 वर्ष हो गए. फिर भी वह सब प्रकार की सुविधा इस समाज को नहीं मिली. उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि आज भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा जो भी इस वर्ग के भलाई के लिए कार्य किया जा रहे हैं उसको जनता के बीच ले जाएं.ताकि उन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम वर्ग तक पहुंचे.विधायक कर्णजीत सिंह ने कहा कि बाबा साहब के संकल्पों को आगे लेकर हम कार्यकताओं को बढ़ना है. जैसा एक समृद्ध लोकतंत्र बाबा साहब चाहते थे.उनके संकल्पो को लेकर जब हम आगे बढ़ेंगे तो वैसा ही एक समृद्ध लोकतंत्र भारत में स्थापित होगा. विधायक देवेशकांत सिंह ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा किए हुए उन कार्यों को हम लोगों को एक प्रेरणा के रूप में लेनी चाहिए.कार्यक्रम को पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, रणजीत प्रसाद, संजय पाण्डेय, प्रोफेसर अभिमन्यु कुमार सिंह, मुकेश कुमार बंटी,अनुराधा गुप्ता, रघुनाथ राम,प्रोफेसर रामानंदराम, जया पासवान, अजय पासवान, गोविंद बासु, मनोज राम, मनोज पासवान, विद्यासागर बैठा,राजनाथ राम, प्रेम माझी, ललन चौधरी, पासी राजकुमार बांसफोर, धनंजय सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सेम्पी गुप्ता, नगर परिषद उपाध्यक्ष किरण गुप्ता, संतोष राउत, सुरेंद्र पासवान,देवेंद्र गुप्ता इत्यादि लोगों ने संबोधित किया.

# विधायक श्रीकांत यादव ने अग्निपीड़ित परिवारों से की मुलाकात, दी आर्थिक सहायता



**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधानसभा क्षेत्र के लहलादपुर प्रखंड के हरपुर कोठी गांव में पांच अग्नि पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने एकमा विधायक श्रीकांत यादव अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना व दुःख साझा किया। विधायक ने अपनी ओर से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस मौके पर विधायक श्री यादव ने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर राहत एवं पुनर्वास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि हर संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा रहना उनका संकल्प है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि प्रभावित परिवारों को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति व साहस मिले। साथ ही कहा कि संकट की इस घड़ी में किसी भी जरूरतमंद को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। इस मौके पर राजद नेता अवधेश यादव, सुभाष यादव, जितेंद्र यादव, अहमद अली, कन्हैया यादव, जगमोहन प्रसाद, अजीत प्रसाद, रामाशीष यादव, मदन राय, दशरथ यादव, देवनाथ यादव आदि अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

# निगम क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की होगी तत्काल मरम्मति : गरिमा

## निगम बोर्ड की सामान्य बैठक संपन्न



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निगम क्षेत्र की खस्ता हाल मुख्य सड़कों की तत्काल मरम्मति का आदेश महापौर ने दिया है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में मंगलवार को सामान्य बैठक में दर्जनभर प्रस्तावों पर स्वीकृति की मुहर लगाई गई।

महापौर ने बताया कि निगम क्षेत्र में राहगीरों की सुविधा के लिए सार्वजनिक सड़कों के किनारे सुविधाजनक स्थानों पर आरामदायक बैंचों का निर्माण को बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की है। इसमें मीना बाजार, छोटा रमना मार्केट और जंगी मस्जिद रोड में जगह जगह सार्वजनिक प्याऊ और शौचालय निर्माण के साथ वहां स्थित कुओं के जीर्णोद्धार कराने की योजना भी शामिल है। वही दशकों से जर्जर पड़े मीना बाजार के मछली शेड की मरम्मती और जीर्णोद्धार संबंधी उनका प्रस्ताव पारित किए जाने की महापौर ने जानकारी दी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके अलावा कावेरी होटल रोड और ट्रैफिक चौक के समीप सार्वजनिक प्रसाधन और मूत्रालयों का निर्माण कराया जाएगा। महापौर ने बताया कि इसके साथ ही मीना बाजार और छोटा रमना मार्केट के कुओं की सफाई और उड़ाही कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। नगर निगम बोर्ड की बैठक में आय व्यय की बोर्ड द्वारा की गई समीक्षा महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि साफ सफाई व्यवस्था में उत्तरोत्तर सुधार के बावजूद निगम के वाहनों के ईंधन के माहवार खर्च में औसतन दस लाख की कमी आई है। महापौर ने बताया कुशल प्रबंधन के साथ समीपवर्ती नये पेट्रोलपम्पो से निगरानी कराते हुए डीजल लेने के कारण खर्च में भारी कमी दर्ज की जा रही है। नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महापौर के आदेश पर साफ सफाई की निगरानी बढ़ा दी गई है। खर्च का प्रबंधन भी उनकी व्यक्तिगत निगरानी में होने से उत्तरोत्तर सुधार होता जा रहा है। बैठक के अंत में कश्मीर घाटी के आतंकी हमले में शहीद पर्यटकों को मौन श्रद्धांजलि दी गई। बैठक की चर्चा में समस्त पार्षदगण, अधिकारीगण व कर्मचारीगण आदि ने भाग लिया।

# क्षेत्र में लगातार पहुंच रहे हैं बंगाली, प्रशासन मौन






**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश के विभिन्न राज्यों में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें प्रशासनिक अभिरक्षण में रखा जा रहा है तथा उनकी अबैधता पर करवाई हो रही है वही बंगाल से आने वाले बंगालियों की संख्या बढ़ने लगी है जिस पर क्षेत्रीय प्रशासन का नजर नही पड़ रहा है। पिछले चार दिनों में करीब 200 बंगालियों को गुठनी चौराहा पर देखा गया जो बंगाल से बस द्वारा पहुचे थे। ये लोग उत्तर प्रदेश के भिन्न भिन्न शहरों में चले गये। पिछले गुरुवार को दो बसो में भरकर करीब 120 बंगाली गुठनी चौराहा पहुचें और चाय नाश्ता करने के पश्चात यूपी के लार चले गये। उनलोगों से बातचीत कर आधारकार्ड या पहचाना पत्र मांगा गया तो एक ने भी नही दिखाया। उनलोगों ने बताया हमलोग बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद से आ रहे है यूपी के लार में रहकर फेरी का धंधा करते है। बस पर उनलोगों ने काफी सामान और साइकिले भी रखी थी। ये लोग बंगाली है या बांग्लादेशी कहना मुश्किल है क्योंकि इनकी पहचान करना पुलिस द्वारा ही संभव है आम लोगों को तो ये लोग अपना पहचान पत्र दिखाते नही। गुरुवार के बाद शुक्रवार को सिलीगुड़ी से यूपी जाने वाली बस से पच्चास से अधिक मुस्लिम लड़के उतरे और चाय नाश्ता कर यूपी से आई एक सवारी गाड़ी से यूपी के बलिया जिला चले गये। इन लड़को की उम्र 10 वर्ष से 16 वर्ष के बीच थी और इनको ले जाने वाले चार पांच नौजवान लड़के थे जिनका उम्र 25 से 30 के आसपास था। इनलोगों से पूछने पर बताया कि हमलोग बलिया जिला के बैरी गांव अवस्थित मदरसा में पढ़ने के लिये जा रहे है। उनलोगों को ले जा रहे युवकों ने बताया हमलोग पहली बार थोड़ी जा रहे है हमेशा बच्चों को वहां पढ़ने के लिए शिफ्ट करते है। अभी हमलोग बिहार के अररिया मदरसा से आ रहे है वहां बच्चे ज्यादा है तो बलिया भेजा गया है। गुठनी चौराहा होकर इन बंगालियों का यूपी जाना चर्चा का विषय है। गुठनी क्षेत्र में काफी संख्या में फेरी का धंधा करने वाले इन कथित बंगालियों को देखा जा सकता है इनके अलावा यूपी के कानपुर,अलीगढ़ आदि क्षेत्र से भी मुस्लिम युवक यहां आकर छोटे छोटे धंधा कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन को चाहिये कि इनकी पहचान कर इनपर नजर रखे तथा उचित पहचान पत्र साथ रखने का निर्देश दे।

# भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने जेपीयू के परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार मिश्र से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते हुए स्नातक सत्र 2021-24 एवं 2022-25 के तृतीय खंड के छात्रों के परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि विस्तारित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कई छात्र-छात्राओं के परिणाम विभिन्न कारणों से लंबित हैं तथा कई छात्रों को अब तक अंक पत्र कॉलेज से प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में न तो वे अपने परीक्षा परिणाम जान पा रहे हैं और न ही पोस्ट ग्रेजुएशन में नामांकन के लिए आवेदन कर पा रहे हैं। संगठन के संरक्षक प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि कई छात्रों को त्रुटिपूर्ण अंक पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनका शीघ्र सुधार कर कॉलेजों में भेजा जाना चाहिए। सह सचिव सुमित कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन से परीक्षा परिणामों की स्थिति सुधारने की मांग की। सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए परीक्षा नियंत्रक प्रो. मिश्र ने कहा कि जिन छात्रों के परिणाम पेंडिंग हैं, उनके लिए विश्वविद्यालय जल्द ही स्पेशल एग्जाम कराएगा।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस नेता नरेंद्र प्रताप मिश्र के नेतृत्व में एकमा बाजार में निकला कैंडल मार्च



**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ सोमवार की शाम एकमा बाजार में कांग्रेस नेता नरेंद्र प्रताप मिश्र के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने व आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश प्रकट करने के लिए भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोग सड़कों पर उतरे। कैंडल मार्च एकमा बाजार के ब्लॉक रोड स्थित प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर पंचायत एकमा बाजार की विभिन्न सड़कों से होते हुए हंसराजपुर रोड स्थित पूर्व मंत्री व समाजवादी नेता स्व. रामबहादुर सिंह के स्मारक स्थल पर जाकर संपन्न हुआ। इस मार्च के दौरान 'पाकिस्तान मुदार्बाद', 'आतंकवाद खत्म करो' जैसे नारे गूंजते रहे। मोमबत्तियों की रौशनी में शामिल लोगों की आंखें हमले में शहीद लोगों के प्रति सम्मान से नम थीं।

**आतंकवाद के खिलाफ अब आर-पार की जरूरत: नरेंद्र प्रताप मिश्र**

उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग की। कैंडल मार्च में कांग्रेस के एकमा प्रखंड अध्यक्ष अमावस मांझी, मांझी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र महतो, प्रो. अवध बिहारी मिश्र, प्रशांत पांडेय, मोलाजिम मियां, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दीपक राज, बोधा यादव, राजेश यादव, सिकंदर अंसारी, अजय गिरि आदि अन्य लोग शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देश के आलोक में 2 मई 2025 से ई वी एम एवं वी वी पैट की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य प्रारंभ किया जाना है। इसी निर्देश के आलोक में आज दिनांक 29 अप्रैल 2025 को भैंसा खाल अवस्थित वी वी पै ट एवं ई वी एम वेयरहाउस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, सिवान के द्वारा ई वी एम की एफ एल सी(प्रथम स्तरीय जांच) करने हेतु की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया गया।ई वी एम का एफ एल सी 02 मई 2025 से प्रतिदिन पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 7:00 बजे तक किया जाएगा। जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा निरीक्षण के क्रम में महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान को दिया गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में एफ एल सी की संपूर्ण प्रक्रिया पूरे पारदर्शी तरीके से करवाने का निर्देश दिया।

# विधायक ने दिया जांच का आश्वासन



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के साठी से भसुरारी जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य मे अनियमितता को लेकर बेलवा बाजार एवं बैतापुर गांव के दर्जनाधिक ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने संवेदक पर मनमानी तरीके से सड़क का निर्माण कराने का आरोप लगाया है। वही ग्रामीणों के सूचना पर विधायक रश्मि वर्मा ने पहुंचकर निर्माण कार्य की जानकारी ली और ग्रामीणों को शांत करवाते हुए निर्माण कार्य के गुणवत्ता जांच कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने ग्रामीणों को शांत कराते हुए निर्माण से संबंधित अधिकारियों से बात की और कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य हर हाल मानक के अनुसार होना चाहिए। स्थानीय ग्रामीण शुशील कुशवाहा उर्फ टाईगर कुशवाहा, अंजार आलम, सजाद आलम,केदार कुशवाहा, झुन्ना कुमार, महमूद शेख, बिकाऊ, क्रांति भाई, वीरेंद्र साह, रमेश कुशवाहा, उमेश शर्मा,समीर आलम, दाऊद शेख, रहमत अली, हशमत अली, पारस कुशवाहा, नासिर आलम, मुकेश कुमार, सोनू कुमार, तनवीर आलम, शमशेर आलम, ओमप्रकाश, एकबाल शेख, शेख मुन्ना आदि ने कहा कि साठी भसुरारी सड़क 2017 के बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गई थी। वर्षो बाद इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो संवेदक द्वारा मानक के विपरीत कार्य कराया जा रहा है। इतना हीं नहीं इसमें प्रयुक्त सामग्री भी मानक के अनुरूप नहीं है। यहां तक कि निर्माण स्थल पर कोई योजना की बोर्ड भी नहीं है। आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच कराने और गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण कराने की मांग की। इधर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में गड़बड़ी की सूचना मिली है। निर्माण एजेंसी के संवेदक को कड़ा निर्देश दिया गया है। इसकी जांच कराई जाएगी जांच कर जो गड़बड़ी होगी, उसे दुरूस्त कराया जाएगा।

# विधायक ने किया 43 लाख की लागत से बने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन

## महाराजगंज को जिला बनवाने का दिया आश्वासन



**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री महाराजगंज के विधायक कांग्रेसी नेता विजय शंकर दुबे ने महाराजगंज के विभिन्न गांव टोलों में लगभग 43 लाख रुपए की राशि से निर्मित सड़क व भवन का उद्घाटन किया. सर्वप्रथम विधायक ने महाराजगंज नगर पंचायत के जगदीशपुर गांव में 10 लाख की लागत से चबूतरा व नौ लाख की लागत से पीसीसी सड़क का उद्घाटन के साथ वहां की जनता को लोकार्पण किया , वही महाराजगंज शहर के एक मदरसे में 11 लाख की लागत से निर्मित एक भवन का उद्घाटन के बाद लोकार्पण बच्चों के पढ़ाई के लिए स्कूल प्रबंधन को किया .इसी क्रम में श्री दुबे ने महाराजगंज प्रखंड के धोबावलिया गांव में महाराजगंज-अफराद और महुआरी-रिसौरा को धोबावलिया बाजार से जोड़ने वाली सड़क सड़क का भी उद्घाटन किया . जिसके निर्माण में लगभग 14लाख रुपए की राशि की लागत आई है। सभी स्थानों पर विधायक का गाजे बजे के साथ फूला-माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया .धोबवलिया एकेएस ईंट उद्योग के प्रांगण में एक महती सभा को संबोधित करते हुए विधायक श्री दुबे ने कहा महाराजगन विधान सभा क्षेत्र का कोई गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा, सड़क, बिजली,पानी,आवास ,स्कूल,स्वास्थ्य आदि से संबंधित कोई मामला हो उसे सुन का समस्या निदान के लिए मैं खुद क्षेत्र भ्रमण कर रहा हूं . विधायक ने धोबावलिया में निर्मित सड़क का शेष भाग को लगातार निर्माण कर कर बाजार के सड़क से जोड़ने का भरपूर भरोसा जनता को आश्वासन दिया. सभा में सिवान जिला के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजाराम सिंह, महाराजगंज प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, कांग्रेस नेता जग्गा सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक भृगुनाथ सिंह, जिगरवां के पूर्व मुखिया परमात्मा प्रसाद, पूर्व बीडीसी केदार मांझी, परस प्रसाद,हरिराम पीड़ित, नेवलाल सिंह, सोनू कुमार (वार्ड सदस्य प्रतिनिधि) आदि ने भी उपस्थित जनता को संबोधित किया. सभा में हजारों की संख्या में आम जनता उपस्थित थी.

# छपरा जंक्शन से युवक लापता, परिजन परेशान

**लहलादपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता बाजार थाना क्षेत्र के दंदासपुर गांव निवासी एक युवक के छपरा जंक्शन से लापता हो जाने का मामला सामने आया है। लापता युवक की पहचान विजय शर्मा के 20 वर्षीय पुत्र जुगनु शर्मा के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार जुगनु 25 अप्रैल की संध्या छह बजे आरक्षित टेम्पू से अपनी विवाहित बहन को ट्रेन पकड़वाने छपरा जंक्शन गया था। उसने अपनी बहन को दरभंगा-पुणे एक्सप्रेस पर रात्रि 10.45 बजे बैठा दिया, मगर उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। युवक का मोबाइल भी तब से स्विच ऑफ बता रहा है। युवक के पिता विजय शर्मा ने बताया कि उन्होंने छपरा जंक्शन स्थित जीआरपी थाना में इसकी लिखित शिकायत की है, मगर वहां के पुलिस पदाधिकारी अब तक केवल सीसीटीवी फुटेज खंगालने का आश्वासन देते आ रहे हैं।

# विकास के दौड़ में काफी पिछड़ गया गोरेयाकोठी : डॉ एहतेशाम

## युवा पढ़ाई, दवाई, और कमाई के लिए पलायन पर मजबूर



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे सुबह में चलाए जा रहे जन आक्रोश चौपाल की कड़ी में गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के बसंतपुर प्रखंड के बसाव पंचायत में मुख्य आयोजक बिहार प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर ख्वाजा एहतेशाम अहमद के देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार ने किया. जिला अध्यक्ष सुशील कुमार यादव ने कहा कि आज प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से अवसर शाही का शिकार हो चुका है.जनता को रोजाना कार्यालय में अपमानित होना पड़ता है. बगैर रिश्वत और घूसखोरी के कोई भी काम नहीं हो रहा है. प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने कहा कि गोरेयाकोठी क्षेत्र विकास की दौड़ ने पिछड़ा हुआ क्षेत्र जैसा दिखाई देता है.यहां पर सरकार द्वारा और मौजूदा विधायक द्वारा अपेक्षित कार्य नहीं होने के कारण जनता के बीच में आक्रोश व्याप्त है. सड़कों की जर्जर स्थिति से एक जगह से दूसरी जगह जाना कठिनाइयां भरा हो जाता है. बरसात में सड़के तो चलने के काबिल भी नहीं रह जाती हैं.पूरे बिहार में लगभग यही स्थिति है जनता एनडीए के शासन से ऊब चुकी है. डॉ अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बिहार को एक औद्योगिक राज्य बनाने का कार्य किया.चीनी उत्पादन के मामले में बिहार 1990 तक पूरे भारत में दूसरे स्थान पर आता था. परंतु अफसोस इस बात का है कि पिछले 20 साल की नीतीश सरकार की हुकूमत में बिहार के युवाओं के भविष्य के बारे में कभी नहीं सोचा. रोजगार देने के मामले में बिहार पूरे देश में सबसे निचले स्थान पर पाया जाता है और इसी कारण से बिहार के युवा नौकरी और रोजगार के लिए पलायन करते हैं. कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ विधुशेखर पांडे, इंदु देवी, बृजेश सिंह, मोहम्मद कैफ,सैयद रिजवानअहमद, बाबू अली, सुभाष पंडित, के अलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

# सड़क दुर्घटनाओं में किशोर समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद/गोह।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में किशोर समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर उपहारा थाना क्षेत्र के शेखपुरा मोड़ के समीप कार की चपेट में आने से एक किशोर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के तेयाप गांव निवासी भरत वर्मा के 15 वर्षीय पुत्र चंद्रकांत कुमार व घायल किशोर मनोज वर्मा के 14 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। घायल किशोर को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष गिरिधर उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु औरंगाबाद भेज घटना की छानबीन की जा रही है। वहीं मौके से कार को जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। फिलहाल परिजनों द्वारा लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। वहीं दाउदनगर-गया रोड में भखरुआ मोड़ चौक के पास नतिनी की शादी के लिए शॉपिंग करने गए दंपति को तेज रफ्तार हाइवा ने कुचल दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि उसके पति बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब दंपति स्कूटी से उतरकर बाजार में सड़क पार कर रहे थे। हादसे की सूचना के बाद पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मौके पर खड़ी हाइवा को जब्त कर फरार ड्राइवर की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतका अपने गांव तिलकपुरा से पति सिद्धनाथ सिंह के साथ स्कूटी पर सवार होकर शॉपिंग करने दाउदनगर बाजार गई थी। एक और स्कूटी खड़ा कर दूसरी ओर जाने के लिए सड़क पार करने के क्रम में वो अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आ गई, जिसके कारण पति के सामने ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बीडीओ जफर इमाम, एसआई ब्रजेश कुमार, एसआई मदन कुमार, पीएसआई अभिषेक कुमार, आदित्य कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इसी प्रकार औरंगाबाद शहर के ओवरब्रिज बाईपास के समीप सोमवार की देर रात शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतका की पहचान अरवल के पारसी थाना क्षेत्र अंतर्गत तवकला गांव निवासी स्वर्गीय सुनील कुमार की पत्नी मीना देवी के रूप में की गई है। सदर अस्पताल पहुंचे मृतका के दूर के रिश्तेदार मनीष ने बताया कि मृतक महिला अपने किसी रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने अंबा के सतबहिनी मंदिर गई थी। वहां एक मैरिज हॉल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के बाद रिश्तेदार के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी तभी हादसे में उसकी मौत हो गयी।

# लेवी मांगने वाला नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नक्सल कांड में फरार एक आरोपित को एसएसबी की 29वीं बटालियन ने काला पहाड़ एवं नबीनगर पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तार किया है। उमेश राम नामक इस नक्सली की पहचान झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत देउरी गांव से गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, 7 मार्च 2025 को नबीनगर थाना क्षेत्र में नहर निर्माण का कार्य चल रहा था। निर्माण कार्य के संवेदक से क़रीब 8-10 हथियारबंद नक्सलियों के द्वारा लेवी की मांग गई थी। मामले में संवेदक द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पूर्व में 8 नक्सलियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। इनके पास से 6 हथियार एवं 18 जिंदा कारतूस बरामद किया गया था। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि नक्सल कांडों में फरार एक नक्सली को आज टंडवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। इसका अपराधिक इतिहास है। इसके विरुद्ध झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद थाना में दो अलग-अलग आपराधिक कांड दर्ज है। उन्होंने कहा कि नहर निर्माण कार्य कर रही संवेदक से लेवी मांगने के आरोप में आठ नक्सलियों को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उमेश को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि इस नक्सली गिरोह के सभी सदस्यों की गिरफ्तारी एवं हथियार की बरामदगी से निश्चित ही पूरे क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों में कमी आएगी।

# इमरजेंसी वार्ड में सर्जिकल ब्लेड चोरी करते महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एक महिला को सर्जिकल ब्लेड चोरी करते हुए महिला कर्मचारी ने पकड़ लिया। चोरी की आरोपी महिला को पकड़े जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई और फिर उसे नगर थाना की पुलिस को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में महिला चोरी की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान उसे रंगेहाथों पकड़ लिया गया। चोरी की आरोपी महिला शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को इमरजेंसी वार्ड में मरीज इलाज के लिए लाइन में खड़े थे। सुरक्षाकर्मी मरीजों को बारी-बारी से डॉक्टर के पास भेज रहे थे। इसी दौरान नकाब पहने एक महिला भीड़ में घुस गई। उसने एक महिला से पर्ची ऑनलाइन काटने को कहा। महिला को शक हुआ, क्योंकि पर्ची एनसीडी के पास कटती है, फिर वह इमरजेंसी वार्ड में कैसे पहुंची? महिला ने गौर किया तो चोर के हाथ में ब्लेड दिखा। उसने शोर मचाया। आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी पहुंचे और महिला चोर को पकड़ लिया। उसे अस्पताल प्रबंधक कक्ष में ले जाया गया। वहां पूछताछ के बाद नगर थाना को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हिरासत में लेकर थाना ले गई। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला चोर को पकड़ा गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल प्रबंधक ब्रजेश कुमार ने कहा कि ऐसे चोरों से सतर्क रहने की जरूरत है। मरीजों को अपनी सुरक्षा खुद करनी चाहिए।

# हत्या मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** टंडवा थाना की पुलिस द्वारा हत्याकांड के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मनोहारी गांव निवासी श्रवण कुमार एवं आकाश कुमार शामिल हैं। इनके पास से घटना में प्रयुक्त खंती रॉड, हथौड़ा सहित अन्य समान बरामद किया गया है। बताया जाता है कि 4 टंडवा थाना क्षेत्र के आम मनोहरी में एक व्यक्ति नरेंद्र प्रसाद की हत्या कर सुनसान रास्ते पर शव रख दिया गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त किया था। इसके बाद 5 अप्रैलको प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप थाना क्षेत्र के पिछुलिया से श्रवण पासवान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के आधार पर श्रवण ने बताया कि इस कांड में आकाश कुमार की संलिप्ता हैं जिसे मनोहरी से गिरफ्तार किया गया। श्रवण ने बताया किया कि मृतक नरेंद्र प्रसाद हमारा पड़ोसी था जो काफी दिनों से हमारी बेटी को परेशान कर रहा था, वह जब भी ससुराल से मायका आती थी तो वह अभद्र व्यवहार व टिप्पणी करता था। इसी क्रम में पता चला कि इसका जमीनी विवाद गांव के ही आकाश कुमार से है। इसी क्रम में दोनों ने हत्या की योजना बनाया। श्रवण ने बताया कि नरेंद्र हरिहरगंज काम करने जाता था और साइकिल से वापस लौट रहा था। लोकेशन की जानकारी उसके दामाद से मिली। तत्पश्चात सुनसान रास्ते में आकाश के साथ घात लगाकर नरेंद्र के उपर रॉड एवं हथौडा से हमला कर दिया जिसमें उसकी मौत हो गई। आज पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मृतक नरेंद्र हरिहरगंज के एक मील पर काम करता था, जहां से वापस घर लौटने के दौरान अपराधकर्मियों ने उसकी निर्मम हत्या कर थी। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। वहीं आज मामले में इन दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार छापेमारी जारी है और जल्द ही सभी की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## मजदूर दिवस पर होगा कार्यक्रम का आयोजन जीतन राम मांझी होंगे मुख्य अतिथि



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) मजदूर सेल द्वारा 1 मई को मजदूर दिवस पर नगर भवन में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा लेबर सेल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह कार्यक्रम के संयोजक रामजी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसकी सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री व हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मंत्री सह हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन हैं। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित भाग लेंगे।

## हत्यारा पिता गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कुटुंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के सैदपुर नौघड़ा गांव में छापेमारी कर नेसार अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह के निर्देश पर दारोगा प्रशांत त्रिवेदी ने सोमवार की रात में की है। उन्होंने बताया कि वह अपने पुत्र शमशाद अंसारी 30 वर्ष की हत्या में संलिप्त था। बेटे की हत्या करने में उसकी संलिप्तता है। युवक की शादी नहीं हुई थी। युवक घर वालों पर अपनी शादी कराने का दबाव बनाता था। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने में नेसार के साथ उसकी पत्नी तथा उसके अन्य दो बेटे भी शामिल थे। आश्चर्य की बात तो यह थी कि हत्यारे पिता ने थाने में खुद से आवेदन देकर बेटे द्वारा आत्महत्या करने की बात पुलिस को बतायी थी। घटना एक वर्ष पहले की बतायी जा रही है। उक्त मामले में पुलिस कांड संख्या 90/24 दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने जब जुटी, तो उसके घर के माहौल व परिजनो की गतिविधि देखकर पुलिस को कुछ शक हुआ।




बिहार सरकार

**अपील**

बाल श्रम उन्मूलन दिवस प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जाता है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम लेना एक दण्डनीय अपराध है। राज्य सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में अधिनियम के सख्त प्रवर्त्तन के साथ–साथ कई अन्य प्रयास भी किये जा रहे हैं एवं इन प्रयासों के सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

राज्य सरकार बिहार राज्य को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध है एवं इस उद्देश्य की पूर्त्ति हेतु समाज के सभी लोगों की सहभागिता अपेक्षित है। बच्चों के नैसर्गिक विकास के लिए उन्हें सभी क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है।

इस अवसर पर राज्य के नागरिकों से अपील है कि बच्चों से काम नहीं लेने का संकल्प लें।

30 अप्रैल को बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर राज्य के सभी नागरिकों से आशा है कि वे बाल श्रम को किसी भी स्वरूप में स्वीकार नहीं करेंगे। राज्य के नागरिक बच्चों की शिक्षा एवं उनके जीवन स्तर को सुधारने हेतु सहयोग करेंगे।

(सम्राट चौधरी)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR- 002271 (Labour)D. 2025-26

बिहार सरकार

**अपील**

बाल श्रम सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम लेना कानूनन एक दण्डनीय अपराध है। प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को बाल श्रम उन्मूलन दिवस के रूप में घोषित किया गया है, ताकि बाल श्रम उन्मूलन के प्रति समाज को जागरूक किया जा सके एवं बाल श्रम के उन्मूलन के लिए प्रचार–प्रसार हो सके।

राज्य सरकार बाल श्रम उन्मूलन के लिए कृत संकल्प है एवं इसी परिप्रेक्ष्य में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी नियोजन में कार्य करने से रोकने के लिए श्रम अधीक्षक के नेतृत्व में सभी जिलों में धावा–दल का गठन किया गया है। विमुक्ति के पश्चात् राज्य कार्य योजना के तहत् सभी विभागों द्वारा आपसी सामंजस्य से बाल श्रमिकों के पुनर्वास हेतु भी प्रावधान किये गये हैं।

आज दिनांक 30 अप्रैल को बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर राज्य के सभी नागरिकों से अपील है कि वे 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम नहीं लेने एवं उन्हें विद्यालय भेजने तथा पढ़ने–लिखने हेतु प्रोत्साहित करने का संकल्प लें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी भरपूर सहयोग देकर बाल श्रम उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान करेंगे।

(संतोष कुमार सिंह)
मंत्री
श्रम संसाधन विभाग, बिहार

PR No.-002273 (LRD)D. 2025-26